शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 124 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 30 मई 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## बीजेडी पर जमकर बरसे पीएम मोदी

### सीएम नवीन पटनायक के स्वास्थ्य पर पीएम मोदी ने उठाए

**मयूरभंज**
**लोकसभा चुनाव** के सातवें और आखिरी चरण के मतदान से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज ओडिशा में चुनाव प्रचार किया। मयूरभंज में एक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी बीजू जनता दल (बीजद) की जमकर आलोचना की। उन्होंने बीजद पर आदिवासियों की जमीन हड़पने और खनिज संपदा लूटने का आरोप लगाया। इस रैली के जरिए उन्होंने ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की तबीयत को लेकर भी सवाल किया। इस रैली में पीएम मोदी ने मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की तबीयत पर जमकर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा, "आजकल नवीन पटनायक के सभी शुभचिंतक बहुत चिंता में हैं। वो ये देखकर बहुत परेशान हैं कि पिछले एक साल में नवीन बाबू की तबीयत इतनी कैसे बिगड़ गई। वर्षों से नवीन पटनायक के करीबी लोग जब मुझसे मिलते हैं, तो वो उनकी तबियत की चर्चा जरूर करते हैं। वो बताते हैं कि नवीन बाबू अब खुद से कुछ कर नहीं पा रहे हैं। अरसे तक उनके करीबी रहे लोगों का मानना है कि उनकी तबीयत बिगड़ने के पीछे कोई साजिश भी हो सकती है।" प्रधानमंत्री ने नवीन पटनायक के तबीयत को लेकर सवाल उठाया। उन्होंने कहा, "नवीन बाबू की तबीयत खराब होने के पीछे कोई षड्यंत्र है क्या?



ये ओडिशा के लोगों को जानने का अधिकार है। कहीं इसमें उस लॉबी का तो हाथ नहीं है न जो नवीन पटनायक के नाम पर पर्दे के पीछे ओडिशा में सत्ता भोग रहे हैं। इस रहस्य से पर्दा उठना जरूरी है।" उन्होंने आगे कहा कि 10 जून के बाद ओडिशा में भाजपा सरकार बनने के बाद हमारी सरकार एक स्पेशल कमेटी का गठन करेगी और ये जांच करेगी कि अचानक नवीन बाबू की तबियत क्यों गिरती जा रही है। बता दें कि पीएम मोदी की यह टिप्पणी असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा के उस आरोप के बाद आई, जहां उन्होंने कहा था कि बीजद नेता वीके पांडियन ओडिशा के सीएम के गतिविधियों को नियंत्रित कर रहे हैं।

**बीजद पर जमकर साधा निशाना**
रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी बीजद को घेरा। उन्होंने कहा, "बीजद पर आपने 25 साल भरोसा किया, लेकिन बीजद ने हर कदम पर आपके भरोसे को तोड़ा है। यही बीजद सरकार आदिवासी बंधुओं की जमीन हड़पने के लिए कानून लेकर आई थी। भाजपा के दबाव में उसे वो कानून वापस लेना पड़ा। अब इस बार अगर इन्हें मौका मिला, तो ये आदिवासियों की जमीन हड़पने का अवसर छोड़ेंगे नहीं।" प्रधानमंत्री ने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा, "बीजद ने आपकी खनिज संपदा को भी लुटा है। मोदी ने डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड बनाकर हजारों करोड़ रुपये ओडिशा को दिए। बीजद में इसमें भी घोटाला कर दिया। लोग कह रहे हैं कि ओडिशा का लुटा हुआ पैसा विदेशों तक जा रहा है। लूट का माल ये कहीं भी छिपा लें, मोदी पाई-पाई निकालेगा। ये मोदी की गारंटी है कि जिसने जनता को लूटा है, उसे लौटाना ही पड़ेगा।

## दिल्ली में पानी की बर्बादी पर लगेगा दो हजार रुपये जुर्माना

**नई दिल्ली**
राजधानी दिल्ली में भीषण गर्मी के बीच अब पानी की भी किल्लत हो गई है। इसे देखते हुए दिल्ली सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। पानी की बर्बादी पर अब जुर्माना लगेगा। इसके लिए जल मंत्री आतिशी ने बुधावार को निर्देश जारी किया है। आतिशी ने जल बोर्ड को कल यानी गुरुवार से 200 टीमें तैनात करने के निर्देश दिए हैं। जो लोग पानी की बबार्दी करते पकड़े जाएंगे, उन पर ये टीमें 2000 रुपये का जुर्माना लगाएंगी। इस भीषण गर्मी में लोग पानी की बबार्दी न करें और जरूरत से अधिक पानी इस्तेमाल न हो, इसलिए दिल्ली सरकार ने यह कदम उठाया गया है।

## गहलोत की सेहत बिगड़ी, अचानक सारे कार्यक्रम रद्द कर पहुंचे जयपुर

**जयपुर**
पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत स्लिप डिस्क से पीड़ित हो गए है। इस समस्या के कारण बुधवार को उन्होंने चंडीगढ़ में प्रेसवार्ता और गढ़शंकर में प्रस्तावित रैली का कार्यक्रम स्थगित कर दिया है। वे जयपुर लौट आए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत ने खुद सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट कर अपने स्वास्थ्य की जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि आज मेरी चंडीगढ़ में प्रेस वार्ता एवं गढ़शंकर में कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में पब्लिक रैली प्रस्तावित थीं।

## देश अब विश्व की तीसरे नंबर की बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर : जेपी नड्डा

**देवघर (झारखंड)**
भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को झारखंड के देवघर सारठ के पालाजोरी के खागा बड़जोरी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के समीप स्थित मैदान में दुमका लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी सीता सोरने के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था अब विश्व की तीसरे नंबर की बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। नड्डा ने कहा कि ये पीएम मोदी की दूरदर्शी सोच नतीजा है कि देश की अर्थव्यवस्था विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाली है। ये ऐसे समय में हो रहा है जब दुनिया के बड़े देशों की अर्थव्यवस्था की हालत खराब है। रूस, अमेरिका, चीन और जापान की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए वहां की सरकारों को सोचना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि ये मोदी का बदलता भारत है। साथ ही कहा कि आप सीता सोरेन को समर्थन दीजिये। इससे मोदी की स्थिति और मजबूत होगी। बदलाव को गति मिलेगी। नड्डा ने इंडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए इसके नेताओं को भ्रष्टाचारी बताया। उन्होंने कहा कि झारखंड में बालू माफिया, लैंड जिहाद और लव जिहाद को राज्य सरकार का संरक्षण प्राप्त है। इंडी गठबंधन वालों को आपसे कोई लेना देना-नहीं है। ये सब भ्रष्टाचारी हैं।

## ममता के इलाके में नड्डा ने किया रोड शो

**कोलकाता**
भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार शाम दक्षिण कोलकाता इलाके में रोड शो किया। यहां से भाजपा उम्मीदवार देवश्री चौधरी के समर्थन में उन्होंने हाजरा मोड़ के पास आशुतोष कॉलेज से श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पैतृक आवास तक रोड शो किया। यह बहुत ही छोटी दूरी थी, जिसकी वजह से उन्हें बहुत अधिक समय नहीं मिला। नड्डा के इस रोड शो में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सड़कों के दोनों ओर भी लोग उन्हें देखने के लिए छतों पर मौजूद थे। कोलकाता पुलिस ने सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था की थी।

## पीएम मोदी रॉक मेमोरियल में ध्यान करेंगे



### विवेकानंद रॉक मेमोरियल में 45 घंटे बिताएंगे पीएम मोदी

### 2 हजार पुलिसकर्मी से लेकर सुरक्षा एजेंसी रखेगी कड़ी निगरानी

**कन्याकुमारी**
पांच साल पहले 2019 के लोकसभा चुनाव प्रचार के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केदारनाथ गुफा में ध्यान करने गए थे। अब 2024 के चुनावी मौसम के आखिरी चरण यानी सातवें चरण के बीच पीएम मोदी रॉक मेमोरियल में ध्यान करेंगे। यह रॉक मेमोरियल स्वामी विवेकानंद को श्रद्धांजलि स्वरूप बनाया गया स्मारक है। गुरुवार यानी 30 जून को पीएम मोदी यहां 45 घंटे तक ध्यान में लीन रहेंगे। इसको देखते हुए भारी सुरक्षा सहित सभी प्रबंध पूरे कर लिए गए हैं।

**2 हजार पुलिसकर्मी और सुरक्षा एजेंसी होगी तैनात**
इस दौरान 2,000 पुलिसकर्मियों और विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों का एक मजबूत दल कड़ी निगरानी रखेगा। दरअसल, भाजपा नेताओं ने बताया कि 30 मई को लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान के समापन के बाद पीएम मोदी यहां आएंगे। पीएम मोदी 30 मई की शाम से 1 जून की शाम तक ध्यान मंडपम में ध्यान करेंगे। मोदी के दौरे से पहले सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। तिरुनेलवेली रेंज के डीआईजी प्रवेश कुमार ने पुलिस अधीक्षक ई सुंदरवथनम के साथ कन्याकुमारी में रॉक मेमोरियल, बोट जेटी, हेलीपैड और राज्य अतिथि गृह में सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। प्रधानमंत्री की मुख्य सुरक्षा टीम के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के साथ ही हेलीपैड पर हेलीकॉप्टर उतारने का ट्रायल भी किया गया। कन्याकुमारी और उसके आसपास करीब 2,000 पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। मोदी आध्यात्मिक प्रवास के लिए 30 मई को दोपहर बाद कन्याकुमारी पहुंचेंगे। इसके बाद वे स्मारक जाएंगे। 1 जून को दोपहर 3 बजे तक उनके विवेकानंद रॉक मेमोरियल में रहने की संभावना है, जब देश में चल रहे लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए मतदान होगा।

## पुलिस ने रद्द की शुभेंदु की सभा, नेता प्रतिपक्ष ने कहा : जीतकर यहीं आउंगा

**कोलकाता**
भांगड़ में शुभेंदु अधिकारी की जनसभा को पुलिस ने आखिरी वक्त में रद्द कर दिया। बुधवार को राज्य के विपक्षी नेता को जनसभा करनी थे लेकिन पुलिस ने अनुमति नहीं दी जिसके बाद उन्होंने तीखी नाराजगी जताई है। शुभेंदु अधिकारी ने चुनौती देते हुए कहा है कि पुलिस ममता बनर्जी के गुलाम की तरह काम कर रही है। जीतने के बाद यही आऊंगा और जनसभा करूंगा। शुभेंदु की सभा बुधवार को जादवपुर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत भांगड़ के एक स्कूल मैदान में आयोजित की गई थी।

## दिल्ली में कही रिकॉर्ड तोड़ 52 डिग्री का सितम, कहीं बरसे बादल

**नई दिल्ली**
देश की राजधानी दिल्ली में बुधवार को गर्मी ने अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। उत्तर पश्चिमी दिल्ली के मुंगेशपुर इलाके में आज अधिकतम तापमान 52.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो राजधानी का अब तक का सबसे अधिक तापमान है। यह तापमान एक स्वचालित मौसम स्टेशन पर दर्ज किया गया। इसके अलावा राजधानी के नरेला में पारा 49.9 डिग्री और नजफगढ़ में 49.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। हालांकि आज शाम होते होते मौसम ने करवट ली और राजधानी के कुछ इलाकों में हल्की बारिश हुई। मयूर विहार, इंडिया गेट, दक्षिणी दिल्ली के



कुछ इलाकों के साथ गाजियाबाद और नोएडा में हल्की बारिश हुई। कुछ अन्य इलाकों में भी बूंदाबांदी हुई। इससे तापमान में थोड़ी गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार को भी इसका असर देखा जा सकता है लेकिन गर्मी को देखते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है और सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

दोपहर 3 बजे मुंगेशपुर एडब्ल्यूएस (स्वचालित मौसम स्टेशन) में 52.3 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

## देश का संविधान बदलना चाहती है भाजपा: पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर

**धर्मशाला**
**कांग्रेस के व**रिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर ने कहा कि भाजपा देश के संविधान को बदलना चाहती है। देश का संविधान खतरे में हैं। ऐसा कर भाजपा भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने का प्रयास कर सकती है। यह भाजपा नेताओं की मंशा से लगता है। कांग्रेस नेता शशि थरूर बुधवार को धर्मशाला में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। शशि थरूर ने इलेक्ट्रोल बांड पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि इसमें बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार हुआ है। इससे भाजपा की सच्चाई जनता के



सामने आई है। थरूर ने कहा कि भाजपा चार सौ पार का नारा भी इसीलिए दे रही है कि चार सौ से अधिक सांसद यदि उनके पास होंगे तो उन्हें संविधान में बदलाव करने के लिए किसी को पूछना नहीं पड़ेगा, लेकिन भाजपा की मंशा पूरी होने वाली नहीं है। कांग्रेस नेता ने कहा कि पहले दो तीन चरणों में जिस तरह मतदान हुआ है उससे ही स्पष्ट हो गया है कि भाजपा चार सौ क्या, दो सौ पार भी नहीं जाएगी। उन्होंने कहा कि देश की जनता चाहती है कि उनके मुद्दों को उठाया जाए और उस पर चर्चा हो, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ऐसा करने के बजाए जनता का ध्यान भटकाने का काम करते हैं। थरूर ने कहा कि रोजगार पर काम होना चाहिए था। जिससे देश के युवाओं का भविष्य संवर पाता, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। किसानों की आय बढ़ौतरी का प्रयास होना चाहिए थे, लेकिन दावों से आगे काम नहीं हो पाया।

## एसएंडपी ने भारत की रेटिंग परिदृश्य स्थिर से बढ़ाकर सकारात्मक किया




**नई दिल्ली**
एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग ने भारत के साख (रेटिंग) परिदृश्य को स्थिर से बढ़ाकर सकारात्मक कर दिया है। इसके साथ ही मजबूत वृद्धि और सरकारी व्यय की बेहतर गुणवत्ता के आधार पर रेटिंग को बीबीबी- पर बरकरार रखा है। रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने बुधवार को जारी बयान में बताया कि भारत के लिए परिदृश्य को स्थिर से संशोधित कर सकारात्मक कर दिया गया है। इसके साथ ही एजेंसी ने बीबीबी- दीर्घकालिक और ए-3 अल्पकालिक विदेशी तथा स्थानीय मुद्रा सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग की पुष्टि की है। एजेंसी ने पिछली बार 2010 में रेटिंग परिदृश्य को नकारात्मक से बढ़ाकर स्थिर किया था। एसएंडपी ने कहा कि यदि भारत सतर्क राजकोषीय और मौद्रिक नीति अपनाता है, जिससे सरकार के बढ़े हुए कर्ज तथा ब्याज के बोझ में कमी आती है और आर्थिक जुझारू क्षमता बढ़ती है, तो वह अगले दो साल में भारत की साख को बढ़ा सकती है। एजेंसी ने कहा कि यदि भारत का राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के सात फीसदी से नीचे आ जाता है, तो वह रेटिंग बढ़ा सकती है।

**क्या होता है क्रेडिट रेटिंग और इसका काम**
क्रेडिट रेटिंग एजेंसियां कंपनियों और सरकारों को उनके क्रेडिट जोखिम के आधार पर एएए से डी तक की रेटिंग देती हैं। फिच रेटिंग के लिए रेटिंग उच्चतम निवेश ग्रेड अअअ से लेकर निम्नतम निवेश ग्रेड BBB तक काम करती है, जबकि ऊसबसे कम सट्टा ग्रेड को दर्शाता है। फिच की तरह ही एसएंडपी के लिए भी यही बात लागू होती है। बीबीबी- सबसे निचली निवेश श्रेणी की रेटिंग है। दुनिया की तीन प्रमुख वैश्विक रेटिंग एजेंसियों एसएंडपी, फिच और मूडीज ने भारत को सबसे निम्न निवेश ग्रेड की रेटिंग दी है।

## 26 राफेल मरीन जेट खरीदने की तैयारी

**नई दिल्ली**
**पाकिस्तान** और चीन की नींद उड़ाने के लिए भारतीय नौसोना अपनी ताकत लगातार बढ़ा रही है। 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत से 26 राफेल मरीन जेट खरीदने के लिए भारत और फ्रांस की सरकारों के बीच 30 मई से वार्ता शुरू होगी। इस वार्ता के लिए फ्रांस का उच्चस्तरीय दल भारत आएगा। आइए समझते हैं कि राफेल-एम की क्या ऐसी खासियत है।



**क्या है राफेल एम की खासियत?**
राफेल मरीन फाइटर जेट को समुद्री क्षेत्र में हवाई हमले के लिए खास तौर पर तैयार किया गया है। इस विमान की तैनाती आईएनएस विक्रांत और विक्रमादित्य पर होगी। राफेल एम को एयरक्राफ्ट कैरियर्स पर लैंडिंग के हिसाब से डिजाइन किया गया है। राफेल मरीन का साइज वायुसेना वाले राफेल से छोटा है।
इस विमान के विंग फोल्डेबल है। बता दें कि वायुसेना के मिली राफेल विमान के विंग मुड़ नहीं सकते।इस विमान का भी निर्माण दसॉल्ट एविएशन ने ही किया है। यह सिंगल सीटर फाइटर जेट है। यह विमान समुद्र की गहराई में भी हमला करने में सक्षम है।
इस विमान की लंबाई 15.30 मीटर, चौड़ाई 10.90 मीटर और ऊंचाई 5.30 मीटर है।

## केंद्र में इंडी गठबंधन की सरकार बननी तय : कल्पना सोरेन

**जामताड़ा**
**पूर्व मुख्यमंत्री हे**मंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि इस बार केंद्र में इंडी गठबंधन की सरकार बननी तय है। भाजपा ने जिस तरह तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को षड्यंत्र के तहत जेल भेज दिया उसी तरह जनता भी इस बार इंडी गठबंधन के साथ मिलकर भाजपा को खत्म कर देगी।
कल्पना सोरेन जामताड़ा के वेना मैदान में बुधवार को दुमका लोकसभा सीट से इंडी गठबंधन की प्रत्याशी नलिन सोरेन के पक्ष में जनसभा को संबोधत कर रही थीं। इस दौरान उन्होंने नलिन के लिए वोट भी मांगे।कल्पना ने कहा कि जब शिबू सोरेन ने सिर नहीं झुकाया तो हेमंत सोरेन कैसे सिर झुका देंगे। हेमंत सोरेन के साथ पूरे झारखंड की आवाम है। साढ़े तीन करोड़ जनता उनके साथ है। कल्पना ने कहा कि झारखंड में तीन चरणों का चुनाव हो गया है।

## कांग्रेस ने जो 60 साल में नहीं किया, उसे भाजपा ने 10 साल में कर दिखाया: गडकरी

**ऊना**
**कांग्रेस** पार्टी ने देश में 60 साल राज किया, लेकिन उद्योग व कृषि क्षेत्र में कोई भी सुधार नही हुए। जबकि भाजपा की 10 साल की सरकार ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में अभूतपूर्व बदलाव लाए हैं। जिससे देश लगातार विकास की ओर बढ़ रहा है। ये बात भाजपा के वरिष्ठ नेता व केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के विधानसभा क्षेत्र कुटलैहड़ के गांव टक्का में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान नितिन गडकरी ने जनता से भाजपा के प्रत्याशियों के पक्ष में वोट डालने की अपील की। उन्होंने कहा कि भारत की स्वाधीनता को 75 साल हो गए हैं और इनमें से 60 साल कांग्रेस पार्टी ने इस देश पर राज किया। कांग्रेस ने गरीबी हटाओ का नारा दिया, लेकिन गरीबी दूर नही हुई। उन्होंने




कहा कि देश के विकास के लिए उद्योग व कृषि क्षेत्र सबसे महत्वपूर्ण है। अगर उद्योग जगत को बढ़ावा देना है तो हमारे लिए आवश्यक है कि उसके लिए पानी, बिजली, कम्युनिकेशन साधन और रोड़ चाहिए। इनके बिना उद्योग जगत का विकास संभव नही है। दूसरा कृषि क्षेत्र है, कांग्रेस ने 60 साल देश में राज किया, लेकिन कृषि क्षेत्र में कोई बड़ा सुधार नही आया है। एक समय था जब भारत की 90 प्रतिशत आबादी गांवों में रहती थी, लेकिन अब 60 प्रतिशत आबादी ही गांवों में रहती है। ये 30 प्रतिशत लोग अपने गांव को छोड़कर शहरों में चले गए। गांव में अच्छे रोड़ नही थे, पीने के लिए पानी नही मिल रहा था और किसानों को फसलों के अच्छे दाम नही मिल रहे थे। युवाओं के हाथ में कोई रोजगार नही था और रोजगार की तलाश में लोग गांवों से शहरों की तरफ गए। ये कांग्रेस पार्टी की गलत नीतियों का परिणाम है कि हमारे गांवों से लोग मजबूरी में अपना घर छोड़कर शहरों में जा रहे हैं। इसलिए हमारी सरकार ने ये निर्णय लिया है कि यदि देश का विकास करना है तो उद्योग जगत को बढ़ावा देना होगा। जिसके लिए रोड़ व कम्युनिकेशन के साधनों को विकसित करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि देश के इतिहास में गांवों को सड़कों से जोडने का काम अगर किसी ने किया है तो वह अटल बिहारी वाजपायी थे, जिन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना शुरू की। नितिन गडकरी ने कहा कि हिमाचल में सबसे महत्वपूर्ण पर्यटन क्षेत्र है और पर्यटन क्षेत्र तभी विकसित होगा जब हम अच्छे रोड़ बनाएंगे। उन्होंने कहा कि 10 साल की भाजपा सरकार ने हिमाचल प्रदेश में पुल व रोड़ बनवाने के लिए लाखों-करोड़ों की राशि जारी की है। ऊना जिला में 900 करोड़ का लठियाणी-मंदली पुल बनाया चुनाव खत्म होते ही इसका कार्य शुरू हो जाएगा। हिमाचल प्रदेश में 16 हजार करोड़ की केवल कार बन रही है। बिजली महादेव की रोप-वे को मंजूरी दे दी है। पहाड़ी क्षेत्रों में ड्रोन से सेब व दवाईयां पहुंचाने पर कार्य चल रहा है। हिमाचल में टूरिज्म बढ़े ये हमारी कोशिश है।

# मेजा में आयी तेज आंधी - तूफान, हाईटेंशन टावर हुआ धराशाई बड़ा हादसा टला

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** बुधवार को दोपहर बाद आई धूल रहित आंधी - तूफान से एक बड़ा टावर खंभा और उस पर खींचा हाई टेंशन तार टूटकर गिर जमीन पर गिर पड़ा। लेकिन गनीमत रही की इस दौरान लोगों की कोई आवाजाही न होने से क्षेत्र में एक बड़ा हादसा होने टल गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार एनटीपीसी से मसौली पावर हाउस के अंतर्गत मेजा के उसकी गांव के दक्षिणी छोर व गेदुराही गांव के उत्तरी छोर पर गड़े टावर से हाईटेंशन तार की ये लाइनें गुजरी हैं और जगह-जगह करीब सैकड़ों फीट के बड़े टॉवर्स का निर्माण करवाया गया है। बुधवार दोपहर बाद क्षेत्र में आंधी का तेज बवंडर उठा और पूरा क्षेत्र आंधी व धूल की आगोश में समा गया। इस दौरान हाईटेंशन बिजली का बड़ा विद्युत टॉवर भी चपेट में आ गया और टूटकर हाईटेंशन तार सहित जमीन पर धराशायी हो गया। गौरतलब है कि लोहे के भारी भरकम टॉवर एवं तारों का वजन बहुत ज्यादा होता है। इनके गिरने के समय यदि कोई चपेट में आ जाता तो निश्चित तौर पर उसकी जान भी जा सकती थी। टावर गिरने के दौरान आंधी आने एवं दोपहर का समय होने के कारण कोई व्यक्ति नजदीक नहीं था, अन्यथा बड़ा हादसा हो जाता। क्षेत्र के लोगों में इस बात की चर्चा रही कि कार्य में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखे जाने के कारण पहली ही आंधी में एक बड़ा विद्युत टॉवर टूटकर जमीन पर धराशायी हो गया है।

## मांडा ब्लॉक मुख्यालय में शार्ट सर्किट के आग से बाल बाल बचा, अफरा-तफरी

अखण्ड भारत संदेश।

**मांडा।** विकास खण्ड मांडा मुख्यालय में अचानक बिजली की शार्ट सर्किट के आग लगने से बाल बाल बचा। जिससे ब्लॉक कर्मचारियो में अफरा तफरी मच गई और तत्काल विद्युत तार को मेन कनेक्शन से काटा गया। बुधवार को दोपहर बाद मांडा ब्लॉक मुख्यालय की बिल्डिंग में प्रचण्ड धूप के कारण गर्म विद्युत की शार्ट सर्किट से अचानक आग लगने से बाल बाल बचा। वहीं ब्लॉक कर्मचारियो में हड़कंप मच गया और मेन कनेक्शन तार को तत्काल काटा जिससे बड़ी घटना होने से ब्लाक कर्मचारियो ने काबू पाया। बीडीओ



मांडा अमित कुमार मिश्रा ने प्रचण्ड गर्मी से निजात दिलाने के लिए तत्काल विद्युत तार को सही करवा कर बिजली आपूर्ति की गई।

## बैंकों के वसूली एजेंटों की सेवाएं लेने पर हाईकोर्ट नाराज

### कहा-सुप्रीम कोर्ट की रोक के बाद लोन मामले में एजेंट क्यों लगाए

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आईसीआईसीआई बैंक के अध्यक्ष को व्यक्तिगत रूप से यह बताने का निर्देश दिया है कि बैंक के अधिकारियों ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा रोक लगाए जाने के बावजूद ऋण मामले में वसूली एजेंटों की सेवाएं कैसे लीं। आईसीआईसीआई बैंक के अधिकारी जसमिंदर चहल और तीन अन्य द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार ने कहा, आईसीआईसीआई बैंक के अधिकारी इस तथ्य से अच्छी तरह से वाकिफ थे कि वे किसी भी वसूली एजेंट को नियुक्त नहीं कर सकते और फिर भी उन्होंने वर्ष 2013 में वसूली एजेंटों की सेवाएं लीं, जोकि सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्णय पारित करने के छह साल बाद है।आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड बनाम प्रकाश कौर (2007) एससीसी 711 के मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट रूप से कहा था कि बैंक ऋण वसूलने के लिए वसूली एजेंटों की सेवाओं का उपयोग नहीं करेगा और उन्हें कानून के तहत निर्धारित प्रक्रिया का पालन करना होगा। चूंकि आईसीआईसीआई के चेयरमैन धारा 482 (उच्च न्यायालय की अंतर्निहित शक्तियां) के तहत दायर याचिका में पक्षकार नहीं थे, इसलिए अदालत ने आवेदकों को उन्हें याचिका में पक्षकार बनाने की अनुमति दे दी। मामले के तथ्यों के अनुसार, राहुल सिंह नामक व्यक्ति ने लोन लिया था और बाद में ब्याज सहित पूरी लोन राशि का भुगतान कर दिया था। पूरा भुगतान करने के बावजूद, आईसीआईसीआई ने उसे डिफॉल्टर के रूप में दिखाया। जिसके परिणामस्वरूप वह आगे लोन या कोई भी वित्तीय सहायता प्राप्त करने में विफल रहा। इससे उसके व्यवसाय में बाधा उत्पन्न हुई।

**कानपुर नगर से भी दायर है मुकदमा :** आईसीआईसीआई ने कानपुर में लोन लेने वाले के खिलाफ के एक सिविल मुकदमा दायर किया और रिकवरी एजेंटों का इस्तेमाल किया। जो प्रतिवादी (उधारकर्ता) के अनुसार उसके पैतृक घर पर तब पहुंचे, जब वह अमेरिका में था। उसके अनुसार रिकवरी एजेंटों ने अपमानजनक टिप्पणी की और समाज में उसकी छवि खराब की।इससे परेशान होकर प्रतिवादी- राहुल सिंह ने कानपुर अदालत में एक आपराधिक शिकायत दर्ज की। इसमें आईसीआईसीआई अधिकारियों को समन जारी किया गया। इस सम्मन आदेश को आईसीआईसीआई अधिकारियों ने अपने खिलाफ चल रही पूरी कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग करते हुए हाईकोर्ट के समक्ष वर्तमान याचिका दायर की।दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने आईसीआईसीआई बैंक के चेयरमैन को यह स्पष्ट करने का निर्देश दिया कि शिकायतकर्ता राहुल सिंह के खिलाफ सिविल मुकदमा कैसे दायर किया गया। खासकर तब जब ब्याज और फौजदारी शुल्क सहित पूरी ऋण राशि का भुगतान कर दिया गया था। और शिकायतकर्ता को क्यों परेशान किया गया।

## मोबाइल टावर का लाखो का उपकरण चोरी, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा क्षेत्र में चोरों का हौसले बुलंद हैं। चोरों ने एक प्राइवेट मोबाइल टावर का लाखों का उपकरण चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम मिजार्पुर उर्फ अबाबकपुर (सरपताही नहर) स्थित लगे मोबाइल टावर की केबिन का दरवाजा तोड कर चोरों ने अनेकों प्रकार के उपकरण खोल ले गए। बताया गया है कि जिसकी कीमत लगभग चार से पांच लाख रुपए होगी। टावर के मैकेनिक दारा सिंह यादव ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस अज्ञात चोरों का पता लगाने में लग गई है।

## जमीनी विवाद को लेकर मार पीट में तीन पर मुकदमा

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के मानी उमर पुर गांव में जमीनी विवाद को लेकर मारा पीटा गया। पुलिस ने तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा इलाके के ग्राम मानी उमरपुर निवासी प्यारेलाल पुत्र हीरालाल का आरोप है कि जमीनी विवाद को लेकर गांव के कतिपय लोगों ने मारे पीटे और जान से मारने की धमकी दिए।प्यारे लाल ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर गांव के ही मुकेश कुमार, बृजेश कुमार, सरिता देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## अस्पताल में कंप्रेसर का तार काटने वाले को जेल

**प्रयागराज।** कोतवाली पुलिस एसआरएन अस्पताल में एसी का कंप्रेसर का तार काट कर चोरी करने के आरोप में धूमनगंज के मो. सईद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि कटरा निवासी विनीत श्रीवास्तव एसआरएन में एसी का काम करता है। उसे पता चला कि 27 मई की सुबह पांच बजे ट्रामा सेंटर के आउटडोर का कंप्रेसर काटकर सईद चोरी कर ले गया। मंगलवार को एसआरएन चौकी इंचार्ज ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## एसएसडी कान्वेंट स्कूल चंपापुर के सामने घायल युवक की मौत

**जंघई।** सरायममरेज थानांतर्गत एसएसडी कान्वेंट स्कूल चंपापुर के सामने बुधवार को बनाए गए दो नये ऊंचे-ऊंचे ब्रेकर पर गिरकर अनुवां गांव निवासी पिंटू बनवासी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को जंघई पुलिस ने एंबुलेंस से प्रतापपुर सीएचसी भेजा जहां से उसे स्वरुप रानी अस्पताल प्रयागराज भेज दिया गया पिंटू की स्थिति चिंताजनक थी उसके सिर, हांथ, नाक एवं पैर में गंभीर चोटें आई थी। झूंसी पहुंचते पहुंचते पिंटू ने दम तोड़ दिया।अनुवां निवासी पिंटू बनवासी बुधवार शाम को जंघई जा रहा था उसको यह नही पता था कि ब्रेकर बन गया है और अचानक ब्रेकर सामने आ गया जिसके कारण अचानक पिंटू ने ब्रेक लगा दिया और बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई और पिंटू को गंभीर चोटें आई। सूचना पर पुलिस चौकी जंघई इंचार्ज संजय मौर्य पहुंचे और घायल को इलाज हेतु एंबुलेंस से प्रतापपुर सीएचसी भेजा जहां से डाक्टरों ने उसे स्वरुप रानी अस्पताल प्रयागराज भेज दिया।

पिंटू के गिरने से कुछ समय पूर्व दूसरी बाइक से एक महिला पीछे बैठकर जा रही थी वह भी गिर पड़ी और घायल हो गई।नया उंचा ब्रेकर बनने के कारण लोगों को जानकारी नहीं है और लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं, क्षेत्रवासियों में ब्रेकर को लेकर आक्रोश व्याप्त है।

# सूर्य के ताप से तपती टीन सेड, दम तोड़ रही गौवंश



अखण्ड भारत संदेश।

**मांडा।** क्षेत्र के मवेशियों की सुरक्षा के लिए शासन की ओर से गांवों में गौशालाओं की व्यवस्था की गई है । लेकिन सूर्य के ताप से तपती टीन सेड के नीचे बांधे गए गोवंश दम तोड़ रही है। क्षेत्र में कुल चार सरकारी गौशाले में लगभग एक हजार गोवंश रखे गए हैं। सभी गौशाले पहाड़ पर हैं। जिसकी वजह से इस गर्मी में सभी बेजुबान हलाकान हो रहे हैं। क्षेत्र के ऊंचडीह ग्राम पंचायत के कुशलपुर गांव के कान्हा गौशाला में 155 गौवंश, मांडा खास के जय मां काली गौशाले में 339 गौवंश, के-ड़वर में 190 गौवंश और भवानीपुर ग्राम पंचायत के देवरी सरकारी गौशाले में कुल 410 गौवंश रखे गए हैं। गौशालाओं में रखे गए गौवंशों के लिए भूसा व पानी की व्यवस्था सरकारी मानक के अनुसार है, लेकिन चारों गौशाले पहाड़ पर स्थित होने के कारण प्रचण्ड गर्मी से तमाम पशु बीमार भी हो रहे हैं। इलाज के लिए मांडा पशु चिकित्सालय की टीम हफ्ते में दो दिन चारों गौशालाओं में भ्रमण करती है। गौशालों के आसपास रहने वाले लोग अक्सर गौवंशों के मौत की बात बताते हैं, लेकिन संचालक मौतों से इनकार करते हैं।

## लाखों खर्च के बाद भी क्षेत्र के अधिकांश अमृत सरोवर सूखे



**मांडा।** मांडा ब्लाक के अंतर्गत विभिन्न गांवों में अमृत सरोवर का कायाकल्प करने की प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना लाखों खर्च के बाद भी विभागीय उदासीनता के कारण दम तोड़ती नजर आ रही है। क्षेत्र के मांडा, दसवार आदि ग्राम सभाओं में अमृत सरोवर व तालाबों में एक भी बूंद पानी नहीं है। वहीं ग्रामीण सवाल उठा रहे हैं जब तालाब में पानी ही नहीं तो इसके बनाये जाने का क्या उद्देश्य है। जिस पर खर्च किया गया बजट भी हवा हवाई हों गया ऐसे में भूजल स्तर सुधारने के दावे भी हवाई साबित हो रही है। वहीं पशु पक्षी भी पानी के लिए तरस रहे है। अप्रैल माह के शुरूआत से ही भीषण गर्मी ने दस्तक दे दी थी। इसका सीधा असर जल स्त्रोतों पर देखने को मिला है। तेज चिलचिलाती धूप से क्षेत्र के दर्जनों तालाब सूख गए हैं और धूल उड़ रही हैं। इससे पशु पक्षियों के सामने पेयजल संकट खड़ा हो गया है। आलम ये है की लाखों खर्च कर बनाए गए अमृत सरोवर भी जल स्त्रोतों से कॉनेक्टिविटी न होने से सुख गए हैं। इससे जल संरक्षण के दावों पर पलीता लग रहा है। वहीं जिम्मेदार इनमें पानी भरवाने को लेकर भी उदासीन दिख रहे हैं। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी अमित मिश्रा ने कहा कि जल्द ही अमृत सरोवरों में पानी भरवाया जाएगा। ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों को निर्देशित किया गया है।

# कल्याणपुर से तीन लुटेरे गिरफ्तार, कार बरामद

### मोटरसाइकिल के अलावा दो मोबाइल और 9500 रुपये कैश बरामद, एसओजी, सर्विलांस और शंकरगढ़ थाने की टीम ने की गिरफ्तारी




**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ पुलिस ने लूट की घटना का खुलासा करते हुए तीन लुटेरों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से एक स्विफ्ट कार, एक मोटरसाइकिल, दो मोबाइल और 9500 रुपया नगद बरामद हुआ है। तीनों अभियुक्त यमुनानगर के कोरांव थाना क्षेत्र के निवासी हैं। एसीपी बारा संतलाल सरोज ने बताया कि शंकरगढ़ थाने की पुलिस टीम ने एसओजी व सर्विलांस टीम के साथ मिलकर तीन लुटेरों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी क्षेत्र के कल्याणपुर नहर में निमार्णाधीन पुलिया के पास से की गई है। मुखबिर की सूचना पर धरे गए तीनों लुटेरों की आयु 19 से 25 वर्ष के बीच है। शंकरगढ़ के प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश ने बताया कि 26 मई को तीनों युवकों ने लूट की नीयत से इलाहाबाद से एक कार को बुक कराया था और शंकरगढ़ में बड़गड़ी के निकट एक प्लांट के पास से ड्राइवर को मार पीट कर भगा दिया और कार लूटकर फरार हो गए।इधर ड्राइवर ने घटना की सूचना पुलिस को दी। बुधवार की सुबह मुखबिर के जरिए प्राप्त सूचना पर सक्रिय हुई संयुक्त टीमों ने निमार्णाधीन पुलिया के पास घेराबंदी कर आशीष श्रीवास्तव पुत्र संतोष श्रीवास्तव (टीकर, कोरांव), अनिल कुमार वर्मा पुत्र राजू वर्मा ( टीकर, कोरांव) और महर्षि द्विवेदी पुत्र संजय कुमार द्विवेदी (पड़रिया, कोरांव) को धर दबोचा।तीनों के कब्जे से एक स्विफ्ट कार, एक मोटरसाइकिल, दो मोबाइल, और नगदी बरामद हुई है। पूछताछ के बाद तीनों का सुसंगत धाराओं में चालान भेज दिया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाने से एसएसआई नवीन कुमार सिंह, एसआई लोकेंद्र सिंह, के-के पांडेय, कांस्टेबल रामजतन यादव, सुखबीर सिंह, एसओजी से एसआई मनोज सिंह, रणजीत सिंह, सर्विलांस से एसआई प्रमोद यादव, कांस्टेबल सुधांशु शेखर राय, अजय सिंह, प्रवीण मिश्र आदि शामिल रहे।

# नगर निगम की लापरवाही से गंदगी के बीच रहने को मजबूर अरैल क्षेत्र के निवासी





**नैनी।** नैनी नगर निगम क्षेत्र के अरैल वार्ड के सच्चा बाबा नगर के मुहल्लों में नगर निगम की अनदेखी की वजह से क्षेत्र में गंदगी फैला है कूड़ो का अंबार लगा हुआ है जिसके बीच रह रहे लोग क्षेत्रवासियों में आक्रोश व्याप्त है। गंदगी के बीच में रहने को मजबूर हैं मुहल्ले वासी। लगभग दस- ग्यारह दिनों से कूड़ा का ढेर लगा हुआ है ना ही झाड़ू लगाया जाता है ना ही कूड़े का निस्तारण किया जा रहा है। अरैल क्षेत्र में तैनात सुपर वाइजर करन मलिक से मौखिक शिकायत करने पर भी कोई समाधान नहीं किया जाता है बशर्ते उनके द्वारा यह कह जाता है कि आप जाकर शिकायत कर दीजिए। सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान के सचिव कुंवर जी तिवारी द्वारा सफाई इंस्पेक्टर से मुहल्लों में सफाई हेतु मौखिक शिकायत की गई लेकिन उसका भी कोई असर नहीं हुआ। जिसके चलते इस भीषण गर्मी में जगह जगह गंदगी के चलते बिमारी फैलने का भी अंदेशा दिखाई पड़ रहा है। वर्तमान सरकार द्वारा स्वच्छता के प्रति अनेकों कार्यक्रम आयोजित कर स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है लेकिन नगर निगम में तैनात ऐसे आलसी कर्मचारियों द्वारा ठेंगा दिखाकर स्वच्छता जागरूकता का उपहास किया जा रहा है। शासन प्रशासन से अपील है कि इस भीषण गर्मी में मुहल्लों में गंदगी के कारण फैलने वाली बिमारियों से बचाव हेतु स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की अति आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

## न्यूज झरोखा

### शरीर को झुलसा देने वाली पड रही लगातार तपनभरी गर्मी से सड़कों पर सन्नाटा



**मऊआइमा।** मऊआइमा में लगातार शरीर को झुलसा देने वाली पड रही गर्मी से सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। वाहन चालक अपने अपने वाहनों को ढाबों और सुरक्षित ठेकानों पर खडी कर दिए।लोग बाहर निकलने से बेहतर घरों में रहना ज्यादा पसंद किए। दुकानों पर सन्नाटा पसरा रहा । बताया गया है कि लगातार शरीर को झुलसा देने वाली पड रही गर्मी से लोगों को दस्त कै की बीमारी बढ गई है । सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों में इस समय कै दस्त के मरीज अधिक आ रहे हैं। बाइक सवार सड़कों पर बाइक चलाने से परहेज कर रहे हैं। बताया गया है कि ऐसी भीषण तपन भरी गर्मी प्रायः जून में पडा करती थी।और उसके बाद मानसून आ जाता था। मगर इस बार मई के आखिर में ऐसी गर्मी से लोग आजिज आ गए हैं।

### हीटवेव से पीड़ित मरीजों लिए 5 बेड का कोल्ड रुम प्रतापपुर में तैयार

**प्रतापपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर में हीटवेव से पीड़ित मरीजों के उपचार के लिए 5 बेड का कोल्ड रुम बनाया गया है एवं मरीजों के लिए कूलर लगाया गया है। इसके अलावा दवाओं एवं इलाज की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। सीएचसी अधीक्षक प्रतापपुर आनंद कुमार सिंह ने बताया कि सीएचसी प्रतापपुर में ओआरएस कार्नर की व्यवस्था की गई है।

### पोस्टमास्टर महरछा मातासेवक पांडेय का निधन



**जंघई।** रधईपुर, महरछा गांव निवासी एवं ब्रांच पोस्टमास्टर महरछा सभाजीत पांडेय मातासेवक पुत्र प्रभुनाथ पांडेय का हृदय गति रुक जाने के कारण निधन हो गया। उनके निधन की सूचना से परिजनों एवं रिश्तेदारों तथा गांव एवं क्षेत्र में शोक का माहौल है।मातासेवक पांडेय बहुत सीधे, सरल, मिलनसार एवं उदार व्यक्तित्व के इंसान थे। सभी ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया एवं दिवंगत पुण्य आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना किया।शोक संतप्त परिवार में ईश्वरचंद्र पांडेय, अशोक पांडेय, विनोद पांडेय, पीयूष पांडेय, पवन पांडेय, राहुल पांडेय, रोहित पांडेय, पंकज पांडेय, आशीष पांडेय, अभिषेक पांडेय, संदीप पांडेय, विपिन पांडेय, विमलेश पांडेय, प्रहलाद पांडेय, अनुज पांडेय आदि लोग मौजूद रहे।

### बैग काटकर हीरे और सोने के गहने चुराए,ऑटो चालक फरार

**प्रयागराज।** जंक्शन से यात्री को बैठाकर बैरहना ले जाने के दौरान एक ऑटो चालक ने लाखों के गहने पार कर दिए। पीड़ित यात्री ने शाहगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। करछना निवासी चंद्रभान सिंह फतेहपुर गए थे। 22 मई को वह प्रयागराज लौटे। जंक्शन के बाहर आकर उन्होंने गेट नंबर तीन के बाहर एक ऑटो किया। परिवार के साथ वह बैरहना पहुंचे। इस बीच उनका बैग काटकर लाखों कीमत के गहने गायब कर दिया गया। ऑटो से उतरने के बाद जब उन्होंने सामान चेक किया तो दंग रह गए। वापस जंक्शन पहुंचे, लेकिन ऑटो चालक का पता नहीं चला। उन्होंने शाहगंज थाने में सोने का हार, दो जोड़ी झुमका, चेन, मांग टीका, नथिया, हीरे की अंगूठी, दो जोड़ी पायल, दो सोने की लॉकेट, और कंगन चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## बढ़ती गर्मी में लू से बचें स्वास्थ्य के प्रति रखें विशेष ध्यान : डॉ अमित

**सहसों।** चिलचिलाती धूप के कारण बढ़ती गर्मी में जहां पारा ऊपर भाग रहा है वहीं जनजीवन अस्त-व्यस्त होते लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। इस भीषण गर्मी में लू से बचते हुए स्वास्थ्य के प्रति विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उक्त बातें सहसों बाईपास स्थित हरि ओम चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित स्वास्थ्य गोष्ठी में डॉक्टर अमित यादव ने कही। उन्होंने गोष्ठी में उपस्थित लोगों को जागरुक करते हुए कहा कि इस समय तेज धूप की वजह से गर्मी अपनी चरम सीमा पर पहुंच चुकी है। जोकि लोगों के स्वास्थ्य के प्रति हानिकारक साबित हो रहा है ऐसे में लोगों को जरा सी लापरवाही पर लू , हीट स्ट्रोक, डिहाईड्रेशन, उल्टी दस्त, शरीर में पानी की कमी आदि जैसी बीमारियां फैल रही हैं। ऐसे में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति ध्यान देते हुए सतर्क रहने की विशेष आवश्यकता है। उन्होंने लोगों को इस भीषण गर्मी एवं धूप से बचाव का उपाय बताते हुए कहा कि सामान्य ठंडा पानी खूब पीएं, हो सके तो नींबू पानी का सेवन अधिक करें, विषाक्त भोजन व खुली हुई खाद्य वस्तुओं का सेवन कतई ना करें, घरों में हल्के सूती कपड़े पहने, घर से बाहर निकलने पर पूरी बांह की सूती कमीज सिर पर गमछा एवं धूप का चश्मा पहनकर ही निकले, अनावश्यक धूप में निकलने से बच्चे एवं बच्चों को भी न निकलने दें, ऐसे मौसम में ज्यादा कठिन व्यायाम से बच्चे हल्का भोजन करें भोजन में पुदीना की चटनी, ताजी दही, मट्ठा आदि का सेवन अवश्य करें। उल्टी, दस्त, बुखार, चक्कर आदि की शिकायत होने पर नजदीक के अच्छे चिकित्सकों से संपर्क कर चिकित्सीय सलाह लेते हुए उपचार कराएं। समय-समय पर उच्च रक्तचाप, मधुमेह, बुखार एवं हृदय की गति आदि की जांच कराते रहें। इस अवसर पर उपस्थित लोगों में निःशुल्क ओ आर एस घोल पैकेट का वितरण भी किया गया। गोष्ठी में प्रमुख रूप से डॉक्टर एके सिंह, डॉक्टर संजय सिंह, चन्द्र प्रकाश केसरवानी, नीरज पांडे, सोहनलाल केसरवानी, शिवम पाल, जगदीश, पिंटू, एवं सक्षम सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# यदि हरे भरे बाग बगीचे पेड़ कटना नहीं बंद हुआ तो प्रलय निश्चित : शहजादे

अखंड भारत संदेश



**तापमान तीव्र,गर्मी लू और जल संकट से मचा हाहाकार,**

**प्राकृतिक वन वृक्षों पर्वतों पूर्वजो के लगे पेड़ सुरक्षित रखने की अपील,**

**कोराव।** निरंतर कट रहे हरे भरे बन बृक्छ हरियाली के चलते बुरी तरह प्रभावित हो रहे जल वायु पर्यावरण के कारण अब जो जन जीवन कष्ट मय हो गया है इससे जन मानस और सक्षम तंत्र सरकार और प्रशासन को अखड़ियाना होगा वर्ना आने वाला समय कयामत का दिन होगा। उक्त बातें वन पर्यावरण प्रेमी पुरुष्कार से सासन द्वारा सम्मानित सोशल एक्ट विष्ट वरिष्ठ पत्रकार प्रधान संगठन प्रयाग राज मंडल मंत्री अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे सचिव मिस्कीन सेवा संस्थान ट्रस्ट ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जनहितार्थ राष्ट्र हितार्थ कही। उन्होंने कहा कि सूबे के सदर ए रियासत महामहिम राज्यपाल और सूबे के मुखिया मुख्य मंत्री जी से ले कर देश के सुप्रीम कोर्ट और मुख्य न्यायाधीश यूपी से राष्ट्र हित में प्रलयकारी स्थितियों को रोकने तथा समाज देश प्रदेश क्षेत्र में हरियाली को बढ़ावा देने हरित क्रांति लाने के लिए तत्काल प्रभाव से हरे भरे किसी भी प्रजाति के पेड़ पौधों को काटने पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाया जाय, इसकी करबध अपील है। श्री सिद्दीकी सोशल वर्कर ने कहा कि सरकार हर वर्ष अरबों करोड़ों लाखों रुपया वृक्छा रोपण पर खर्च करती है। किंतु उक्त पेड़ों को सुरक्षित रखने के लिए ब्रिड गार्ड इत्यादि की व्यवस्था और धन नहीं उपलब्ध कराती, जिससे हर वर्ष धन की बरबादी होती है। खुल्ले मवेशी ऐसे पौधा रोपड़ आदि को सफा चट कर जाते हैं। सोशल वर्कर अहद अहमद सिद्दीकी ने कहा कि सर्व प्रथम वन विभाग पर सरकार लगाम लगाए। क्योंकि दिन प्रतिदिन प्राकृतिक उगे वन वृक्ष पौधे झाड़ झंखाड़ सफा चट होते जा रहे हैं। पहले उन्हें बचाए तब नए पेड़ों को लगवाने की सोची समझी जाए। इस दिशा में वन विभाग प्रशासन और सरकार को कुदरत की दिए सुंदर रमणीक पर्वतों और वन्य जीव जंतुओं,वन संपदाओं को सुरक्षित रखा जाय। अन्यथा दुर्दिन सामने हैं और सरकार ऐसे ही हर साल देश का पैसा समुचित रूप से इस्तेमाल नहीं होगा।

**विषेश क्षति :** यूपी एमपी सीमा जनपद रीवा और प्रयागराज तथा मिजार्पुर और प्रयागराज की सीमांचल कैमूर पहाड़ियों से जो वन रेंज कोरांव, ड्रामंडगंज, हालिया, हनुमना, मऊगंज, चाकघाट आदि क्षेत्रों के सुंदर प्राकृतिक रमणीक वन पर्वतों को जिनमे राष्ट्रीय उत्पाद तेंदू, हल्दी, सिद्ध, केकड़, पाकड़, बांस, घोटहर, डगडओआ, कौहा, परसिधि, महुलाईन इत्यादि प्राकृतिक फले फूले ईश्वरीय देखरेख के पेड़ पौधे सब लकड़ी पत्थर वन माफियाओं के भेंट चढ़े जा रहे हैं। इसी तरह सरकार को हर साल तेंदू पत्ता यानी बीड़ी की पत्ती से मिलने वाली आय भी तेंदू पेड़ों के सफाए से समाप्त होती जा रही है। उक्त दिशा में रोक थाम और वृक्छो के कटान तथा वन पत्थर, लकड़ी, माफियाओं के विरुद्ध संयुक्त रूप से अंकुशात्मक कदम उठाने हेतु प्रमुख मुख्य वन संरक्षक मध्य प्रदेश भोपाल और उत्तर प्रदेश एवम मुख्य सचिव यूपी लखनऊ का ध्यान आकृष्टि किया है।

# कचहरी में हीट स्ट्रोक से दरोगा की मौत

**कचहरी में ड्यूटी के समय गश खाकर गिरे, अस्पताल में तोड़ा दम; झांसी के रहने वाले थे**



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज में भीषण गर्मी का कहर अब लोगों की जान लेने लगा है। बुधवार दोपहर कचहरी में ड्यूटी पर आए दरोगा रणकेंद्र सिंह (58) की हीट स्ट्रोक से मौत हो गई। दरोगा धूमनगंज थाने में तैनात थे। बुधवार सुबह वह ड्यूटी पर कचहरी पहुंचे। दोपहर में अचानक भीषण गर्मी की वजह से गश खाकर गिर गए। साथी पुलिसकर्मी उन्हें आनन फानन बेली अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन आखिर में चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रयागराज में तेज धूप, तपिश, लू की वजह से हर रोज लोग बेहोश होकर गिर रहे हैं। प्रशासन ने अलर्ट जारी किया है। झांसी के रहने वाले थे उपनिरीक्षक : मूलरूप से झांसी के उल्दन थाना क्षेत्र के उल्दन गांव के रहने वाले रणकेंद्र सिंह 1987 में पुलिस विभाग में भर्ती हुए थे। कुछ समय पहले उनका प्रमोशन हो गया और वह उप निरीक्षक बन गए थे। वह 19 जनवरी 2023 से धूमनगंज थाने में तैनात थे। राजरूपपुर इलाके में मकान लेकर रह रहे थे। इन दिनों उनकी ड्यूटी न्यायालय सुरक्षा में चल रही थी। बुधवार को थाने से कचहरी में ड्यूटी पर पहुंचे दरोगा दोपहर में अचानक गश खाकर गिर गए। बेली अस्पताल पहुंचते-पहुंचते उनकी तबीयत और बिगड़ गई। खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी पहुंच गए। कुछ देर बाद इलाज के दौरान चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हीट स्ट्रोक से उनकी मौत होने की आशंका जाहिर की जा रही है। फिलहाल मौत के सही कारणों का पता लगाने को शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

## कान्हा मोटर्स के मालिक ने अपने भाई पर दर्ज कराया मुकदमा

**झूंसी।** सिविल लाइंस स्थित कान्हा मोटर्स के मालिक ने मंगलवार को अपने भाई, भतीजे सहित कई अन्य के खिलाफ लूट अपहरण धोखाधड़ी सहित कई गंभीर मामलों में कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया है।

सिविल लाइंस निवासी कान्हा मोटर्स के मालिक शिव रतन अग्रवाल ने बताया की 17 मई को वह अपने बेटे हर्षित के साथ झूंसी स्थित गोदाम गया था। लौटते वक्त शाम को उसके भाई राम रतन अग्रवाल, भतीजा अमितांशु कुछ अज्ञात लोगों के साथ झूंसी से तमंचे की नोक पर गाड़ी में बैठा लिया। गाड़ी में मारा पीटा और 20 लाख की फिरौती मांगी। बाद में दोनों को बेहोशी की हालत में अज्ञात स्थान पर छोड़ दिया और चैन, अंगूठी लूट ले गए। होश आने पर दोनों घर आये झूंसी पुलिस से शिकायत की रिपोर्ट दर्ज न होने पर कोर्ट की सरड़ ली। पीड़ित ने बताया कि उसका उसके भाई से पहले से ही संपत्ति का विवाद चल रहा है कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने धोखाधड़ी, रंगदारी, लूट सहित कई अन्य धाराओं में दो नामजद व अज्ञात मामला दर्ज किया है।

# महिलाओं ने पावर हाउस घेरकर किया हंगामा

## प्रयागराज के करेलाबाग में सिर्फ 2 घंटे मिल रही बिजली, गर्मी में लोग परेशान

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** प्रयागराज यूपी के सबसे गर्म शहरों में शुमार है। इसी में भीषण बिजली कटौती ने लोगों को परेशान कर दिया है। पुराने शहर के करेली इलाके में तो हालात बद से बदतर हैं। करेलाबाग उपखंड से जुड़े 30 से ज्यादा मुहल्लों में मंगलवार पूरी रात बिजली नहीं आई। बुधवार दोपहर नाराज महिलाओं ने गौसनगर पावर हाउस का घेराव कर हंगामा कर दिया। जफीर पुलिया के आसपास रहने वाली महिलाओं का कहना है कि उनके इलाके में पांच दिन से 24 घंट में महज दो घंटे बिजली दी जा रही है। शहर के कई इलाकों में रोज 10 घंटे बिजली गुल होने से गर्मी में लोग बेहाल हैं। कई इलाकों में तो पूरी रात बिजली गुल रहने से लोगों को बूंद बूंद पानी के लिए भी तरसना पड़ रहा है।

**बुर्कानशीं महिलाएं पावर हाउस पहुंच गई :** नकाब में पहुंची महिलाओं ने नारेबाजी की। गौसनगर की महिलाएं भी विरोध दर्ज कराने पावर हाउस पहुंची। उनका कहना है कि करेली जफीर पुलिया पर बिजली का तार बिल्कुल जर्जर है। रउ्ढ को लोगों ने लिखित अवगत कराया मगर कुछ नहीं हुआ। तारों में खराबी बताकर पांच दिनों से बिजली काट दी गई। महिलाओं ने कहा कि मंगलवार रात 11:00 बजे के बाद से बिजली गुल है। लोग बिजली के साथ पानी को भी तरस रहे हैं। बिजली घर में कोई कर्मचारी मौजूद नहीं है मीरापुर, शास्त्री नगर, रसूलपुर, तुलसीपुर इन सभी क्षेत्रों में रात 10:00 बजे के बाद से अभी तक बिजली गुल है।

**पिछले कई दिनों से शहर में ऐसा ही हाल**

भीषण गर्मी में लोग बिजली कटौती से परेशान है। रोज 5 से 7 घंटे की बिजली कटौती हो रही है। अब रात में भी पावर कट और भी दिक्कतें बढ़ गईं हैं। बिजली कटौती का सिलसिला पिछले एक हफ्ते से बढ़ गया है। इससे शहरियों में गुस्सा बढ़ रहा है।गर्मी में बिजली कटौती हमेशा से ही होती रही है लेकिन पिछले एक हफ्ते से शहरी इलाकों का हाल ज्यादा खराब हो गया है। अमूमन पुराने शहर में ज्यादा कटौती होती रही है। इस बार सिविल लाइंस में भी दोपहर से लेकर रात तक पांच से छह घंटे बिजली कट रही है। कटरा, कर्नलगंज, जार्जटाउन, टैगोर टाउन, अल्लापुर में भी यही हाल है। पुराने शहर के करेली में सबसे ज्यादा बिजली कटौती की मार झेली जा रही है। इसी प्रकार मुट्ठीगंज, रोशनबाग, नुरुल्ला रोड, अकबरपुर, बहादुरगंज, दरियाबाद, बेनीगंज, अटाला, रसूलपुर में पांच घंटे बिजली कटौती की जा रही है। राजापुर, ऊंचवागढ़ी, खुसरोबाग, हिम्मतगंज, बेनीगंज, नखास कोहना, आजाद नगर, साउथ मलाका, मानसरोवर, कीडगंज, बाई का बाग, बैरहना, जीरो रोड, बताशामंडी आदि मोहल्लों में भी अघोषित कटौती हो रही है।

हवेलियां गंगादीप कालोनी में लगी जल निगम के ट्यूबवेल की मोटर से गंगादीप, हवेलिया, मायापुरी, छतनाग रोड, न्यायनगर सहित कई मोहल्लों में पानी की सप्लाई होती है। मंगलवार को जल निगम की मोटर फूंकने की वजह से सभी मोहल्ले में पानी के लिए हाहाकार मच गया है। गंगादीप निवासी नितेश सिंह, अनिल पांडे, उदयभान पटेल ने बताया कि भीषण गर्मी में मोटर फूटने की वजह से हम लोग दूसरों के समरसेबल से पानी ले कर काम चला रहे है। नम्रता, कामेश शर्मा ने बताया कि शिकायत के 24 घंटे बाद भी कोई समाधान नही हुआ। अमित सिंह, कमलेश शर्मा का कहना है की जब तक मोटर नहीं बन रही है तब तक लोगों को टैंकर से पानी उपलब्ध कराय जाय। नागेंद्र गुप्ता, अनिता सिंह ने बताया कि डेढ़ महीने पहले जब मोटर जाली थी तब दो हप्ते बाद ठीक हुई थी।

# अरैल क्षेत्र में एक सप्ताह से पानी के लिए ग्रामीण परेशान

## जल निगम अधिकारी कुंभकर्णी नींद में सो रहे हैं- संजय श्रीवास्तव

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी अरैल क्षेत्र में एक सप्ताह से पानी की भीषण किल्लत होने के कारण नागरिक पानी के लिए बूंद बूंद तरस रहे हैं जल निगम अधिकारी कर्मचारी कुंभकर्णी नींद में सो रहे हैं संजय श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा सामाजिक कार्यकर्ता सुशील शुक्ल ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा एक हफ्ते से अरैल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मुखिया नगर सच्चा बाबा नगर विश्वनाथ नंदन तालाब शिवनगर में भीषण पानी की किल्लत हो रही है जो अधिकारी कर्मचारी नागरिकों का शुद्ध लेने वाला कोई नहीं है जिलाधिकारी महोदय से निवेदन तत्काल इन अधिकारी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करें जांच कर के नागरिकों को पानी की समस्या को दूर करें। किसी के घर में अगर समरसेबल लगा है तो हाथ जोड़ विनती करके उसे पानी लेने का कार्य कर रहे हैं एक हफ्ते से समस्या बनी हुई है बार-बार अधिकारियों कर्मचारियों सूचित करने के बाद भी पानी की सप्लाई ठीक से नहीं कर पा रहे हैं जिलाधिकारी महोदय तत्काल कार्रवाई करके पानी सुचारु रूपी चालू करने की मांग की गई। इस अवसर पर जयप्रकाश मिश्रा मगन सिंह पप्पू सिंह उर्फ रवि सिंह संजय श्रीवास्तव रामजी श्रीवास्तव बाबूजी यादव सामाजिक कार्यकताओं ने पानी सुचारू रूप से चलाने की मांग की।

### बडा.चाका के लोग बूंद बूंद पानी को तरस रहे है

**नैनी।** नैनी क्षेत्र में भीषण गर्मी में पानी न मिलने से बड़ा चाका के लोग बूंद बूंद पानी को तरस रहे हैं।लोगों का कहना है की कई दिनों से पानी ना आने से स्थानीय लोग परेशान।वही लोगों ने कहा की अधिकारी सुनने को तैयार नहीं है। स्थानी लोगों ने बताया कि जल निगम द्वारा लगाया गया बोर पूरी तरीके से भ्रष्ट हो चुका है। जिससे पानी की किल्लत हो रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई बार इसकी शिकायत की गई लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं किया गया।

### जल निगम की मोटर फिर जली पानी के लिए हाहाकार

**डेढ़ महीने में दूसरी बार जली मोटर,आधा दर्जन मोहल्लों में जल संकट**

**झूंसी।** भीषण गर्मी के बीच पेयजल संकट ने लोगों की मुसीबत और बढ़ा दी। हवेलिया गंगादीप में लगी जल निगम की मोटर डेढ़ महीने के भीतर दूसरी बार मंगलवार को जल गई। मोटर फूंकने की वजह से पांच हजार से अधिक परिवारों की दुश्वारियां बढ़ गई लोग दूसरों के समर्सिबल व हैंडपम्पो का सहारा ले रहे है तो वही कुछ लोगो को बोतल का पानी खरीदना पड़ रहा है।

# कारोबारियों को नहीं मिली मंडी खोलने की अनुमति

**जिला निर्वाचन अधिकारी से लगाई थी गुहार , अधिकारी ने मंडी, स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण**

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** दो दिन मुंडेरा मंडी खोलने की मांग खारिज कर दी गई है। सब्जी और फल के कारोबारियों ने मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत सिंह चहल से मिलकर मंडी खोलने की गुहार लगाई। कारोबारियों ने निर्धारित तारीख से पहले मंडी बंद होने से नुकसान की जानकारी दी। बैठक में बताया कि किस तरह देश के अलग-अलग हिस्से से मंडी आई सब्जी और फल सड़ जाएंगे। इससे किसानों को भारी नुकसान होगा, लेकिन जिला निर्वाचन अधिकारी ने मंडी खोलने से इनकार कर दिया।जिला निर्वाचन अधिकारी ने सब्जी-फल कारोबारियों की बात सुनने के बाद मंडी के निरीक्षण का आश्वासन दिया। इसके बाद जिला निर्वाचन अधिकारी अधिकारियों के साथ मंडी गए और स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इसके बाद जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के मद्देनजर मंडी बंद रहेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी से मिलने गए कारोबारियों ने बताया कि 30 मई तक मंडी खुलने के भरोसे बाहर से सब्जी और फल मंगा लिए गए। प्रशासन ने सोमवार शाम अचानक मंडी निर्धारित तारीख से पहले बंद करने और परिसर से सब्जी और फल निकालने का अल्टीमेटम दे दिया। सभी कारोबारी मंडी से सब्जी और फल नहीं निकाल पाए। इसी बीच मंगलवार को सब्जी और फल गाड़ियां मंडी पहुंच गई। मंडी के बाहर कारोबार करने के लिए कहा गया है। अब सवाल यह है कि 48 डिग्री तापमान में कोई कारोबार कैसे करे। कारोबार नहीं होने के चलते बाहर से आए सब्जी और फल सड़ जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी से मिलकर ज्ञापन देने वालों में मुंडेरा व्यापार मंडल के अध्यक्ष धनंजय सिंह, हरी सब्जी फल व्यापारी संघ के अध्यक्ष सतीश कुशवाहा, विजय पाल, जसवंत कुशवाहा, लालचंद कुशवाहा, इकबाल, मनोज यादव, सत्येंद्र मिश्रा समेत बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# न्यूज झरोखा

## डॉ. संतेश्वर कुमार मिश्र बने एनजीबीयू के मुख्य कुलानुशासक



**प्रयागराज।** डॉ. संतेश्वर कुमार मिश्र को नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय का नया मुख्य कुलानुशासक नियुक्त किया गया है। समाजशास्त्र विभाग के सहायक आचार्य डॉ. संतेश्वर मिश्र ने आज निवर्तमान कुलानुशासक डॉ. मनीष सिंह से कार्यभार ग्रहण कर लिया। उनकी नियुक्ति पर डॉ. रमेश चन्द्र मिश्र, डॉ. हिमांशु शेखर सिंह, डॉ. प्रमोद मिश्र, डॉ. ममता मिश्रा, डॉ. सव्यसाची, डॉ. अरविन्द शुक्ला, डॉ. शिवाश्रे यादव, डॉ. भूप नारायण, डॉ. राघवेन्द्र मालवीय, डॉ. सुजीत कुमार आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विश्वविद्यालय हित में हर प्रकार के सहयोग का आश्वासन दिया।

## स्नातक : बैक पेपर चार केंद्रों पर होगा

**प्रयागराज।** प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भय्या) राज्य विश्वविद्यालय एवं मंडल के संबद्ध कॉलेजों में स्नातक पाठ्यक्रमों की बैक परीक्षा छह जून से प्रस्तावित है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. विनीता यादव की ओर से जारी सूचना के मुताबिक केंद्रों की लिस्ट संबंधित महाविद्यालय के लॉगइन पर अपलोड कर दी गई है। अगर परीक्षा केंद्र की दूरी आदि से संबंधित कोई सुझाव है तो प्राचार्य 28 मई को शाम पांच बजे तक ईमेल पर प्रत्यावेदन भेज सकते हैं। बैक परीक्षा प्रयागराज, कौशाम्बी, फतेहपुर और प्रतापगढ़ के एक-एक केंद्रों पर होगी।शैक्षिक सत्र 2023-24 के तहत बीए, बीएससी, बीकॉम बीएड, एलएलबी सम सेमेस्टर बैक परीक्षा के लिए चार केंद्र बनाए हैं। छह जून से प्रस्तावित है। राज्य विवि ने बीए, बीएससी और बीकॉम द्वितीय सेमेस्टर के बैक पेपर की परीक्षा के लिए प्रयागराज में कुलभाष्कर आश्रम पीजी कॉलेज, प्रतापगढ़ में एमडीपीजी कॉलेज, कौशाम्बी में भवंस मेहता महाविद्यालय भरवारी और फतेहपुर में महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय को केंद्र बनाया है।

## औद्योगिक क्षेत्र पुलिस द्वारा 01 अभियुक्ता गिरफ्तार, कब्जे से 40 लीटर अवैध देशी शराब बरामद

**नैनी।** नैनी औद्योगिक क्षेत्र थानाध्यक्ष महेश मिश्रा के कुशल नेतृत्व में थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस द्वारा अभियुक्ता कमलेश पत्नी स्व0 मुकुन्द लाल निवासिनी लवायन कला मोहल्ला नई बखरी थाना औद्योगिक क्षेत्र मे मंगलवार को ग्राम लवायन कला मोहल्ला नई बखरी थाना औद्योगिक क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। कब्जे से 20 -20 लीटर के दो प्लास्टिक के डिब्बो में कुल 40 लीटर अवैध देशी शराब बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 103/2024 धारा 60 ए अउ्ळ पंजीकृत किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

## नैनी पुलिस द्वारा अपहरण के वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र में प्रभारी निरीक्षक थाना नैनी यशपाल सिंह के कुशल नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा थाना नैनी पर पंजीकृत मु0अ0सं0 329/24 धारा 363 भा0द0वि0 के वांछित अभियुक्त जयदीप कुमार उर्फ नमो पुत्र गौरी शंकर कनौजिया निवासी हनुमान नगर थाना नैनी बुधवार को मुखबिर की सूचना पर चकभटाही स्वंयवर गेस्ट हाउस के पास थाना क्षेत्र नैनी से गिरफ्तार किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

## नैनी में पत्रकारिता दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

**नैनी।** नैनी हर वर्ष 30 मई को हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष भीषण गर्मी को देखते हुए बड़ा कार्यक्रम नही करते हुए हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर एक संगोष्ठी का आयोजन गुरुवार की शाम 6 बजे एडीए कॉलोनी स्तिथ मीडिया हाउस में की गई है। इस संगोष्ठी की जानकारी प्रयागराज जनर्लिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह ने दी है।

## फोटो खींचने के विवाद में मारपीट, हवाई फायरिंग

**प्रयागराज।** जार्जटाउन इलाके में मंगलवार रात फोटो खींचने को लेकर हुए विवाद में जमकर हंगामा हुआ। मारपीट के बाद एक पक्ष ने हवा में फायरिंग कर दी। इससे इलाके में खलबली मच गई। आसपास लोग भागकर घरों में घुस गए। सड़क पर सन्नाटा पसर गया। सूचना जॉर्ज टाउन पुलिस पहुंची। हाशिमपुर का अभिषेक भारतीय चौराहे के खड़े होकर मोबाइल से फोटो खींच रहा था। तभी अल्लापुर का एक युवक ने फोटो खींचने का विरोध करते हुए कहा कि फोटो क्यों खींच रहे हो। इसी बात पर दोनों तरफ लोग जुट गए। जमकर मारपीट और ईंट पत्थर चले। मारपीट में अभिषेक जख्मी है। एसआरएन में भर्ती है। फायरिंग में अल्लापुर के एक हिस्ट्रीशीटर का नांम सामने आ रहा है। थाना प्रभारी ने बताया कि फोटो खींचने के विवाद में मारपीट और फायरिंग की बात सामने आई है।

## दारागंज से लड़की लापता, पड़ोसी पर मुकदमा

**प्रयागराज।** दारागंज थाने में एक व्यक्ति ने बेटी की गुमशुदगी दर्ज कराई है। आरोप है कि उसे पड़ोस का रहने वाला राहुल बिंद फुसलाकर ले गया है। व्यक्ति ने तहरीर दी है कि 24 मई की भोर में उठा तो देखा कि उनकी बेटी गायब है। इस पर पड़ोस में रहने वाले राहुल बिंद के पिता से पूछा तो पता चला कि वह भी घर पर नहीं है। इस पर उसके मोबाइल पर फोन किया। उसने कहा कि तुम्हारी बेटी को भगाकर वाराणसी ले जा रहा हूं। इस पर परेशान पिता ने थाने में तहरीर दी।

## समान खरीदने गया युवक हुआ लापता

**प्रयागराज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के बनी गांव निवासी 35 वर्षीय सुलेख सिंह पुत्र चंद्रभान सिंह सोमवार को घर से बनी चौराहे पर घरेलू सामान खरीदने गया था और फिर देर रात तक घर लौटकर नहीं आया। परिजनों ने, सुलेख सिंह की काफी तलाश की लेकिन उसका पता नहीं चला। किसी अनहोनी की आशंका में परिजनों ने मंगलवार को थाने में तहरीर दी है।

## किशोरी को भगा ले गया युवक, मुकदमा दर्ज

**प्रयागराज।** बाईपास फाफामऊ निवासी एक किशोरी को पड़ोस का ही युवक बहला फुसलाकर कर भगा ले गया। किशोरी के पिता ने युवक के खिलाफ फाफामऊ थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

## लॉज मालिक पर हमले का आरोपी फरार

**प्रयागराज।** राजापुर निवासी लॉज मालिक पंकज भारतीय पर 26 मई की शाम को जालेवा हमला हुआ था। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस मामले में शहबाज अली, उसका भाई शनान, रिसायत अली उर्फ गड्डू व सलमान अली उर्फ गोलू पर केस दर्ज हुआ लेकिन अभी तक कोई पकड़ा नहीं गया है।

# नैनी के लिंक जंक्शन के पास ट्रेन से गिरकर विवाहिता की मौत

**नैनी जीआरपी चौकी प्रभारी ने कराया अंतिम संस्कार**

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के लिंक जंक्शन के पास बुधवार दोपहर इंटरसिटी एक्सप्रेस से गिरकर 34 वर्षीय महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं बेहद गरीब होने के कारण और अंतिम संस्कार के लिए रुपये न होने पर चौकी इंचार्ज ने मृतका के पति को रुपये देकर तेलियरगंज घाट पर अंतिम संस्कार कराया। बनियापुर थाना चोलापुर, वाराणसी का रहने वाला नखडू आदिवासी और उसकी पत्नी गुड़ी (34) पान का पत्ता बेचते थे। बुधवार को नखडू अपनी पत्नी के साथ पत्ता बेचकर इंटरसिटी एक्सप्रेस से सतना की ओर जा रहा था। जैसे ही ट्रेन लिंक जंक्शन के पास पहुंची गुड़ी देवी नीचे गिर गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पत्नी की मौत की सूचना पर नखडू बेसुध हो गया। मौके पर पहुंचे जीआरपी नैनी चौकी प्रभारी वीरेंद्र प्रताप सरोज ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव के अंतिम संस्कार के लिए नखडू के पास रुपए नहीं थे। जिस पर चौकी प्रभारी ने अपने खर्च पर शव को एंबुलेंस से तेलियरगंज घाट पहुंचकर अंतिम संस्कार कराया।

### धूमनगंज में मिला शव आॅटो मैकेनिक का था

**प्रयागराज।** धूमनगंज थाना क्षेत्र में सोमवार को महिला ग्राम के पास 44 वर्षीय युवक का शव पड़ा मिला था। पुलिस ने अज्ञात में शव को पोस्टमार्टम हाउस भेजा था। मंगलवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे घरवालों ने शिनाख्त की। बताया कि शव राजू सोनी निवासी चकनिरातुल का है। वह हाईकोर्ट के पास विक्रम मैकेनिक का काम करता था। वह चार भाइयों में तीसरे नंबर का था और अविवाहित था। यह जानकारी उसके भाई रंजीत ने दी। पुलिस के मुताबिक आशंका है कि बीमारी से उसकी मौत हुई है।

# पुलिस पर बम फेंकने वाले गो -तस्कर अरेस्ट

## 34 गाय-बैल बरामद, 7 बमों के साथ दो तस्कर पकड़े गए, कानपुर से पश्चिम बंगाल जा रहे थे

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** कानपुर से गोवंश लादकर पश्चिम बंगाल जा रहे गो तस्करों की पुलिस से मुठभेड़ हो गई। 28 मई की रात गंगा नगर के थरवई इलाके में पुलिस टीम ने गोवंश से भरे कंटेनर और आगे चल रही स्विफ्ट कार कार को घेराबंदी कर रोका तो कंटेनर सवार तस्कर ने पुलिस टीम पर कई बम फेंक दिए। बमबाजी के बीच कार सवार तस्कर निकल भागे जबकि कंनेटर का पीछा कर पुलिस टीमों ने दो तस्करों को दबोच लिया।कंटेनर से कुल 34 पशु बरामद हुए। इसमें 10 गाय, एक मृत गाय और 23 बैल हैं। पकड़े गए दो तस्करों के पास से 7 देसी बरामद हुए हैं। पकड़े गए तस्करों में यामीन पुत्र हैदर निवासी टांडा रामपुर और कल्लू पुत्र बादशाह निवासी रावतपुर कांठ शाहजहांपुर हैं। मौके से दो तस्कर जुनैद और मो. तौफीक निवासी मेरठ निकल भागे। चारों के खिलाफ थरवई थाने में गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

**कार में असलहे, कंनेटर में बम**

डीसीपी गंगा नगर अभिषेक भारती ने बताया कि मेरठ और शाहजहां का यह गिरोह गोवंश तस्करी करता है। कानपुर से गोवंश लादकर पश्चिम बंगाल ले जाए जाते हैं। कंटेनर में इस तरह से गायों और बैलों को छिपाया गया था कि सामने से देखने से नजर न आएं। पकड़े गए तस्करों ने पूछताछ में बताया कि वह बम और असलहे लेकर इसलिए चलते हैं कि रात में पुलिस पार्टी या फिर कोई और कंनेटर रोकें तो हमला कर दें। बताया कि दो असलहे स्विफ्ट कार में थे। नंबर के आधार पर कार के बारे में दूसरे जिलों की पुलिस को सूचना दी गई है। बरामद पशुओं के चेकअप के लिए पशु चिकित्सक रामजी यादव को बुलाया गया। सभी पशुओं को कान्हा उपवन गौशाला गौरी फाफामऊ पहुंचा दिया गया है।

# अगस्त तक नए अंदाज में नजर आएगा इलाहाबाद हाईकोर्ट

**14 मंजिली खूबसूरत इमारत, वकीलों के चैंबर, डॉयनिंग हॉल; टॉप पर होगी लाईब्रेरी**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट का अपना गौरवमयी इतिहास है। उच्च न्यायालय की वजह से पहले इलाहाबाद अब प्रयागराज को वकीलों का शहर भी कहा जाता है। ऐतिहासिक फैसलों की नई नई इबारत लिखने वाले इलाहाबाद उच्च न्यायालय की ऐतिहासिक इमारत के आसपास अब नई और हाईटेक बिल्डिंगों के तैयार होने का सिलसिला तेज हो गया है। माना जा रहा है कि अगस्त महीने तक नई इमारतों का काम पूरा हो जाएगा और वकीलों नए व सुसज्जित चैंबर मिलने लगेंगे। यूं तो इलाहाबाद हाईकोर्ट का पूरा सिस्टम अपग्रेड हो गया है। पुरानी और नई बिल्डिगों को भी हाईटेक सुविधाओं से लैश किया जा रहा है। अत्याधुनिक इमारतों के साथ वकीलों के लिए खूबसूरत चैंबर, पार्किंग की सुविधा जल्द मिलने वाली है।

**मल्टीलेबल पार्किंग, वादकारियों के लिए सुविधाएं**

मल्टीस्टोरी बिल्डिंग, पार्किंग, लाईब्रेरी, डायनिंग हाल समेत अन्य सुविधाएं उच्च न्यायालय के आसपास के इलाकों को और खूबसूरत बनाएंगी। आने वाले वक्त में हाईकोर्ट और उसके आसपास के इलाकों में विकास की गंगा बहती नजर आएगी। हाईकोर्ट के साथ ही जिला अदालत में भी इमारतों के निर्माण के साथ वकीलों के चैंबर, मल्टीलेबल पार्किंग, वादकारियों के लिए बहुत सारी सुविधाएं सुसज्जित होंगी।

**14 मंजिली खूबसूरत इमारत, पांच फ्लोर में पार्किंग**

इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आसपास सबसे बड़ी परेशानी वकीलों के चैंबर और पार्किंग की ही रही है। एक साल के भीतर यह बड़ी परेशानियां खत्म हो जांएगी। हाईकोर्ट परिसर के पास 14 मंजिली खूबसूरत इमारत तैयार की जा रही है। इसमें बेसमेंट, ग्राउंड समेत पांच फ्लोर तो पार्किंग के लिए रिजर्व हैं। इन मल्टीलेबल पार्किंग में सैकड़ों कार, हजारों बाइकें आराम से खड़ी हो सकेंगी। ऑटोमेटिक गेटों, लिप्टों से सजी इस इमारत की पार्किंग से निकलने के कई रास्ते होंगे।

**छह फ्लोर पर एडवोकेट चैंबर, टॉप पर लाईब्रेरी**

शानदार इमारत के छह फ्लोर को एडवोकेट चैंबर के लिए रिजर्व किया गया है। सभी सुविधाओं से सजे धजे चैंबर हाईकोर्ट के वकीलों को अलाट किए जाएंगे। इमारत के हर फ्लोर पर डायनिंग हॉल, पैंट्री, बाथरूम समेत अन्य सुविधाएं होंगी। टॉप फ्लोर पर इतनी बड़ी लाईब्रेरी तैयार की जा रह है कि एक साथ सैकड़ों वकील लाईब्रेरी में बैठकर पढ़ सकेंगे। आने जाने के लिए कई लिफ्ट होंगी।

# सीएचसी अधीक्षक के देखरेख में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता दिवस




**सोरांव।** मंगलवार को राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता दिवस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोरांव के शिवगढ़ उपकेंद्र पर एएनएम नीलम मिश्रा तथा एएनएम अनुप्रिया संग आंगनवाड़ी तथा आशा कार्यकत्री, पियर एजुकेटर द्वारा गांव के किशोर किशोरी एवं उनके माता-पिता को बुलाकर माहवारी स्वच्छता दिवस पर एक गोष्ठी की गई। यह गोष्ठी बलकरनपुर की एएनएम सीता गिरी, मोहम्मदपुर नौगावां की एएनएम सपना की अध्यक्षता में विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत नीलम मिश्रा, अनुप्रिया, सपना तथा सीता गिरी, सपना, ओम सिंह ने किशोर किशोरियों को माहवारी के बारे में विस्तृत जानकारी दी। एएनएम द्वारा बताया गया कि माहवारी के दौरान साफ सफाई का ध्यान रखें और पैड का सही जगह प्रबंधन करें। तथा प्रयोग किया गया पैड को गड्ढे में डालना या फिर दूर ले जाकर जलाना, इधर-उधर न फेक करके एक सही उचित स्थान पर प्रबंधन करना जैसे तमाम जानकारी दिए। इसी के साथ-साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोरांव से आए हुए स्वास्थ्य परामर्शदाता ओम सिंह के द्वारा किशोर किशोरियों को किशोरावस्था के बारे में तथा पोषण के बारे में, अंतरराष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता दिवस के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। और कहा की जन-जन तक जागरूकता होना जरूरी है। माहवारी के दौरान किशोर किशोरियों संग सभी महिलाओं को स्नान करने संग साफ सफाई का ध्यान रखने की भी नसीहत दी। जिससे कि संक्रमण का खतरा न पैदा हो। इस मौके पर सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर अनुपम द्विवेदी एवं स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी विजय प्रकाश मौर्य, जिला कार्यक्रम प्रबंधक विनोद कुमार सिंह, आंगनवाड़ी,आशा कार्यकत्री, सभी एएनएम, पियर एजुकेटर संग गांव के किशोर व किशोरी उपस्थित रहे। इस दिवस पर उपस्थित सभी लोगों को आयरन, कैल्शियम, एलबेंडाजोल की गोली और सेनेटरी नैपकिन पैड वितरण किया गया।

# मतगणना कार्य में किसी प्रकार की संल्पितता पाये जाने पर होगी कठोर कार्यवाहीः सीडीओ

## मतगणना स्थल पर मोबाइल या अन्य प्रकार के इलेक्ट्रानिक गैजेट्स पूर्णतया रहेगें प्रतिबंधित

**अखंड भारत संदेश**



मतगणना कार्मिकों के प्रशिक्षण के दौरान बोलते सीडीओ नवनीत सेहारा

**प्रतापगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन के कुशल नेतृत्व में आगामी 04 जून को होने वाली लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतगणना के सम्बन्ध में सेन्ट एन्थोनी इण्टर कालेज में मतगणना कार्मिकों का प्रथम एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ जिसमें ईवीएम तथा पोस्टल बैलेट मतगणना के बारे में विस्तारपूर्वक पावर प्वाइन्ट प्रजेन्टेशन के माध्यम से प्रशिक्षण जनपद स्तरीय कुशल, अनुभवी एवं प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रदान किया गया। राज्य स्तरीय सुपर मास्टर टेड्नर डा0 विन्ध्याचल सिंह, डा0 मोहम्मद अनीस एवं धर्मेन्द्र ओझा द्वारा प्रशिक्षण में बताया गया कि मतगणना में एक टेबल पर एक माइक्रो आब्जर्वर, एक गणना पर्यवेक्षक ओर एक गणना सहायक की ड्यूटी लगेगी, उनके सहयोग के लिये एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी रहेगा जो कि पुलिस अभिरक्षा में स्ट्रांग रूम से कन्ट्रोल यूनिट को लेकर आएगा और फिर वापस लेकर जायेगा। गणना सहायक कन्ट्रोल यूनिट के रिजल्ट बटन को दबाकर एजेन्टों को रिजल्ट जोर-जोर से बोलकर नोट करेगें जिसे माइक्रो आब्जर्वर और गणना पर्यवेक्षक भी अपने निर्धारित प्रोफार्मा पर अंकित करेगें, फिर एक राउण्ड की समाप्ति के बाद इन महत्वपूर्ण कागजात को एआरओ के पास हस्ताक्षर करके जमा करना होगा। मतगणना स्थल पर न तो मतगणना कर्मी और न ही कोई एजेन्ट मोबाइल या अन्य प्रकार के इलेक्ट्रानिक गैजेट्स या इलेक्ट्रानिक वाच लेकर नहीं जा पायेगें, इन्हें पूर्णतया प्रतिबंधित रखा गया है। मतगणना काार्मिकों के प्रशिक्षण स्थल का मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा ने निरीक्षण किया और सभी प्रशिक्षण कक्षा में जाकर मतगणना कार्मिकों को महत्वपूर्ण दिशा निर्देश प्रदान किये। उन्होने कहा कि ईवीएम एवं पोस्टल बैलेट आदि का प्रशिक्षण आप पूर्ण मनोयोग से प्राप्त करें ताकि मतगणना कार्य को अच्छे ढंग एवं अनुशासित रूप से सम्पन्न कर सके। उन्होने कहा कि गणना सहायक कन्ट्रोल यूनिट को इस तरह से खड़े होकर दिखायेगें की सामने जाली के पीछे उपस्थित प्रत्याशियों के एजेन्ट उसे अच्छी तरह से देख ले और नोट कर लें। सभी मतगणना दल के सदस्य मतगणना टेबल पर अपना व्यवहार शांत, मर्यादित एवं संयमित रखेगें। पोस्टल बैलेट की गणना हेतु प्रत्येक टेबल पर एक सहायक रिटर्निंग आफिसर, एक गणना आब्जर्वर, एक गणना पर्यवेक्षक तथा दो गणना सहायक रहेगें। मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त मतगणना कार्मिकों को निर्देशित किया है कि मतगणना कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता, संल्पितता, संदिग्धता, लापरवाही की स्थिति पाये जाने पर आयोग की सुसंगत धाराओं में कठोर कार्रवाई की जायेगी। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, एलडीएम गोपाल शेखर झा सहित नसीमद्दीन, अशोक शुक्ला मास्टर टेड्नर, हेल्पडेस्क में सुशील सिंह, रामकुमार, नीरज मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## कुण्डा में 47 डिग्री पहुंचा तापमान, घरों में दुबके लोग सड़कों पर सन्नाटा

### दोपहर मे घरों मे रहे लोग सीएचसी अधीक्षक ने दी सलाह

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** गर्मी अब जानलेवा होती जा रही है, दिनोदिन बढ़ रहा तापमान अब चिंता के साथ स्वास्थ्य के लिए भी चुनौती बन गया है। बुधवार को तापमान 47 डिग्री सेल्सियस जा पंहुचा जिसके चलते दोपहर के समय आग बरसती नजर आयी। सड़कों पर सन्नाटा देखने को नजर आया, वहीं जिन इलाकों मे विजली कटौती हुयी उनकी तो दुश्वारी बढ़ गयी।

29 जून कुंडा के लिए बेहद गर्म साबित हुआ जहाँ तापमान 47 डिग्री ओर रिकॉर्ड किया गया। बढ़ते तापमान को देखते हुए कुंडा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डा राजीव तिवारी ने लोगों से कहा की 10 बजे दिन के बाद हो सके तो 5 बजे तक यदि आवश्यक न हो तो यात्रा न करें। पेय पदार्थो जैसे नीबू पानी, शिकंजी, बेल का शरबत, गन्ने का जूस आदि का प्रयोग करे। पुरी बाँह का कपड़ा पहने और सिर को ढँक कर रखे और यदि आवश्यक न हो तो यात्रा से बचे इसके साथ ही छोटे बच्चों और मवेशियों की सुरक्षा का ध्यान रखें। पक्षियों के लिए पानी रखवाये ताकि उनकी भी रक्षा हो सके। यदि हीट स्ट्रोक के शिकार होते है तो नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर सम्पर्क करे साथ ही ग्लूकोज का सेवन करें। इस बार गर्मी अपने पूरे रौद्र रूप मे पड़ रही है।

# पीने की पानी की टंकी में खराबी को लेकर बिफरे वकील, सौंपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** तहसील परिसर में पीने के पानी की टंकी खराब होने को लेकर वकीलों ने प्रशासनिक लापरवाही पर आक्रोश जताया है। बुधवार को संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह की अगुवाई में समस्या के समाधान को लेकर वकीलों ने डीएम को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन पर तहसीलदार ने आवास विकास निगम के अधिशाषी अभियंता को टंकी की मरम्मत कराए जाने के बाबत पत्र लिखा है। तहसील परिसर में कई वर्ष पहले से पीने के पानी की टंकी का निर्माण हुआ है। भीषण गर्मी के बावजूद यह टंकी खराब पड़ी हुई है। इससे पीने के पानी का टंकी से आवागमन ठप है। तहसील परिसर के साथ आसपास के वार्डो में भी टंकी की खराबी के कारण पेयजल आपूर्ति नही हो पा रही है। समस्या को लेकर बुधवार को वकील आक्रोशित हो उठे है। अधिवक्ताओं ने डीएम के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर टंकी की मरम्मत की आवाज उठायी है। संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह ने कहा है कि समस्या का समाधान न होने पर अधिवक्ता विभागीय अधिकारियों के समक्ष विरोध प्रदर्शन करेंगे। ज्ञापन पर तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने विभाग के अधिशाषी अभियंता को पत्र लिखकर टंकी अविलम्ब ठीक कराए जाने को कहा है। ज्ञापनदाताओं में महामंत्री सूर्यकांत शुक्ल निराला, उपाध्यक्ष सिविल विभाकर नाथ शुक्ल, उपाध्यक्ष बालेन्द्र कुमार त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष अभिषेक कुमार शुक्ल, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, अनिल महेश, विकास मिश्र, संतोष पाण्डेय, प्रमोद सिंह, विनोद शर्मा, वेदव्रत त्रिपाठी, हरिनारायण पाण्डेय, आशुतोष द्विवेदी, सतीश पाण्डेय, मो. असलम, मो. दानिश आदि अधिवक्ता रहे।

## दुष्कर्म के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा निरंतर अभियान चलाकर अपराध/अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना अन्तू के उ0नि0 अंकित सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना अन्तू के मु0अ0सं0 219/24 धारा 366, 376, 506 भादवि में वांछित अभियुक्त सूरज सिंह उर्फ लाला पुत्र स्व0 विनोद सिंह नि0ग्राम पूरे तालुकदार गोरखापुर थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी को थानाक्षेत्र अन्तू के लोहिया नगर तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया।

# जिले के गौरव को बढ़ाएंगे बाल व्यास भागवताचार्य सिध्दिविनायकः धर्माचार्य

### सर्वोदय सद्भावना संस्थान में हुआ स्वागत

**अखंड भारत संदेश**



बाल व्यास भागवताचार्य सिध्दिविनायक का स्वागत करते धर्माचार्य।

**प्रतापगढ़।** जिले में बाल व्यास श्री सिध्दिविनायक जी महाराज आज अयोध्या धाम से वापसी के पश्चात नवतपा के पावन अवसर पर रामानुज आश्रम संत रामानुज मार्ग पर पहुंचे जहां पर विश्वम प्रकाश पांडे सचिव सर्वोदय सद्भावना संस्थान द्वारा स्वागत बदंन किया गया। बाल व्यास ने धर्माचार्य ओम प्रकाश पांडे अनिरुद्ध रामानुज दास से अपने जीवन और समाज के कल्याण हेतु आशीर्वचन मांगा।

धर्माचार्य ओमप्रकाश पांडे अनिरुद्ध रामानुज दास ने उदीयमान बाल व्यास को भगवान श्री राम की पट्टिका का अंगवस्त्रम, भगवान श्री जगन्नाथ जी का महाप्रसाद एवं रामानुज पञ्चाङ्गम प्रदान कर आशीर्वचन प्रदान किया और आशा व्यक्त करते हुए कहा कि परम पूज्य धर्म सम्राट स्वामी करपात्री जी ने ओझा परिवार में ही जन्म लिया था और उसी लालगंज क्षेत्र में ओझा परिवार में आपका जन्म हुआ है। स्वामी करपात्री जी के पूर्वज कालाकांकर राज भवन के आश्रित थे और आपके बाबा श्री परम विद्वान संस्कृत प्रवक्ता श्री राम कृष्ण ओझा जी भी मां गंगा जी की कृपा से इसी कालाकांकर राज भवन में आश्रय लेकर शिक्षक के रूप में कार्य किया है। ठाकुर जी की कृपा रहेगी तो निश्चित तौर पर प्रतापगढ़ के गौरव को आप बढ़ाएंगे। बता दें कि भागवताचार्य सिद्धिविनायक बाल व्यास जी की आयु लगभग साढ़े 15 वर्ष है। श्री हनुमान जी महाराज की आपके ऊपर अति कृपा है। इस अवसर पर मुख्य रूप से पं रामकृष्ण ओझा, नारायणी रामानुज दासी प्रधानाचार्य, डॉ अंकिता पांडे, सुशील ओझा, विश्वम प्रकाश पांडे, कन्हैया सिंह, हिमांशु ओझा आदि उपस्थित रहे।

## हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला सत्र न्यायाधीश अब्दुल शाहिद ने हत्या के आरोप में दोषी पाते हुए पंकज पटेल निवासी कोठियाही थाना दिलीप को सश्रम आजीवन कारावास व बीस हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है। वादी मुकदमा सुनील कुमार निवासी अलीपुर थाना कंधई के अनुसार वह और उसका भाई अनिल बचपन से ही अपने नानी के घर ग्राम कोठियाही थाना दिलीप में रहता था। घटना 01 सितम्बर 2023 समय साढ़े आठ बजे रात पुरानी रंजिश को लेकर पंकज पटेल घर के पास चकरोड पर मेरे छोटे अनिल पटेल को जान से मारने की नियत से उसके बाये सीने में चाकू घोप दिया। जब मेरा भाई चिल्लाया तो मैं भी मौके पर पहुंचा तो पंकज मौके से भाग गया। गांव वालों की मदद से मैं अपने भाई को लेकर मरणासन्न अवस्था में जिला अस्पताल पहुंचा, जहां डाक्टरों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। मामले में पैरवी कर रहे डीजीसी क्रिमिनल योगेश शर्मा व एडीजीसी विक्रम सिंह ने बताया कि अभियोजन की ओर सात गवाहों के माध्यम से तेरह प्रदर्शो को साबित कराया गया। उपरोक्त मुकदमे में सात नवम्बर 2023 को आरोप बनाया गया। इस प्रकार आरोप बनायें जाने के बाद लगभग छः माह में उपरोक्त मुकदमे का निस्तारण किया गया। राज्य की ओर से पैरवी डीजीसी योगेश शर्मा व एडीजीसी विक्रम सिंह ने संयुक्त रूप से किया।

## हत्या के प्रयास के अभियोग में चार वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा निरंतर अभियान चलाकर अपराध/अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना अन्तू के व0उ0नि0 रविन्द्र कुमार यादव मय हमराह उ0नि0 अंकित सिंह व म0उ0नि0 अंकिता बाजपेयी द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना अन्तू के मु0अ0सं0 268/24 धारा 147, 307, 452, 323, 504, 506, 427 भादवि में वांछित अभियुक्त जोखू लाल जायसवाल पुत्र स्व0 मकदूम जायसवाल नि0ग्राम रायचन्द्रपुर थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त कुल्हाडी को बरामद किया गया। इसी क्रम में थाना कुण्डा के उ0नि0 श्री गोविन्द सिंह चैहान मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना कुण्डा के मु0अ0सं0 151/24 धारा 147, 148, 149, 307, 323, 504, 506, 452, 354ख भादवि में वांछित अभियुक्त सालिकराम यादव पुत्र स्व0 रामआसरे नि0ग्राम जानकी सिंह का पुरवा मजरा भदरी थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया। इसी क्रम में थाना कुण्डा के निरीक्षक संजय सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना कुण्डा के मु0अ0सं0 464/23 धारा 147, 148, 149, 307, 323, 504, 506 भादवि में वांछित दो अभियुक्तों हरिशचन्द्र प्रजापति पुत्र स्व0 महावीर प्रजापति नि0ग्राम सरियावां लोहरान का पुरवा थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़ 2. हरीलाल प्रजापति पुत्र स्व0 महावीर प्रजापति नि0ग्राम शेरगढ़ थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़ को उनके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।

## पैसे के लिए महिला के साथ मारपीट, शिकायत पुलिस

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पैसे के लेनदेन को लेकर महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित महिला ने थाने पर प्रार्थना पत्र दिया है। हर्रई पट्टी गांव की रहने वाली गुलसन बानो पुत्री आशिक अली ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि गांव की एक व्यक्ति ने उसे पैसे उधार लिए थे। इसी बात को लेकर वह आए दिन उसे हैरान परेशान करता है वह व्यक्ति घर की समीप ही जब वह बाहर निकली थी तो मोटरसाइकिल से पहुंचा और उसका मुंह दबाकर उसके साथ मारपीट की गालियां देने के साथ धमकी दी। पीड़ित महिला ने आरोपी के खिलाफ थाने पर प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की माग की है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

# भाजपा को हरिप्रताप सिंह की कमी सदैव खलेगीः आशीष

### भाजपा ने दिवंगत नपाध्यक्ष हरिप्रताप को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**अखंड भारत संदेश**



दिवंगत हरिप्रताप सिंह को श्रद्धांजलि देते भाजपाई।

**प्रतापगढ़।** पूर्व विधायक एवं नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह के निधन से क्षुब्ध भारतीय जनता पार्टी की ओर से एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन शहर के हादीहाल में सम्पन्न हुआ जिसमें भाजपा के जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष हरिओम मिश्रा व ओम प्रकाश पाण्डेय, पूर्व विधायक लक्ष्मी नारायण पाण्डेय उर्फ गुरुजी, वरिष्ठ अधिवक्ता रामसेवक त्रिपाठी, भाजपा के वरिष्ठ नेता केके सिंह ने हरिप्रताप सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनकी सरलता, सहजता की प्रशंसा की।उन्होंने कहा कि हरिप्रताप सिंह ने विगत 27 वर्षों तक शहरवासियों के दिलों पर राज किया। वह हर वर्ग के लोगों के सुख-दुख में पहुंचते थे जिससे वह सभी के प्रिय बने थे। उनके निधन से भारतीय जनता पार्टी के संगठन को भी नुकसान हुआ है। कार्यक्रम में अधिकांश सभासद धर्मशील शुक्ल, सुनील दुबे, भाजपा मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र शुक्ला आदि भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सभासद आशुतोष सिंह ने किया। कार्यक्रम में भाजपा के नगर अध्यक्ष संजय सिंह के अलावा अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर से कहा कि स्व0 हरिप्रताप सिंह की कमी सदैव बनी रहेगी। कार्यक्रम में महिला मोर्चा की मीडिया प्रभारी सारिका श्रीवास्तव सहित कई अन्य महिलाएं भी मौजूद रहीं।

## टप्पेबाजों ने उड़ाये तीस हजार, जांच में जुटी पुलिस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** टप्पेबाजों ने पेण्ट की दुकान से पीडित व्यापारी को झांसा देकर तीस हजार रूपये उडा लिये। लालगंज कोतवाली के पूरे नेवाजी लाल निवासी राजेन्द्र प्रसाद मिश्र के पुत्र देवेन्द्र मिश्र ने नेशनल हाइवे लालगंज-प्रतापगढ़ पर एक पेट्रोल पम्प के पास पेण्ट की दुकान खोल रखी है। बुधवार की सुबह करीब पौने दस बजे उसकी दुकान पर दो अज्ञात व्यक्ति बाइक से पहुंचे। बाइक से आये टप्पेबाजों ने दुकानदार से कुछ सामान दिखाने को कहा। पीडित सामान दिखाने लगा इतने में एक आरोपी ने दुकान के काउण्टर से पांच सौ रूपये की तीस हजार की गडडी निकाल कर भाग निकला। पीड़ित ने शोर मचाया तो दूसरा आरोपी भी सगरा सुंदरपुर की तरफ बाइक से भाग निकला। पीडित ने घटना की सूचना पुलिस को दी है। प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

# मारपीट की घटना में महिलाएं गंभीर रूप से चुटहिल, प्रयागराज रेफर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली के कालूराम का पुरवा खजुरी में मंगलवार की रात दो पक्षों के बीच मारपीट हो गयी। इसमें एक पक्ष की महिलाएं गंभीर रूप से चुटहिल हो गयीं। वहीं घटना के दूसरे दिन बुधवार को घायल महिलाओं के घर में दोपहर आगजनी की घटना भी घटित हुई है। घटना में चुटहिल तीन महिलाओं को मेडिकल कालेज प्रयागराज में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है।

गांव के बाबू लाल पाल के घर विपक्षी ने पांच अज्ञात आरोपियों के साथ देर रात लाठी डंडे व कुल्हाडी तथा सब्बल से लैस होकर जानलेवा हमला बोल दिया। हमले में बाबूलाल की पत्नी विटोला 55, पुत्री कविता 26 व ममता 18 तथा रोहिता 20 को गंभीर चोटें आ गयी। घायलों की चीख पुकार पर आसपास के लोग दौडे तो हमलावर गालीगलौज करते भाग निकले। सूचना पर पुलिस तथा एम्बुलेंस एक सौ आठ पहुंची और घायल महिलाओं को इलाज के लिए ट्रामा सेण्टर ले आयी। यहां घायल विटोला व कविता तथा ममता को गंभीर स्थिति में देर रात जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बुधवार की सुबह इनकी हालत में सुधार न देख चिकित्सकों ने इन्हें प्रयागराज मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। वहीं दूसरे दिन बुधवार को बाबू लाल पाल के घर दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों मे आग लग गयी। आगजनी में गृहस्थी के सामान भी नष्ट हो गये। घर पर मौजूद घायलों में से एक बाबूलाल की पुत्री रोहिता का आरोप है कि रात में मारपीट करने वाले विपक्षियों ने घर पर आगजनी की घटना घटित की। आगजनी की सूचना मिलने पर लालगंज कोतवाल अवन दीक्षित मौके पर पहुंचे। सूचना पर फायर बिग्रेड भी पहुंची और आगजनी पर काबू पाया। घटना को लेकर पुलिस का कहना है कि अभी किसी भी पक्ष की तहरीर नही मिली है। इधर घटना को लेकर दूसरे पक्ष के बृजेश निर्मल के पुत्र अंकित निर्मल 13 व पत्नी उर्मिला 40 को भी चोटें आयी है। पुलिस ने इनका भी चिकित्सीय परीक्षण कराया है। प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है। दोषी पक्ष के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी। आगजनी के बाबत कोतवाल का कहना है कि दोनों घरों में पुरूष मौजूद नहीं थे। आगजनी में दोनों घरों के छप्पर में आग लगी है। सभी बिंदुओं की पुलिस जांच कर रही है।

### घटना के दूसरे दिन चुटहिल महिलाओं के घर आगजनी से हडकंप, जांच में जुटी पुलिस



मारपीट की घटना में घायल महिलाएं

# दिनदहाड़े व्यापारी से की छिनैती, ताबड़तोड़ घटनाओं से सहमा लालगंज

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** तमंचे के बल पर हुई लूट की घटना में हलाकन पुलिस ने अभी राहत भरी सांस नही ली कि बुधवार की सुबह सरेआम पेंट व्यवसायी के काउन्टर मे रखे तीस हजार रुपए लेकर फरार हुए उचक्को ने पुलिस को खुली चुनौती दे डाली। पीड़ित ने मामले में पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

स्थानीय कोतवाली क्षेत्र में बढ़ रही लूट व छिनैती की घटनाओं से लोग सहमे हुए हैं। स्थानीय कोतवाली के पुरेनेवाजीलाल निवासी देवेंद्र मिश्र पुत्र राजेंद्र मिश्र ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि नगर स्थित बाघराय पेट्रोल पंप के पास उसकी पेंट की दुकान है। बुधवार की सुबह बाइक सवार दो लोग उसकी दुकान पर समान लेने आए। वह समान दिखाने लगा कि इतने में काउंटर में रखा तीस हजार रुपया लेकर प्रतापगढ़ की तरफ फरार हो गए। अभी सोमवार की रात हुई लूट की घटना में हाफ रही पुलिस को राहत नहीं मिली कि व्यापारी के साथ उचक्कों ने छिनैती की घटना को अंजाम देकर पुलिस की नीद उड़ा दी। बता दें कि पडोसी जिले अमेठी के गौरीगंज थाना के हुण्डलियन का पुरवा सराय भागमानी निवासी अमरनाथ तिवारी पुत्र चंद्रमोहन के साथ सत्ताईस मई की रात्रि लगभग पौने नौ बजे वह अपने घर से बाइक लालगंज रिश्तेदारी आ रहा था। जैसे ही लालगंज कोतवाली के गोसांई का पुरवा पेट्रोल पम्प के समीप पहुंचा कि लालगंज की तरफ से आ रहे दो अपाचे बाइक पर सवार आधा दर्जन बदमाशो ने तमंचे की दम पर आठ हजार नकदी व जरूरी कागजात लूट लिए।घटना के बाबत प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित का कहना है कि तहरीर मिली है, दोनो मामले में पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

### लूट की घटना में हांफ रही पुलिस को बदमाशों ने दी चुनौती

## अधेड़ की मौत, कोहराम

**लालगंज, प्रतापगढ़।** गर्मी के चलते अधेड़ की सांसे थम गयी। अधेड़ की आकस्मिक मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के गौखाड़ी निवासी सुंदर सिंह 56 बुधवार की दोपहर गांव के समीप आटा चक्की से घर वापस आये। गर्मी के कारण उन्हें बेचैनी हुई। परिजन कुछ समझ पाते कि सुन्दर सिंह की सांसे थम गयी। आकस्मिक मौत से परिजन रोने बिलखने लगे।

## बारात से लौट रहे प्रधान पति के साथ मारपीट

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बारात से लौट रहे ग्राम प्रधान पति के साथ रास्ते में मारपीट की गई। प्रधान ने थाने पर प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के महदहा गांव निवासी सुरेंद्र प्रताप गौतम की पत्नी गांव की ग्राम प्रधान है। मंगलवार की रात वह जौनपुर जनपद के महाराजगंज थाना अंतर्गत पहाड़पुर गांव में गांव से गई एक बारात में शामिल होने गया था। रात 11:30 बजे के आसपास वापस घर आ रहा था। सलाहपुर गांव के पास गांव के ही कुछ लोग प्रधानी की रंजिश को लेकर उसे लाठी डंडा लेकर रास्ते में रोक लिया। मारपीट कर लहू लुहान कर दिया। घायल ग्राम प्रधान बुधवार को थाने पर प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

# मतगणना का कार्य बहुत ही संवेदनशील होता है, किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए : जिलाधिकारी

## डीएम ने कहा कि भली-भाँति प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने कार्यों एवं दायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन सुनिश्चित करें

**अखंड भारत संदेश**





**कौशाम्बी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए बुधवार को उदयन सभागार में मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतगणना कार्मिकों को 02 पालियों-प्रथम पाली पूर्वानह 11 बजे से अपरान्ह 01 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपरान्ह 03 बजे से सायं 05 बजे तक प्रथम प्रशिक्षण दिया गया।जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय ने मतगणना के सम्बन्ध में मतगणना कार्मिकों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि मतगणना का कार्य बहुत ही संवेदनशील होता है, किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय। भली-भाँति प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने कार्यों एवं दायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन सुनिश्चित करें। भारत निर्वाचन आयोग के गाइड लाइन का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। मास्टर ट्रेनर राकेश कुमार सिंह एवं विकास पाण्डेय द्वारा मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर को उनके कार्यों एवं दायित्वों के विषय में विस्तृत जानकारी/प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी (कार्मिक व प्रशिक्षण) /मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार गोंड, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) प्रबुद्ध सिंह एवं जिला विकास अधिकारी विजय कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण तथा तकनीकी सहायक प्रशिक्षण दिलीप कुमार वर्मा उपस्थित रहे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में पराविधिक स्वयं सेवकों के लिए आवेदन-पत्र आमन्त्रित

**कौशाम्बी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (निःशुल्क एवं सक्षम विधिक सेवा) विनियम-2010 के अन्तर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कौशाम्बी के मुख्यालय पर 15 पराविधिक स्वयं सेवकों का चयन किया जाना हैं। चयन किये जाने वाले स्वयं सेवकों में-सेवा निवृत्त अध्यापक, सेवा निवृत्त राज्य कर्मचारी एवं वरिष्ठ नागरिक, समाजिक विषय के अध्ययनरत परास्नातक छात्र एवं अध्यापक, ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता, चिकित्सक एवं फिजिशियन, छात्र एवं विधि छात्र (जिनका अधिवक्ता के रूप में पंजीकरण हो चुका हो), गैर राजनैतिक संगठनों के सदस्य व प्रदाता संस्थाओं एवं समूहों के सदस्य, महिलाओं के प्रतिवेश (पास-पड़ोस) समूहों तथा स्वयं सहायता समूहों के सदस्य एवं अन्य व्यक्ति जो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सेवाओं से अथवा तहसील विधिक सेवा समिति की सेवाओं से सम्बद्ध व्यक्ति/समूहों के सदस्यों का चयन किया जायेंगा। पराविधिक स्वयं सेवकगण को उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा समय-समय पर निर्धारित किया जाने वाला मानदेय ही अनुमन्य होगा। वर्तमान में यह मानदेय धनराशि रू0-400/00 प्रति कार्यदिवस एवं मुख्यालय से 25 किमी0 से अधिक दूरी पर रू0-200/00 यात्रा भत्ता दिया जायेंगा। पात्र व्यक्ति अपना आवेदन-पत्र दिनांक 10-06-2024 की सायं 04 बजे तक कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कौशाम्बी में प्राप्त करायें।

# व्यापारी की बहू ने पेट्रोल डालकर लगाई आग इलाज के दौरान मौत



**भरवारी कौशांबी।** भरवारी कस्बे के एक व्यापारी की बहू ने बुधवार की सुबह-सुबह अपने शरीर में पेट्रोल डालकर आग लगा ली है जिससे महिला गंभीर रूप से झुलस गई है इलाज के लिए प्रयागराज के अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई है मामले की सूचना मिलते ही उनके घर पर रिश्तेदार परिवार मोहल्ला के लोगों का घर पर मजमा लगा हुआ है महिला ने आग क्यों लगाई है यह रहस्य बना हुआ है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के पुरानी बाजार अनाज मंडी भरवारी निवासी स्वर्गीय राम लखन केसरवानी पहलवान जी के पुत्र अरुण कुमार केसरवानी उर्फ पप्पू भाई बजरंग गेस्ट हाउस के मालिक है भरवारी कस्बे के बस स्टॉप के पास उनका गेस्ट हाउस है अरुण की पत्नी स्नेह लता ने जिंदगी से त्रस्त होकर बुधवार की सुबह अपने घर में बोतल में रखा पेट्रोल अपने शरीर में डाल लिया और आग लगा ली आग लगते ही महिला तड़पने लगी चीख पुकार मच गई जानकारी मिलते ही परिवार व आसपास के लोग एकत्रित हो गए तब तक स्नेह लता काफी गंभीर रूप से झूलस चुकी थी इसी बीच मोहल्ले वाले लोगों के साथ मिलकर परिवार के लोगों ने गंभीर रूप से झुलसी महिला को इलाज के लिए प्रयागराज के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई है मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा है।

# फर्श में बिछी प्लास्टिक की मैटी जली नहीं बताया जा रहा है 20 लाख का नुकसान

## आधी रात को मोबाइल दुकान में आग लगने की घटना में आ रही साजिश की बू



**कौशाम्बी।** जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में नेशनल हाइवे पर स्थित मोबाइल की दुकान में देर रात अचानक आग लग जाने की घटना में साजिश की बू आ रही है इस घटना में दुकानदार का कहना है कि उसका 20 लाख रुपए कीमत का मोबाइल वा अन्य सामान जलकर खाक हो गया है जबकि दुकान की फर्श में बिछाई गई प्लास्टिक की मैटी आग की लपट से नहीं जल सकी है उनका कहना है कि आग लगने की सूचना ग्रामीणों ने दी,सूचना पर पहुंचे दुकानदार ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी,सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम और ग्रामीणों ने मिलकर आग पर काबू पाया दुकान मालिक का कहना है कि दुकान के अंदर रखा 20 लाख की कीमत का मोबाइल और इलेक्ट्रानिक सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के मलाका गांव के रहने वाले गोविंद केसरवानी पुत्र हरिश्चंद्र चंद केसरवानी ने चाकवन चौराहे पर गोविंद मोबाइल शाप के नाम से दुकान खोल रखी है। मंगलवार की देर रात दुकान में आग लग गई। दुकान से धुआं निकलने के बाद आस पड़ोस के लोगों ने दुकान के मालिक को इसकी सूचना दी। दुकान मालिक का कहना है कि वह जब तक मौके पर पहुंचकर शटर को उठाते तब तक दुकान से आग की लपटें उठ रही थीं। आग से जलकर लगभग 20 लाख के स्मार्ट फोन समेत चार्जर, कवर समेत अन्य एसेसरीज जलकर राख हो गए जबकि मौके पर दुकान के फर्श में बिछाई गई प्लास्टिक की मैटी भी नहीं जल सकी है जिससे इस अग्निकांड की घटना में साजिश की बड़ी बू आ रही है और मामले में यदि सूक्ष्म जांच हुई तो साजिश का खुलासा होना तय है।

## भाजपा सरकार में अब भाजपा नेता भी नहीं रह गए सुरक्षित

**कौशाम्बी।** भाजपा सरकार में अब भाजपा नेता भी सुरक्षित नहीं रह गए है,भाजपा नेता को अपनी हत्या कराए जाने की आशंका है,जिसके लिए उन्होंने शासन और प्रशासन को इसकी लिखित सूचना प्रेषित की है मामला भाजपा की कौशाम्बी जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर के पति एवम भाजपा नेता जितेंद्र सोनकर पूर्व ब्लाक प्रमुख का है जिन्होंने अपनी रेंकी कराए जाने और हत्या करने की आशंका व्यक्त करते हुए शासन और प्रशासन को लिखित रूप में शिकायती पत्र प्रेषित किया है। जितेंद्र सोनकर ने मीडिया को बयान देते हुए बताया है कि उन्हें अपनी हत्या की आशंका है,उन्होंने बताया कि उनकी किसी से कोई पर्सनल दुश्मनी नहीं है बल्कि राजनैतिक प्रतिद्वंदिता के चलते उनकी लगातार रेकी कराई जा रही है,उनका पीछा किया जा रहा है,कोई उनकी हत्या करा सकता है,जिसके लिए उन्होंने प्रशासन से सुरक्षा करने की गुहार लगाई है।

# डीसीएम से टकराई अनियंत्रित कार हादसे में डीसीएम चालक की मौत

**महगाव कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के महगांव स्थित बडौदा यूपी बैंक के पास बुधवार की सुबह अनियंत्रित कार चालक सामने से आ रहे डीसीएम से टकरा गया हादसे में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए हादसे के बाद मौके पर स्थानीय लोगों के भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस और हंड्रेड डायल को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों वाहनों के घायल चालकों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान डीसीएम चालक की मौत हो गई है पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हादसे की जानकारी मिलने के बाद घायलों के परिवार के लोग भी अस्पताल पहुंच गए हैं। जानकारी के मुताबिक कानपुर की तरफ से प्रयागराज की ओर जा रहा कार चालक रूमान पुत्र मामिन निवासी मरिया डीह थाना पूरामुफ्ती जनपद प्रयागराज की

## इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया घायल कार चालक



कार जैसे ही संदीपनघाट थाना क्षेत्र के मंहगांव बडौदा यूपी बैंक के पास पहुँची कार का पहिया ब्लास्ट हो गया जिससे कार अनियंत्रित होकर सड़क का डिवाइडर पार करते हुए दूसरी साइड में पहुंच गयी प्रयागराज की ओर से प्रयागराज ट्रांसपोर्ट की डीसीएम लेकर चालक नन्हा पुत्र प्रताप निवासी केन कनवार कोतवाली सैनी परचून का सामान लेकर कानपुर की ओर जा रहा था अचानक कार सामने आ रही डीसीएम से टकरा गयी हादसा इतना तेज था कि डीसीएम 50 फीट गहरी खाई में चली गई है और कार डिवाइडर पार कर दूसरे साइड से फिर पहले साइड पर आ गई है हादसे में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए हैं और दोनों वाहनों के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं हादसा देख मौके पर लोगों की भीड़ लग गई है मामले की सूचना पुलिस और हंड्रेड डायल को दी गई है मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायल चालकों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है डीसीएम में अखिलेश प्रजापति निवासी मूरतगंज और खलासी कपिल कुमार पुत्र राम आसरे निवासी मूरतगंज लेबर भी सवार थे उन्हें मामूली चोट आई है इलाज के दौरान डीसीएम चालक नन्हा की मंझनपुर जिला अस्पताल में मौत हो गई है पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है कार चालक का इलाज अस्पताल में चल रहा है मामले की जानकारी मिलते ही घर परिवार के लोग भी अस्पताल पहुंच गए हैं और कोहराम मचा हुआ है।

## लंबे समय से पुलिस चौकी में तैनात सिपाही अवैध वसूली में मस्त

### गांजा के कारोबारी लकड़ी माफिया बालू के वाहन से सिपाहियों के साथ चौकी इंचार्ज की भी अवैध वसूली बेखौफ जारी

**कौशांबी।** सराय अकिल थाना की बेनीराम कटरा पुलिस चौकी के सिपाही लंबे समय से चर्चा में है चौकी इंचार्ज के भी कारनामे की चर्चा कम नहीं है पुलिस चौकी के कारखास सिपाही का स्थानांतरण नहीं हो पाता बताया जाता है कि जो सिपाही चौकी इंचार्ज का कारखास होता है संगठित अपराध अवैध धंधों से वसूली के लिए जाना जाता है इलाके के चर्चित पेशेवर अपराधी संगठित अपराधों में हिस्सा वसूलने में यह कारखास सिपाही पूरे दिन रात ब्यस्त है बालू के ओवर लोड वाहन लगातार इलाके में दौड़ रहे हैं गांजा के कारोबारी लकड़ी माफिया बालू के वाहन से वसूली करने का जिम्मा सिपाहियों को मिला है अवैध ओवर लोडिंग बेरोकटोक चल रही है दूसरी तरफ आला अधिकारी ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई का अभियान जोर शोर से चलाने का निर्देश दे रहे है लेकिन बेनीराम कटरा पुलिस चौकी क्षेत्र में अफसरों का अभियान चलता नहीं दिख रहा है बताया जाता है कि सिपाही इलाके के अपराधियों संगठित अपराध से जुड़े लोगों दलाल और सफेदपोश नेताओं का चहेता बन चुका है चौकी इंचार्ज भी पूरे दिन पुलिस चौकी में मौजूद न रह करके क्षेत्र में वसूली में मशगूल दिखाई देते हैं वर्षों से जमे सिपाही के कारनामे पर जब कभी चर्चा हुई तो संगठित अपराध से जुड़े लोग दलाल और सफेदपोश नेता बचाव में उतर आते हैं जिससे सिपाही पर कार्यवाही नहीं हो पाती है वसूली में लिप्त चौकी इंचार्ज पर भी कार्यवाही होती नहीं दिख रही है कौशांबी के बेनीराम कटरा पुलिस चौकी में तैनाती के दौरान साहब और सिपाही ने अकूत संपत्ति अर्जित की है प्रयागराज शहर में करोड़ों की आलीशान बिल्डिंग बना लिया अवैध तरीके से अर्जित की गई अकूत संपत्ति के मामले में सिपाही के कारनामे की जांच करते हुए आला अधिकारियों ने उसे अभी तक दंडित नहीं किया है मामले में यदि उच्च स्तरीय जांच कराई गई तो चौंकाने वाले खुलासे होंगे।

## गलत मीटर रीडिंग बनाए जाने से विद्युत उपभोक्ता परेशान

**कौशांबी।** विद्युत उपभोक्ताओं के मीटर की रीडिंग के दौरान गलत रीडिंग किए जाने से विद्युत उपभोक्ता परेशान है उन्हें गलत तरीके से विद्युत बिल का भुगतान करना पड़ रहा है लेकिन उसके बाद भी विद्युत मीटर रीडिंग करने वाले कर्मचारी सुधर नहीं रहे हैं और विभागीय अफसर इन कर्मचारियों पर अंकुश नहीं लगा पा रहे हैं जिससे आम जनता उपभोक्ता में आक्रोश व्याप्त है मामले को लेकर विद्युत उपभोक्ता विमल मिश्रा एडवोकेट ने जिला अधिकारी को शिकायती पत्र देकर गलत विद्युत मीटर रीडिंग करने वाले लोगों के कारनामे की जांच करते हुए कार्रवाई की मांग की है उन्होंने बताया कि बार-बार गलत तरीके से विद्युत मीटर रीडिंग की जाती है अपनी गलत मीटर रीडिंग में कर्मचारी फसते दिख रहे हैं सही विद्युत मीटर रीडिंग ना किए जाने से विद्युत बिल गलत बनाया जाता है और जिससे उपभोक्ताओ के ऊपर विद्युत बिल का अतिरिक्त दबाव बन जाता है मामले की शिकायत अधिवक्ता ने विभाग के अधिकारियों से भी की थी लेकिन विभाग में सुनवाई नहीं हुई है जिस पर उन्होंने गलत मीटर रीडिंग बनाए जाने की शिकायत जिला अधिकारी से की है उन्होंने कहा कि बार-बार गलत मीटर रीडिंग करने वाले कर्मचारियों को दंडित किया जाए और सही मीटर रीडिंग उनकी कराई जाए।

# चौरी चौरा एक्सप्रेस के पहिए में अचानक लगी आग से यात्रियों में हड़कंप

**भरवारी कौशाम्बी।** गोरखपुर से अनवरगंज कानपुर जाने वाली 15004 अप चौरीचौरा एक्सप्रेस ट्रेन के पहिए में भरवारी रेलवे स्टेशन के पास अचानक धुंआ उठने और आग लगने की सूचना से हड़कंप मच गया,आग लगने से यात्रियों में भगदड़ मच गई,ट्रेन जैसे ही भरवारी रेलवे स्टेशन पर रुकी,यात्री कूदकर भागने लगे लोको पायलट ने भरवारी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन को रोका तो तत्काल आरपीएफ के जवान और रेल कर्मचारी पहुंचे और सीज फायर का प्रयोग कर आग बुझाने में जुट गए,लगभग आधा घंटे से अधिक की कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाई गई और लगभग एक घंटे बाद ट्रेन को भरवारी से रवाना कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक चौरी चौरा एक्सप्रेस ट्रेन प्रयागराज से चलकर जैसे ही कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी रेलवे स्टेशन के पास पहुंची रास्ते में ट्रेन के लोको पायलट ने ट्रेन की बोगी के नीचे से धुँवा उठता हुआ देखा,लोको पायलट ने इसकी सूचना भरवारी रेलवे स्टेशन को दी और ट्रेन को भरवारी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर रोक दिया।हालांकि ट्रेन का भरवारी रेलवे स्टेशन पर प्रतिदिन स्टॉपेज निर्धारित है।ट्रेन जैसे ही भरवारी रेलवे स्टेशन पर रुकी रेलवे के एएसएम और आरपीएफ कर्मचारी सीज फायर लेकर पहुंचे और पहिए में उठ रहे धुंवे और आग को बुझाने में जुट गए,आधा घंटे से अधिक का समय लगा और आग पर काबू पा लिया गया।पहिए में से धुवां उठना बंद हो गया,जिसके बाद लगभग एक घंटे बाद ट्रेन को आगे के लिए रवाना कर दिया गया। बड़ी घटना होने से बच गई है।

## कड़ी मशक्कत के बाद रेलवे अधिकारी कर्मचारियों ने बुझाई आग एक घंटे खड़ी रही ट्रेन





## न्यूज झरोखा

### बाइक सवार पत्रकार पर कार सवार 4 लोगों ने चाकू से किया जानलेवा हमला



**कौशांबी** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मालक मोहिद्दीन पुर गांव के पास बाइक सवार पत्रकार पर कार सवार चार लोगों ने चाकू से हमला कर दिया है जिससे पत्रकार को गंभीर चोटे आई हैं इलाज के लिए उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है जानकारी के मुताबिक जैगम हलीम पुत्र हलीमुद्दीन निवासी मालक मोहिउद्दीनपुर बुधवार को 4:30 बजे मंझनपुर कचहरी से वापस बाइक से अपने घर जा रहे थे कैसे हो अपने गांव के पास पहुंचे पहले से वहां मौजूद कार सवार लोगों ने उन्हें रोक कर चाकू से हमला कर दिया है जिससे उन्हें गंभीर चोट आई है कार सवार प्रयागराज के रहने वाले बताए जाते हैं मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है

### कार का साइड न देने पर शमशाबाद चौकी इंचार्ज को युवको ने पीटा



**कौशाम्बी।** मंझनपुर थाना क्षेत्र के शमशाबाद चौकी इंचार्ज दारोगा को युवको ने कार से साइड नहीं देने पर जमकर पिटाई कर दी,पिटाई से घायल दारोगा ने थाना पुलिस को बुलाकर आरोपी युवको को गिरफ्तार करा दिया है। थाना पुलिस ने मामले मे आरोपी युवको से पूंछ-तांछ शुरू कर दी है। वही दूसरी तरफ दरोगा को मेडिकल परीक्षण के लिए मेडिकल कालेज मंझनपुर भेजा गया है। घटना मंगलवार की शाम लगभग 8:00 बजे की है। मंझनपुर के गड़रियन का पूरा कस्बे मे चौकी प्रभारी शमशाबाद अनुमान मिश्रा व कस्बे के कुछ युवको के बीच कहासुनी हो गई। विवाद सड़क पर चल रही कार से साइड न मिलना बताया जा रहा है। युवको ने दारोगा की कार से पास न मिलने पर उन्हे अपशब्द कहना शुरू कर दिया बताया जा रहा है कि चौकी प्रभारी ड्यूटी खत्म कर सिविल ड्रेस मे कमरे में जा रहे थे। इसी बीच आरोपी युवक बिना कुछ सोचे समझे दारोगा पर हमलावर हो गए। मारपीट की घटना मे दारोगा को काफी छोटे आई है। पिटाई से घायल हुए दारोगा ने आरोपी युवको को पकड़ लिया। थाना पुलिस को मौके पर बुलाकर उन्हे कस्टडी मे दे दिया। थाना पुलिस ने आरोपी युवको से पूंछ-तांछ कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी युवको का कहना है कि दारोगा जान बूझ कर कार नहीं हटा रहे थे। कहने पर उन्हे कार चढ़ा कर मारने की धमकी दी। जिस पर उन्होने केवल रोक कर उन्हे दबंगई न दिखाने को कहा था। जबकि उन्होंने थाने मे आने के बाद झूठ का आरोप उनके ऊपर मढ़ दिया है।

# मैं रहूं या न रहूं लेकिन विद्याश्रम रहना चाहिए : संजय कुमार श्रीवास्तव प्रधानाचार्य,भवन्स मेहता विद्याश्रम



**भरवारी कौशांबी।** अपने कुशल नेतृत्व एवं मृदुभाषी स्वभाव तथा निजी अनुभव से भवन्स मेहता विद्याश्रम भरवारी को ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाले भवन्स मेहता विद्याश्रम भरवारी के प्रधानाचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव ने सभी अध्यापकों एवं कर्मचारियों को आज दिनांक 29 मई 2024 को स्कूल में एक साथ बुलाकर संबोधित करते हुए अपने 30 वर्षों के सफल कार्यकाल को सभी लोगों के साथ शेयर करते हुए अपनी सेवानिवृत्ति का ऐलान करते हुए निदेशक संदीप सक्सेना के निर्देशानुसार अपना पदभार विद्याश्रम के अंग्रेजी के प्रवक्ता अनिल कुमार मिश्र को सौंप दिया। अपने अंतिम संबोधन में प्रधानाचार्य ने बताते हुए समस्त अध्यापकों एवं कर्मचारियों से अनुरोध किया कि विद्याश्रम की भलाई के लिए आप सभी मेहनत करते रहिए,हम रहे या ना रहें,विद्याश्रम की शाख पर कोई आंच नही आनी चाहिए, ऐसी कोशिश हमेशा रखनी होगी।उन्होंने अपने भावुक पूर्ण संबोधन से सबको रुला दिया।इस अवसर पर प्रधानाचार्य की पत्नी श्रीमती सरिता श्रीवास्तव जो स्वयं एक इंटर कालेज की प्रवक्ता है व उनका बेटा यश श्रीवास्तव मौजूद थे जिनको समस्त अध्यापकों ने उपहार देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य ने बताया कि भवन्स मेहता विद्याश्रम के इतिहास में सबसे ज्यादा समय तक प्रधानाचार्य पद पर रहना मेरे लिए एक गर्व की बात है। उन्होंने यह कहा कि विद्याश्रम में मेरा कार्यकाल कई उतार चढ़ाव देखा लेकिन हर एक चुनौतियों को स्वीकार करते हुए आज विद्याश्रम को शीर्षस्थ ऊंचाइयों तक पहुंचाते पहुंचाते मेरा कार्यकाल ही समाप्त हो गया। उक्त वाक्य भावुक कर देने वाला था जिसको सुनकर समस्त कर्मचारियों की आंखों में आंसू आ गए। सभी कर्मचारियों एवं अध्यापकों ने माल्यार्पण कर प्रधानाचार्य को भावुकता पूर्ण सेवानिवृत्ति के लिए शुभकामनाएं दिया। इस अवसर पर समस्त अध्यापक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## बरियावा गांव की बंजर जमीन पर बने आलीशान घर

**कौशांबी।** चायल तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरियावा की बंजर जमीन पर दर्जनों लोगों ने आलीशान घर बना लिया है मामले की जानकारी राजस्व कर्मियों को होने के बाद सरकारी जमीन पर घर बनाने वाले लोगों पर अभी तक कार्रवाई नहीं हुई है सरकारी जमीन पर घर बनाने पर सरकार बुलडोजर चलाने की बात कर रही लेकिन अधिकारी सरकारी जमीन खाली कराने को तैयार नहीं है। लोगों ने बताया कि बरियावन गांव की सरकारी बंजर भूमि पर गांव के बिरेन्द्र कृषणानंद कुट्टी लाल बाके लाल पूर्व ग्राम प्रधान सजीवन शिव मूरत सहित कई लोगों ने कब्जा कर लिया है और सरकारी जमीन पर पक्के घर बना लिए हैं कई लोगों के घर तो आलीशान बने हुए हैं लोगों ने बताया कि यह गरीब लोग नहीं है किसी के पास ट्रैक्टर है तो किसी के पास लाखों रुपए की कमाई है सरकार का कहना है कि सरकारी जमीन से अवैध कब्जे हटाए जाए लेकिन कई वर्ष पूर्व हुए कब्जे के मामले में राजस्व कर्मियों ने अभी तक अधिकारियों को सूचना देकर के बंजर जमीन के अवैध कब्जे को हटाने का प्रयास नहीं किया है

## जिला पंचायत सदस्य पर हमले का पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

**कौशांबी।** जिला पंचायत सदस्य राज गौतम एडवोकेट मंगलवार की शाम कार से तिल्हापुर मोड़ से अपने घर जा रहे थे जिला पंचायत सदस्य सराय अकिल थाना क्षेत्र के कोटिया गांव के पास जैसे पहुंचे उन पर बाइक सवार युवको ने तमंचे से फायरिंग कर दी हमले में जिला पंचायत सदस्य और उनके साथी बाल बाल बच गए हैं लेकिन उनका वाहन क्षतिग्रस्त हो गया है जिला पंचायत सदस्य की तहरीर पर पुलिस में हमलावरों संदीप पाल और मंजय पाल के नाम गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

## संपादक की कलम से

# 4 जून को लोकसभा के नतीजों से तय होगा नया राजनीतिक समीकरण

4 जून के चुनाव नतीजे दिखायेंगे कि चुनाव के बाद का परिदृश्य भारतीय गठबंधन को कैसे प्रभावित करता है, उसे तोड़ता है या मजबूत करता है। वे यह भी संकेत देंगे कि क्या भाजपा अपनी हैट्रिक के साथ और अधिक अहंकारी हो जायेगी? भाजपा की लगातार तीसरी जीत पार्टी को अपने हिंदुत्व कार्यक्रम को और अधिक जोश के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित कर सकती है। 2024 के लोकसभा चुनाव समाप्त हो रहे हैं, और परिणाम 4 जून को आयेंगे। चुनाव के बाद का परिणाम केवल विजेताओं और हारने वालों के बारे में नहीं है। यह केवल प्रत्याशित परिणामों से कहीं अधिक के बारे में है। इसमें अप्रत्याशित गठबंधनों की संभावना, सत्ता की गतिशीलता में नाटकीय बदलाव और नयी राजनीतिक ताकतों का उदय शामिल है, जिनका अभी खुलासा होना बाकी है।

चुनाव में भाजपा की संभावित जीत एक महत्वपूर्ण बात है जो राजनीतिक परिदृश्य को नया आकार दे सकती है। हालांकि, परिणाम अनिश्चित है, दो संभावित परिदृश्य हैं, जिनमें से प्रत्येक के निहितार्थ हैं। एक परिदृश्य में भाजपा के लिए भारी जीत की भविष्यवाणी की गयी है, संभवतः 400 से अधिक सीटें भी। दूसरा परिदृश्य कम सीटों के साथ भाजपा के लिए अधिक मामूली परिणाम का संकेत देता है। भाजपा की भारी जीत के दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। सबसे खराब स्थिति में, यदि भाजपा कम सीटें जीतती है, तो भी पार्टी अन्य दलों से समर्थन प्राप्त कर सकती है। यदि पार्टी 2019 के चुनाव की तुलना में कमसीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरती है, तो उसके पास कुछ तटस्थ दलों की मदद से सरकार बनाने की वैकल्पिक योजना-ब (प्लान-बी) भी है। कांग्रेस पार्टी द्वारा लिये गये रणनीतिक निर्णय, जैसे चुनाव लड़ने वाले निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या कम करना, भारतीय राजनीति की गहराई और जटिलता को उजागर करते हैं। प्रत्येक कदम एक बड़े लक्ष्य की ओर एक सुविचारित कदम है। शनिवार को लोकसभा चुनाव के छठे चरण के समापन के साथ, कांग्रेस ने दावा किया कि भाजपा की किस्मत 'लगभग तय' है, इंडिया ब्लॉक पहले ही 272सीटों के आधे आंकड़े को पार कर चुका है और कुल 350 से अधिक सीटों की ओर अग्रसर है। भारतीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले इंडिया गठबंधन का गठन पिछले साल 26 विपक्षी दलों ने एकजुट होकर मोदी से लड़ने के लिए किया था। हालांकि, अगर भाजपा सत्ता में लौटती है, तो गठबंधन को एक महत्वपूर्ण चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। कुछ साझेदार, जैसे कि तृणमूल कांग्रेस और आप, ने लोकसभा चुनावों में कांग्रेस के साथ पूरी तरह से गठबंधन नहीं किया है, जिससे इंडिया ब्लॉक की स्थिति कमजोर हो गई है। भाजपा की जीत से इंडिया अलायंस की रणनीति का पुनर्मूल्यांकन हो सकता है, तथा कुछ साझेदार वर्तमान इंडिया गुट से दूरी बनाना चुन सकते हैं। यदि भाजपा अधिक सीटें जीतती है, तो छोटी पार्टियां गठबंधन में शामिल होने के लिए दौड़ सकती हैं। यह भीड़ विजयी पक्ष के साथ जुड़ने की उनकी इच्छा से प्रेरित हो सकती है, जो चुनाव के बाद के परिदृश्य को प्रभावित कर सकती है। हालांकि, गठबंधन में शामिल होने की यह हड़बड़ी सिर्फ राजनीतिक हितों से प्रेरित नहीं हो सकती है। कुछ दल मोदी का विरोध करना चाहते हैं, जबकि अन्य गठबंधन को एक असफल प्रयास के रूप में देखते हैं। इसके परिणामस्वरूप नवगठित इंडिया गठबंधन कमजोर हो सकता है, क्योंकि इस गठबंधन में कई अच्छे दोस्त हैं जो केवल अपने स्वार्थ के आधार पर किसी भी पार्टी के साथ गठबंधन कर सकते हैं। भाजपा की अधिक सीटें हासिल करने या अन्य दलों से समर्थन हासिल करने की क्षमता कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी। यह राजनीतिक परिदृश्य को प्रभावित कर सकता है, जिससे संभावित रूप से भारतीय गठबंधन सहित राजनीतिक ताकतों का पुनर्गठन हो सकता है। भाजपा ने कुछ महत्वपूर्ण सहयोगियों को खो दिया, जैसे शिवसेना और अन्नाद्रमुक के धड़े। लेकिन पार्टी को 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले टीडीपी वापस मिल गई है। भाजपा नवीन पटनायक, जगन मोहन रेड्डी, के चन्द्रशेखर राव, मायावती और अन्य जैसे प्रभावशाली नेताओं के नेतृत्व वाली पार्टियों से समर्थन मांग सकती है। हालांकि किसी भी गठबंधन के साथ ये अभी शामिल नहीं हैं। इन नेताओं का महत्वपूर्ण राजनीतिक प्रभाव है और उन्होंने अतीत में भाजपा की मदद की है जब सत्तारूढ़ दल को उनकी जरूरत थी। चुनाव के बाद के परिदृश्य में उनकी संभावित भूमिका राजनीतिक परिदृश्य को महत्वपूर्ण रूप से आकार दे सकती है।

## दिल्ली में गर्मी का नया रिकॉर्ड

मौसम विभाग के मुताबिक मंगलवार को उत्तरी दिल्ली के इलाकों नरेला और मुंगेशपुर में तापमान 49.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक इतना अधिक तापमान इससे पहले दिल्ली में कभी दर्ज नहीं किया गया. इससे पहले 2022 में मुंगेशपुर में ही 49.2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया था.

इस समय उत्तरी, पश्चिमी, पूर्वी और मध्य भारत के कई इलाके गर्मी की एक भीषण लहर की चपेट में हैं. मंगलवार को देश में सबसे ज्यादा गर्मी राजस्थान और हरियाणा में दर्ज की गई. राजस्थान के चूरू में पारा 50.5 तक और हरियाणा के सिरसा में 50.3 तक पहुंच गया.

मौसम विभाग का कहना है कि तापमान अपेक्षित स्तर से नौ डिग्री ज्यादा है. विभाग ने बुधवार को भी गर्मी की लहर के बरकरार रहने का पूवार्नुमान दिया है. मीडिया रिपोर्टों में दावा किया जा रहा है कि राजस्थान में गर्मी की वजह से कई लोगों की मौत हो चुकी है.

**रात का तापमान भी बढ़ा**

इस बीच निजी संस्थान सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट ने गर्मी पर एक नया अध्ययन किया है. अध्ययन में कहा गया है कि किसी भी शहर में गर्मी की लहर का कारण सिर्फ बढ़ता तापमान नहीं है, बल्कि हवा के तापमान, जमीन की सतह का तापमान और तुलनात्मक ह्यूमिडिटी का मिश्रण है.

अगर कहीं पर हवा का तापमान गिर भी जाए तो बाकी दोनों कारण मिल कर ऐसे हालात नहीं बनने देते जिनमें थोड़ी राहत महसूस हो. अध्ययन के मुताबिक देश के लगभग सभी बड़े शहरों में बीते 10 सालों में तुलनात्मक ह्यूमिडिटी बढ़ी है. इसके अलावा एक और चिंताजनक बात यह है कि रात का तापमान भी लगातार बढ़ा हुआ रह रहा है.

अध्ययन के मुताबिक 2001 से 2010 तक गर्मियों में जमीन का तापमान रात को 6.2 से 13.2 डिग्री सेल्सियस तक गिर जाता था, लेकिन 2014 से 23 के बीच रात के समय तापमान 6.2 से लेकर सिर्फ 11.5 डिग्री तक ही गिरा. दिल्ली में अब रातें नौ प्रतिशत, हैदराबाद में 13 प्रतिशत, बेंगलुरु में 15, चेन्नई में पांच और मुंबई में 24 प्रतिशत कम ठंडी रहने लगी हैं.

**भट्टी बनते शहर**

साथ ही अध्ययन में बढ़ते शहरीकरण के दुष्प्रभावों के बारे में भी बताया गया है. अध्ययन के मुताबिक निर्माण में बढ़ोतरी और शहरी हीट स्ट्रेस के बीच सीधा संबंध है. बीते दो दशकों में सभी बड़े शहरों में कंक्रीट का इस्तेमाल बढ़ा है और पेड़ कटे हैं.

2023 में कोलकाता में ऐसी जमीन का प्रतिशत सबसे ज्यादा था, जिसमें कंक्रीट के ढांचे हों. ग्रीन कवर सभी शहरों के मुकाबले सबसे ज्यादा कोलकाता में कम हुआ है. दिल्ली में तुलनात्मक रूप से कंक्रीट कवर सबसे कम और ग्रीन कवर सबसे ज्यादा है. मुंबई और चेन्नई में भी ग्रीन कवर गिरा है.

सीएसई का यह भी कहना है कि अगर ग्लोबल वार्मिंग 1.5 डिग्री सेल्सियस पर रुक भी गई तो भी चरम गर्मी की तीव्रता और बारंबारता और बढ़ेगी. साथ ही गर्मी की लहर वाले दिनों की संख्या भी बढ़ेगी. इस स्थिति से निपटने के लिए अलग अलग शहरों के हिसाब से गर्मी प्रबंधन योजनाओं की जरूरत है।

# नये एवं विकसित भारत की बड़ी बाधा है भ्रष्टाचार

**– ललित गर्ग –**

लोकसभा के सातवें चरण के चुनाव होने शेष रहे हैं, सबकी नजरें चुनाव परिणामों पर लगी है। ये चुनाव परिणाम ही तय करेंगे कि नये भारत, विकसित भारत एवं समृद्ध भारत की तस्वीर क्या करवट लेगी। भ्रष्टाचार एवं उससे उपजे हादसों ने चुनाव के दौरान ही ऐसे वीभत्स दृश्य उपस्थित किये, जो चुनावी मुद्दा न बनना एवं राजनेताओं के बीच इनकी चर्चा न होना, दुर्भाग्यपूर्ण तो है ही, लेकिन उससे ज्यादा चिन्ताजनक यह है कि हमारी राजनीति अभी भी विकसित भारत के सपने को आकार देने के लिये तैयार नहीं दिख रही है। पुणे पोर्शे कार एक्सीडेंट ने भ्रष्टाचार की इतने परतें खोली दी है कि उसमें न्यायालय, पुलिस, राजनेता, डाक्टर सभी अपना जमीर बेचते हुए दिखाई दिये हैं। इसी तरह राजकोट एवं दिल्ली की अग्निकांडों ने प्रशासन एवं व्यवसाय में पसरे भ्रष्टाचार की काली परतों को उजागर किया है। इस तरह अस्पताल हो चाहे होटल, गेम जोन या मॉल, सुरक्षा इंतजामों, प्रशासनिक जिम्मेदारी एवं ईमानदारी की खुलकर धज्जियां उड़ती रहेगी या पुणे की तरह अब बिकते रहेंगे तो विकसित भारत का सपना कैसे आकार लेगा?

छह सौ करोड़ी पिता ने अपने बेटे के अपराध पर पर्दा डालने एवं उसे बचाने के लिये किसको नहीं खरीदा। कैसे जनता की रक्षा होगी एवं उसे न्याय मिलेगा, जब सब बिकने के लिये तैयार बैठे हैं। बेबी केयर अस्पताल हो या राजकोट का गेम जोन का हादसा- किसी की जान की कीमत कागज के चंद टुकड़े कैसे हो सकती है? न्यायालय भी ऐसे मामलों में संज्ञान लेकर शुरूआत तो करता है, लेकिन यह शुरूआत अंजाम तक नहीं पहुंच पाती। हादसे की आंच ठंडी पड़ी नहीं कि मिलीभगत का खेल फिर शुरू हो जाता है। संबंधित अधिकारी भी आंख मूंदकर सो जाते हैं और फिर किसी हादसे के बाद ही उनकी कुंभकरणी नींद खुलती है। इन ज्वलंत एवं भ्रष्ट हालातों में कैसे भारत की तकदीर एवं तस्वीर बदलेगी?

भ्रष्टाचार और घोटालों के इस घटाटोप मौसम में ऐसा कुछ भी कह पाना मुश्किल हो गया है, जो भारत या इसके लोगों की जिंदगी पर उजली रोशनी डालता हो। भारत अपनी दुश्वारियों में लस्त-पस्त उस मध्ययुगीन योद्धा की तरह दिखता है, जो चुनावी जंग के मैदान में आहें भर रहा है। कोई नहीं जानता, किसके दामन में कितने दाग हैं? कोई नहीं जिस पर यकीन किया जा सके, धरती का कोई कोना नहीं, जिसके नीचे दबा कोई घोटाला खुदाई का इंतजार न कर रहा हो। लेकिन यही चुनाव, हादसों एवं भ्रष्टता के मौके होते हैं, जब किसी देश के सच्चे चरित्र का पता चलता है। आगे-पीछे चुनावों के तहत तथाकथित नेता द्वारा हजारों जुमलों में किसी समाज व्यवस्था को बहलाया जा सकता है, लेकिन बुरे वक्त में नहीं। भारत के चरित्र को परखने का सही समय चुनाव है या ऐसे वीभत्स हादसें एवं भ्रष्टता की अंधी गलियां।



भारत दुनिया का गुरु बनने एवं तीसरी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, दुनिया भारत के आध्यात्मिक अनुभवों से मोहित है और यह एक पक्की बात है कि धर्म को लेकर जैसा काम भारत में हुआ, वैसा कहीं नहीं हुआ और पिछले दशक में उसे और जीवंतता मिली। लेकिन यह एकांगी महानता है, क्योंकि दुनिया में तरक्की के पैमाने भौतिक हैं और उस मामले में भारत की ताकत सदियों पहले खत्म हो गई थी, अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अध्यात्म के साथ उसी भौतिक ताकत को बढ़ा रहे हैं। जहां तक ईमानदारी, निष्ठा और सत्य जैसे मूल्यों का सवाल है, वे कितने हमारी जिंदगी में हैं इसका पता करप्शन के आंकड़ों एवं बार-बार होने वाले हादसों से लग जाता है।

हाल के बरसों में जानकारों और मीडिया ने यह बात फैला दी है कि भारतीय इसलिए दुनिया में अनूठे हैं कि वे कुछ भी कर सकते हैं। लेकिन हमारे देश में ऐसे राजनेता हैं जो दुश्मन देशों की तरफदारी करते हुए लोगों के दिलों को जीतने की जुगाड़ में लगे हैं। ऐसे भी राजनेता है जो भ्रष्टाचार मुक्ति का नारा देते हुए कहते है कि आप हमें वोट देंगे तो हमारा जेल जाना रूक सकता है। यानी खुले आम अपने भ्रष्टाचार एवं घोटालों में भी जन-समर्थन मांग रहे हैं। स्मार्टनेस की इस दुहाई के चलते एक मामूली-से दिखने वाले व्यक्ति ने अब सिलेब्रिटी स्टेटस एवं सफल राजनेता होने की गरिमा को हासिल कर लिया है, और वह है जुगाड़ एवं जनता को गुमराह करने की कला। मैसेज यह है कि जरूरत पड़ने पर हमारे राजनेता किसी भी तरह काम निकाल लेते हैं। अब इस सोच का क्या किया जाए?

बात नये भारत एवं विकसित भारत की है, अपने देश में हर तरह के नियम-कानून है, पर उनके उल्लंघन की जैसी सुविधा यहां है, वैसी शायद ही अन्य कहीं हो। पुणे, राजकोट और दिल्ली के मामले इकलौते ऐसे प्रकरण नहीं, जिनमें सरकारी तंत्र को जवाबदेही से दूर रखने की कोशिश की गई हो। इस तरह के मामले रह-रहकर होते ही रहते हैं और उनमें बड़ी संख्या में लोग जान गंवाते हैं अथवा घायल होते हैं, लेकिन नियामक तंत्र के उन लोगों को कभी भी कठघरे में नहीं खड़ा किया जाता, जिनकी अनदेखी और लापरवाही के चलते जानलेवा घटनाएं होती रहती हैं। इसका उदाहरण है मुंबई में एक विशालकाय होर्डिंग गिरने से कई लोगों की मौत। यह विशालकाय होर्डिंग अवैध रूप से था, लेकिन किसी को ह्यनजरह्ल नहीं आ रहा था। जब यह गिर गया और उसमें कई लोगों की जान चली गई तो सरकारी तंत्र ने उससे अपना पल्ला झाड़ लिया। होर्डिंग लगवाने वाला तो गिरफ्तार हो गया, इसी तरह गेम जोन एवं बेबी केयर अस्पताल के मालिक भी सलाखों के पीछे आ गये, लेकिन नगर निकाय एवं सरकार के किसी अधिकारी-कर्मचारी को गिरफ्तार करने की आवश्यकता नहीं समझी गई। कोई नहीं जानता कि क्यों? दिल्ली के ग्यारह सौ से अधिक अस्पतालों में मात्र 190 के पास एनओसी है, यह प्रशासन तले अंधेरा नहीं तो क्या है? भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र एवं एक बड़ी आबादी वाला देश है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि सरकारी तंत्र की लापरवाही एवं भ्रष्टता से रह-रहकर हादसे होते रहें और उनमें बड़ी संख्या में लोग मरते रहें। दुर्भाग्य से अपने देश में यही हो रहा है। जब कोई बड़ी घटना घट जाती है और उसमें अधिक संख्या में लोग मारे जाते हैं तो शोक संवेदनाओं का तांता लग जाता है और तत्काल कार्रवाई करने के नाम पर उच्चस्तरीय जांच के आदेश दे दिए जाते हैं, लेकिन कुछ समय बाद उन्हीं कारणों से वैसी ही घटना फिर सामने आती है, जैसी पहले हो चुकी होती है, इसका मतलब प्रशासन अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह ठीक से नहीं कर रहा है और व्यवसायी प्रशासन की इन्हीं कमजोरियों का फायदा उठाते हुए मौत के सौदागर बने रहते हैं। यही कारण है कि न तो हादसे कम हो रहे हैं और न ही उनमें जान गंवाने वालों की संख्या में कमी आ रही है। हादसे दुनिया में हर कहीं होते हैं, लेकिन विकसित और विकासशील देश कम से कम उनसे सबक लेते हैं और ऐसी व्यवस्था करते हैं, जिससे बार-बार एक जैसे कारणों से हादसे न हों।

लोकतंत्र एक पवित्र प्रणाली है। पवित्रता ही इसकी ताकत है। इसे पवित्रता से चलाना पड़ता है। अपवित्रता से यह कमजोर हो जाती है। ठीक इसी प्रकार अपराध के पैर कमजोर होते हैं। पर अच्छे आदमी की चुप्पी उसके पैर बन जाती है। अपराध, भ्रष्टाचार अंधेरे में दौड़ते हैं। रोशनी में लड़खड़ाकर गिर जाते हैं। हमें रोशनी बनना होगा और रोशनी भ्रष्टता एवं घोटालों से प्राप्त नहीं होती। भारत में कोई सबक सीखने को तैयार नहीं है, और यही कारण है कि विकसित देश बनने के संकल्प को साकार करना कहीं अधिक कठिन दिख रहा है। अपने देश में हर तरह के नियम-कानून हैं, राजनेताओं के बड़े-बड़े संकल्प भी है, लेकिन उनके उल्लंघन की जैसी सुविधा यहां है, वैसी शायद ही किसी विकासशील और विकसित राष्ट्र का स्वप्न देखने वाले देश में हो। भारत में लोग किस कदर कदम-कदम पर नियम-कानूनों का धडल्ले के साथ उल्लंघन करते हैं और सरकारी तंत्र में बैठे लोग उनकी मदद करने या फिर उनके अपराध को ढकने के लिए तैयार रहते हैं, इसका शर्मनाक एवं दर्दनाक उदाहरण पुणे का कार हादसा भी है। आज यह स्वीकारते कठिनाई हो रही है कि देश की कानून एवं व्यवस्था को सम्भालने वाले सभी हाथ दागदार हो गए हैं। इस मनःस्थिति के पीछे अलग-अलग कारण हो सकते हैं। दिन-प्रतिदिन जो सुनने और देखने में आ रहा है, वह पूर्ण असत्य भी नहीं है। पर हां, यह किसी ने भी नहीं सोचा कि जो हाथ प्रशासन, कानून एवं सुरक्षा की बागडोर सम्भाले हुए थे, क्या वे सब बागडोर छोड़कर अपनी जेब सम्भाल लेंगे?

**प्रेषकः**
**(ललित गर्ग)**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट 25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**
**फोनः 22727486, 9811051133**

# 'इंडिया' की बैठक के प्रयोजन और निहितार्थ

1 जून को लोकसभा चुनाव के सातवें एवं अंतिम चरण का मतदान जब तक समाप्त होगा, संयुक्त प्रतिपक्ष यानी इंडिया की दिल्ली में बैठक आहूत की गई है। यह बैठक एक ओर जीत के प्रति इंडिया के विश्वास की अभिव्यक्ति है वहीं वह सरकार बनाने की रणनीति का हिस्सा भी कही जा सकती है। चुनावी नतीजों को लेकर जैसे अनुमान लगाये जा रहे हैं, वे निश्चित रूप से विपक्षी गठबन्धन में उत्साह का संचार करने के लिये पर्याप्त हैं। तो भी बैठक बुलाया जाना इस बात का संकेत है कि इंडिया चौकन्ना है और वह ऐसी कोई भी गुंजाइश नहीं छोड़ना चाहता जिससे जोड़-तोड़ में माहिर भारतीय जनता पार्टी सेंधमारी कर सके। बैठक को लेकर यह भी कयास लगाये जा रहे हैं कि बहुमत मिलने की स्थिति में प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार इसमें तय हो सकता है।

चुनाव के परिणाम 4 जून को निकलेंगे। दोपहर तक ही तय हो जायेगा कि किसकी सरकार बनेगी। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी अपने बल पर 370 और अपने सहयोगियों (नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस-एनडीए) के साथ मिलकर 400 पार जाने का नारा दे रही है। हालांकि यह लक्ष्य 7 मई को हुए मतदान के तीसरे चरण के बाद ही हवा-हवाई हो चुका है। तो भी इसका जिक्र कभी-कभार भाजपा की प्रचार सभाओं में होता रहता है। यह अलग बात है कि अब भाजपा इतना ही कह रही है कि वह सरकार बनाने लायक सीटें (272) तो ले ही आयेगी, यानी मोदी तीसरी बार पीएम बनने जा रहे हैं। दूसरी तरफ जो जमीनी हालात दिखाई दे रहे हैं उससे इंडिया को बढ़त साफ महसूस की जा सकती है।

अब तो केवल 8 राज्यों की मात्र 57 सीटों पर मतदान रह गया है लेकिन अब तक कांग्रेस व गठबन्धन के सहयोगी दलों की सभाओं में उमड़ी भीड़ ने बता दिया है कि जादुई आंकड़े को भाजपा नहीं इंडिया छूने जा रहा है। जिस उत्तर प्रदेश को भाजपा का सबसे मजबूत किला कहा जाता है, वहां भी उसे अपनी कई सीटें बचाने के लिये कड़ा संघर्ष करना पड़ रहा है। गुजरात, राजस्थान, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड जैसे राज्यों में जहां 2019 में भाजपा का स्ट्राइक रेट शत प्रतिशत या लगभग उतने का स्ट्राइक रेट था, वहां के बारे में पूरे दावे से कोई नहीं कह पा रहा है कि वह इस प्रदर्शन को दोहरा सकेगी। उल्टे, केरल, तमिलनाडु, हरियाणा, दिल्ली, पंजाब जैसे राज्यों में इस प्रकार का प्रदर्शन इंडिया द्वारा होना सम्भव बतलाया जा रहा है। जिस हिन्दी पट्टी को लेकर भाजपा-एनडीए बहुत आश्वस्त थे, वहां हर राज्य में उनकी नाव डगमगा रही है। पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, बिहार, तेलंगाना और कर्नाटक में भाजपा पिछले दोनों (2014 व 19) चुनावों के मुकाबले पिछड़ती दिख रही है। इस स्थिति में अनेक ऐसे तथ्य हैं जिन्हें लेकर इंडिया को बहुत सावधान रहने की आवश्यकता होगी। सम्भवतः प्रस्तावित बैठक का यह भी एक महत्वपूर्ण एजेंडा होगा; और यदि न हो तो उसे होना चाहिये। मुश्किल से 2 वर्ष पहले तक भाजपा के बारे में लोगों की यही राय थी कि उसे पराजित नहीं किया जा सकता और मोदी का कोई विकल्प नहीं है। राहुल गांधी की दो भारत जोड़ो यात्राओं, मल्लिकार्जुन खरगे का कुशल नेतृत्व, प्रियंका गांधी की मेहनत, शरद पवार, ममता बनर्जी, तेजस्वी यादव, अखिलेश यादव, उद्धव ठाकरे, अरविंद केजरीवाल, एमके स्टालिन, कल्पना सोरेन आदि के जुझारूपन ने इंडिया को जीत की दहलीज तक लाया है। इसके बाद रह जाती है तो सतर्कता- ईवीएम को लेकर।

543 सीटों वाली लोकसभा के लिये बटन दबी मशीनों को देश भर के जिन हजारों स्ट्रांग रूम में रखा गया है उनकी कक्षों के खुलने तक निगरानी और चौकस निगाहों से वोटों की गिनती उतनी ही आवश्यक है जितनी अब तक की जमीनी दौड़-धूप। सरकार बनाने के लिये भाजपा किसी भी हद तक जा सकती है। यह कहने की भी जरूरत नहीं है। यह भी ख्याल रखना होगा कि अब भी तमाम शासकीय मशीनरी सरकार के अप्रत्यक्ष नियंत्रण में है। कायदे से वह केन्द्रीय निर्वाचन आयोग के तहत है पर उसकी पिछली कार्यप्रणाली ने कह दिया है कि उससे ऐसी कोई आशा न की जाये क्योंकि अपनी निष्पक्षता व स्वायत्तता का तमगा उसने खुद ही निकाल फेंका है। प्रशासन, पुलिस एवं सारी वे एजेंसियां जो नयी सरकार के गठन के वक्त थोड़ी सी भी भूमिका निभाती हैं, उन सभी पर नजर रखनी होगी।

# पाप-पुण्य के रजिस्ट्रार चित्रगुप्त की भूमिका में नरेन्द्र मोदी

**– डॉ. दीपक पाचपोर**

मोदीजी को इसलिये पाप-पुण्य के पीछे जाकर इस योजना के बाबत लोगों को बताना पड़ा है क्योंकि कुछ अर्से तक तो लोगों ने इसे सुना क्योंकि मोदी इसका बहुत प्रचार करते रहे थे। अब विपक्ष ने इस योजना को लेकर मोदी की कड़ी आलोचना शुरू की है। कई नेताओं ने सवाल करने शुरू किये कि क्या मोदी यह राशन अपने खर्च पर लोगों को दे रहे हैं। लोग यह भी जान गये कि देश में खाद्यान्न भंडार अगर भरे हुए हैं तो यह वर्षों की किसानों की कड़ी मेहनत और पूर्ववर्ती सरकारों की देन है पाप-पुण्य की अवधारणा पूरी दुनिया में है। इसका उद्गम धर्म है। प्रकारान्तर से हर धर्म ने पाप क्या है और पुण्य क्या है, इसकी व्याख्याएं अपने-अपने हिसाब से की हैं। जब तक समाज आधुनिक नहीं था तब तक लोगों के अच्छे-बुरे कर्मों की शिनाख्त उस समाज को चलाने वाले धर्म और उसके पुरोहितों व श्रेष्ठी वर्ग के हाथ में थी। यह वर्ग तय करता था कि किसने पाप किये हैं और किसने पुण्य। पापियों को सजा देने और पुण्यकर्मियों को पुरस्कृत करने का काम राजा का होता था। दुनिया का इतिहास उठाकर देखें तो पता चलता है कि सजाओं और पुरस्कार की व्यवस्था में एकरूपता नहीं रही। राज्यों के शासकों के विचारों व उनकी मान्यताओं के अनुसार न्याय व्यवस्थाएं बदलती रही हैं। किसी देश में एक राजा की सत्ता जाने के बाद जब दूसरा राजा गद्दी पर बैठता था तो उस देश की पूरी व्यवस्था बदल जाती थी। यहां तक कि पुत्रों की शासन प्रणाली अपने पिता से अलग किस्म की हुआ करती थी। असली बात यह है कि किसी भी राज्य की न्याय प्रणाली राजा के व्यक्तिगत मत तथा उन्हें प्रभावित करने वाले पुरोहितों, मंत्रियों एवं सेनापतियों के माध्यम से बनती-बिगड़ती रही है। कई बार तो एक धर्म को मानने वाले राजा के पतन के बाद जो अगला गद्दीनशीन होता था उसकी धार्मिक मान्यताओं के अनुरूप रातों-रात शासन प्रणाली ढल जाती थी।



इस व्यवस्था में अनेक दोष थे। पहला तो यही कि मान्यताएं समय-समय पर बदलती रहती थीं। दूसरे यह कि सबके लिये कानून अलग-अलग थे जो पाप व पुण्य का निर्धारण करते हों। तीसरे, अपराधों की व्याख्या भी निश्चित नहीं होती थी। शासकों ने जैसा सोच लिया, वही अंतिम सत्य मान लिया जाता था जिसके खिलाफ न तो सुनवाई हो सकती थी और न ही पुनर्विचार। इस गड्डमड्ड और व्यक्तिगत या कोटरी की सनक से परिचालित न्याय प्रणाली को शनैः शनैः एक सुसंगठित शासन प्रणाली ने स्थानापन्न किया। मध्ययुग से आधुनिक काल आने में ढाई-तीन सौ साल लग गये। लोकतांत्रिक रूप से परिपक्वता हासिल कर चुके देशों में तो इस आधुनिक प्रणाली का प्रकाश जगमगा रहा है लेकिन अनेक देश अब भी मध्ययुग में जी रहे हैं। उसके लिये कहीं अब भी जारी राजतंत्र जिम्मेदार है तो कहीं धर्मराज्य। कहीं सामंती व्यवस्था तो कहीं सामाजिक कारण। भारत को डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर का वरदान है जिन्होंने सामंतवादी सामाजिक व्यवस्था के बावजूद रातों-रात एक ऐसी शासन प्रणाली देशवासियों को सौपी जिसके चलते वे 'मूक प्रजा' से 'अधिकार सम्पन्न नागरिक' बन गये। न केवल शासन प्रणाली बदली वरन समानता, स्वतंत्रता एवं बन्धुत्व के मूल्यों को संविधान में अंतर्गुफित किया गया। यह संविधान एक सुव्याख्यायित व सुपरिभाषित है जिसमें कहीं कोई भ्रम या उलझाव नहीं है। उधर स्वतंत्रता मिलते-मिलते अंग्रेजी शासन व्यवस्था ने भारत में अपराध व न्याय संहिता को भी विकसित व लागू कर ही दिया था। अब देश की लोकतांत्रिक प्रणाली में पाप-पुण्य के लिये जगह बची ही कहां रह गयी है? वैसे भी समाजशास्त्रियों के अनुसार जब तक संगठित कानून नहीं था तब तक लोगों को भयभीत करने और लालच देने के लिये इसका निर्माण हुआ था। ऐसे में समझना होगा कि जब आधुनिक मानकों पर खरी उतरती हुई एक स्वतंत्र और ज्यादातर निष्पक्ष न्यायपालिका है तब भला देश के सर्वोच्च पद पर विराजे हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लोगों को पाप-पुण्य के आधार पर उन्हें वोट देने के लिये प्रेरित करने की जरूरत क्यों आन पड़ी? तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने को आतुर मोदी ने लोकसभा चुनाव के लिये एक प्रचार सभा में जो कहा उसका आशय यह था कि कोरोना काल के बाद शुरू की गयी योजना के अंतर्गत 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देकर उन्होंने पुण्य कमाया है। उन्हें वोट देने से लोगों को पुण्य मिलेगा। अप्रत्यक्ष रूप से उन्होंने कह दिया कि जो उन्हें वोट नहीं देगा वह पाप का भागीदार बनेगा। एक तरह से वे लोगों को याद दिलाना चाहते थे कि उन्होंने लोगों के लिये 5 किलो निशुल्क राशन की योजना लाई है जो अगले 5 वर्षों तक जारी रहेगी। यह एक तरह से एहसान जताने जैसा ही है।

मोदीजी को इसलिये पाप-पुण्य के पीछे जाकर इस योजना के बाबत लोगों को बताना पड़ा है क्योंकि कुछ अर्से तक तो लोगों ने इसे सुना क्योंकि मोदी इसका बहुत प्रचार करते रहे थे। अब विपक्ष ने इस योजना को लेकर मोदी की कड़ी आलोचना शुरू की है। कई नेताओं ने सवाल करने शुरू किये कि क्या मोदी यह राशन अपने खर्च पर लोगों को दे रहे हैं। लोग यह भी जान गये कि देश में खाद्यान्न भंडार अगर भरे हुए हैं तो यह वर्षों की किसानों की कड़ी मेहनत और पूर्ववर्ती सरकारों की देन है जिन्होंने हरित क्रांति जैसी विभिन्न योजनाओं के जरिये देश को खाद्यान्नों के मामले में आत्मनिर्भर ही नहीं बनाया वरन युद्ध या किसी प्रकृतिक आपदा के अंतर्गत अगर देश में उत्पादन घटे या न हो तो भी देशवासियों के भूखों मरने की नौबत न आए। दूसरे, लोग यह भी जान गये कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने ही नागरिकों को भोजन का अधिकार दिया था। मोदी को 5 किलो मुफ्त राशन का ढिंढोरा पीटने में अड़चन आने लगी जब कांग्रेस ने ऐलान किया कि उनकी सरकार बनी तो हर माह 10 किलो राशन निशुल्क दिया जायेगा।

# मतगणना स्थल पर सवेरे छह बजे पहुंचे एजेंटः डीएम

## 14-14 टेबल में होंगी मतगणना

**अखंड भारत संदेश**



मतगणना बाबत चर्चा करते डीएम।

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द ने मतगणना तैयारी बाबत प्रत्याशियों/ प्रतिनिधियों की बैठक में मतगणना बाबत चर्चा की। उन्होंने बताया कि मतगणना रामायण मेला स्थल सीतापुर में चार जून को सवेरे आठ बजे से पूरी सुरक्षा में होगी।

बुधवार को कलेक्टेट्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना को विधानसभा मानिकपुर व चित्रकूट की विधानसभाओं में 14-14 टेबल लगाई गई हैं। मतगणना मजिस्ट्रेट के साथ आब्जर्वर मौजूद रहेंगे। मौजूद प्रत्याशियों व प्रतिनिधियों से कहा कि जिन पार्टियों के एजेंट रहेंगे, उनके पास रिटर्निंग ऑफिसर बांदा से पास होने चाहिए। हर टेबल पर एजेंट रहेंगे। एजेंट के पास मोबाइल फोन, पेजर, स्मार्ट वॉच, कैल्कुलेटर मतगणना कक्ष में नहीं ले जा सकेंगे। वहां लगे लैंडलाइन से एजेंट बात कर सकेंगे। हर टेबल पर सीसीटीवी कैमरा लगे रहेंगे। वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि मतगणना आठ बजे से शुरू होगी। एजेंट छह बजे पहुंच जायें। मतगणना स्थल पर एजेंट शांति बनाये रखेंगे। काउंटिंग के बाद ईवीएम कलेक्ट्रेट के स्ट्रांग रूम में आयेगी। बैठक में जिलाधिकारी ने मौजूद सभी प्रत्याशियों व जनप्रतिनिधियों से समस्याओं बाबत जानकारी ली। बैठक में एडीएम एफआर उमेश चन्द्र निगम, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर/एसडीएम मऊ राकेश कुमार पाठक, एसडीएम सतीश चंद्र, प्रत्याशी प्रतिनिधि सपा मनफूल पटेल उर्फ अभिलाष सिंह, जिलाध्यक्ष आम आदमी पार्टी संतोषीलाल शुक्ला, जिलाध्यक्ष कांग्रेस कुशाल सिंह पटेल, एजेंट बहुजन समाज पार्टी विजय प्रकाश त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष बीएसपी शिवबाबू वर्मा, जिला सचिव सीपीआई अमित यादव, प्रत्याशी लोकसभा बाबूलाल, निर्वाचन अभिकर्ता भाजपा लक्ष्मण सिंह, निर्वाचन अभिकर्ता भाजपा रवि प्रकाश, भाजपा उपाध्यक्ष शिवाकांत पांडेय, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर व सपा नेता मान सिंह पटेल आदि मौजूद रहे।

# लोकेशन गैंग माफिया की एक करोड से ज्यादा सम्पत्ति जब्त

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध खनन/ढुलान पर अंकुश लगाने को अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में पुलिस अधीक्षक ने थाना राजापुर में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के आरोपी बब्बल उर्फ बजहूल कमर पुत्र समसुल कमर निवासी छीतेमऊ थाना मऊआइमा जिला प्रयागराज के विरुद्ध जिलाधिकारी को प्रस्ताव भेजा था। ये अपराधी आर्थिक लाभ प्राप्त कर आदतन चोरी छिपे अवैध खनन ढुलान को लोकसेवक का लोकेशन लीक कर गाड़ी पास कराने आदि घटनायें गिरोह के सदस्यों समेत सक्रिय रूप से कर रहा है।

बुधवार को जिलाधिकारी ने अवैध ढंग से धन अर्जित करने



लोकेशन गैंग माफिया।

वाले बब्बल उर्फ बजहूल कमर के सगे भाई अलमास के नाम खरीदे तीन ट्रक व एक स्कार्पियो समेत चार वाहन जिनकी कीमत एक करोड नौ लाख साठ हजार आंकी गई है। जिला मजिस्ट्रेट के 28 मई को शासन के पक्ष में ये सम्पत्ति जब्त करने के आदेश दिये गये हैं। जल्द ही जब्ती की कार्यवाही होगी।

## एसपी के निर्देश पर चार पर मिनी गुण्डा एक्ट

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध जारी कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ राकेश मौर्य ने भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले सूरज शुक्ला पुत्र श्रवण कुमार बिलरा मजरा रैपुरा, माधव प्रसाद चैबे पुत्र स्व रामप्रकाश पटेरी मजरा गोइयां, महेंद्र पुत्र समयलाल बिनोवानगर बरगढ़ व शुभम द्विवेदी पुत्र हरिश्चंद्र कस्बा बरगढ़ के खिलाफ मिनी गुण्डा एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

# बीएसए ने की शिक्षिका की सेवायें समाप्त

## दस वर्ष से फर्जी अभिलेखों से कर रही थी नौकरी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** टीईटी परीक्षा में फेल होने के बाद फर्जी अंकपत्र से नौकरी करने वाली राजापुर के कम्पोजिट विद्यालय में कार्यरत सहायक अध्यापिका मंजू देवी पुत्री विजय बहादुर सिंह निवासी चनहट की जिला बेसिक शिक्षाधिकारी लवप्रकाश यादव ने सेवायें समाप्त कर दी हैं।

बुधवार को बीएसए लवप्रकाश यादव ने बताया कि पुलिस अधीक्षक/ स्पेशल टास्क फोर्स ने जांच के बाद एक सितम्बर 2023 को शिक्षक भर्ती के मामले में सूचित किया कि सहायक अध्यायिका श्रीमती मंजू देवी कम्पोजिट माध्यमिक विद्यालय राजापुर ब्लाक रामनगर के अभिलेख फर्जी हैं। इस बाबत शिक्षिका को खंड शिक्षाधिकारी नागेश्वर प्रसाद सिंह ने प्रमाण पत्र सत्यापिक कर बताया कि शिक्षक पात्रता परीक्षा 2011 के फर्जी व कूटरचित प्रमाण पत्र लगाकर नियुक्ति पाई है। उन्होंने शिक्षिका को पत्र जारी कर जवाब मांगा था। शिक्षिका को जवाब देने के दो अवसर दिये गये। शिक्षिका ने कोई जवाब नहीं दिया। इसके चलते 18 अप्रैल को एबीएसए रामनगर अतुलदत्त तिवारी ने भी पत्र भेजा। दस वर्ष बाद सहायक अध्यापक पद से निरस्त करने बाबत पत्र भेजा। कोई जवाब न देने पर शिक्षिका की सेवायें बीएसए ने समाप्त कर दी हैं।

# मतगणना स्थल पर डीएम ने देखी व्यवस्थायें

## सुरक्षा व्यवस्था को सीसीटीवी बढायें

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द ने लोकसभा चुनाव सकुशल शांतिपूर्ण संपन्न होने पर 236 चित्रकूट व 237 मानिकपुर विधानसभा के मतगणना स्थल राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर स्थित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया।

बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी ने दोनों विधानसभाओं की मतगणना टेबल, बैरीकेडिंग, पेयजल, शौचालय, कूलर, पंखा, प्रकाश व्यवस्था, मीडिया सेंटर आदि देखा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने एडीएम एफआर से कहा कि 236 चित्रकूट व 237 मानिकपुर



मतगणना स्थल का निरीक्षण करते डीएम आदि।

विधानसभा के लिए मतगणना एजेंट व मतगणना कर्मियों के लिए मुख्य गेटों पर साइन बोर्ड लगवायें, ताकि किस विधानसभा का कौन एजेंट तथा कौन मतगणना कर्मी प्रवेश करेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सीसीटीवी कैमरा संचालन का भी निरीक्षण किया।

एडीएम से कहा कि रैन बसेरा की ओर सीसीटीवी कैमरे बढ़ायें, ताकि सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे। निरीक्षण दौरान एडीएम एफआर उमेश चन्द्र निगम, एसडीएम कर्वी सौरभ यादव, मऊ राकेश कुमार पाठक, एक्सईएन लोनिवि प्रांतीय खंड सत्येंद्र नाथ, ईओ नगर पालिका लालजी यादव आदि मौजूद रहे।

# वन विभाग की अनुमति बिना महंत ने कटवाया पेड

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर तहसील के रैपुरा रेंज स्थित महर्षि बाल्मीकि आश्रम के मुख्य गेट की चहारदीवारी के पास लगे वृक्ष को महंत कटवा रहे हैं। वन विभाग ने कोई कार्यवाही नहीं की।

बुधवार को राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित महर्षि बाल्मीकि आश्रम के मुख्य गेट के सामने लगे वृक्ष को महंत ने कई बार वन क्षेत्राधिकारी व डीएफओ एनके सिंह से वृक्ष हटाने को कहा है। वन विभाग अनदेखी करता रहा। आये दिन सडक पर हादसे होते रहे। ये बात जिलाधिकारी से महंत ने कही। वन विभाग के अधिकारियों के अनदेखी करने पर महंत ने वृक्ष को कटवा दिया। वन विभाग ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की। महंत ने बताया कि मुख्य गेट के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग पर यू टर्न पड़ने से वाहनों को दिखायी नहीं देता था। इसलिए आये दिन हादसे होने के चलते वृक्ष को कटवा दिया है। बाल्मीकि आश्रम के मुख्य गेट से चहारदीवारी पर रामायण की चैपाई लिखे पत्थरों को लगाने का काम चल रहा है। चहारदीवारी के नीचे 15 मीटर लंबा व तीन मी चैड़ाई से आरसीसी बनाया जाना प्रस्तावित है। मिट्टी की पुराई का काम चल रहा था। महंत ने आवश्यकता अनुसार वृक्ष को बिना अनुमति के हटवा दिया है। अब वन विभाग गोलमाल जवाब दे रहा है। वन विभाग बाल्मीकि आश्रम के महंत भरतदास पर कब कार्यवाही करेगा।

# चुनाव नतीजे में रखें संयमः अजीत सिंह

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** लोकसभा चुनाव के नतीजे चार जून को आयेंगे। ऐसे में बुंदेली सेना ने हार-जीत के बाद समर्थकों से शांति-संयम बनाये रखने की अपील की है। जीत के बाद विजय का उन्माद नहीं होना चाहिए। न ही चुनाव हारने पर हताशा होनी चाहिए।

बुधवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा चुनाव के नतीजे चार जून को आयेंगे। प्रत्याशियों से कहीं ज्यादा समर्थकों में उत्सुकता है। हार-जीत को लेकर बाजियां लग रही हैं। अपने-अपने नेता की जीत को समर्थक समीकरण बता रहे हैं। चुनाव परिणाम आने पर सभी शांति-संयम का परिचय दें। जीत होने पर न तो खुशी का



बुन्देली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह।

उन्माद होना चाहिए, न ही चुनाव हारने पर हताशा होनी चाहिए। लोकतंत्र के महापर्व के नतीजे जनता के जनादेश को सभी को सिर माथे रखकर अगले मिशन को कमर कसनी चाहिए। क्या हार-क्या जीत से किंचित भयभीत न हों, हार नहीं मानूंगा, रार नई ठानूंगा- को आत्मसात कर सभी को आपसी रिश्तों को प्राथमिकता देनी होगी।

# यातायात पुलिस ने की ड्रिंग एंड ड्राइव की जांच

## 76 वाहनों से 187500 का किया ई-चालान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की देखरेख में प्रभारी यातायात शैलेन्द्र सिंह ने कर्वी शहर में जांच अभियान चलाकर 76 दोपहिया-चारपहिया वाहनों से 187500 रुपये का ई-चालान किया।

मंगलवार देर शाम यातायात प्रभारी शैलेन्द्र सिंह ने दोपहिया वाहनों में बिना हेलमेट, तीन सवारी व नाबालिगों के वाहन चलाने तथा चार पहिया वाहनों में बिना सीट



ई-चालान करते यातायात प्रभारी।

बेल्ट लगाये चालकों, गलत नम्बर प्लेट, ब्लैक फिल्म, गाडियों में हूटर व ड्रिंक एंड ड्राइव आदि की जांच की। उन्होंने इस दौरान 76 वाहनों से 187500 रुपये का ई-चालान किया।

# आर्म्स एक्ट आरोपी को हुई सजा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार व पैरोकार आकाश कुमार ने न्यायालय से आर्म्स एक्ट के आरोपी को पांच माह की सजा व पांच सौ रुपये जुर्माना से दंडित कराया है।

बुधवार को सहायक अभियोजन अधिकारी पीयूष कुमार की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय सिविल जज सीडी सचिन कुमार दीक्षित ने राजापुर थाने में दर्ज आर्म्स एक्ट के आरोपी सम्पत्ति प्रजापति पुत्र स्व गुलजारी प्रजापति पटवरिया सानी को पांच माह की सजा व पांच सौ रुपये जुर्माना से दंडित किया।

# हरियाणा के आर्म्स एक्ट आरोपी को हुई सजा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार व पैरोकार आकाश कुमार की पैरवी से न्यायालय ने आर्म्स एक्ट के आरोपी को पांच माह की सजा व पांच सौ रुपये जुर्माना से दंडित कराया है।

बुधवार को सहायक अभियोजन अधिकारी पीयूष कुमार की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय सिविल जज सीडी सचिन कुमार दीक्षित ने राजापुर थाने में दर्ज आर्म्स एक्ट के आरोपी गोपाल पुत्र नरेश रैदास केवड़ा जिला कैथल हरियाणा को पांच माह की सजा व पांच सौ रुपये जुर्माना से दंडित किया।

# महिला के पेट से निकला 2 किलो बालों का गुच्छा, देखकर डॉक्टर भी हुए हैरान



पीड़ित महिला से बात करते डाक्टर।

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में जानकीकुंड अस्पताल में विचलित कर देने वाला मामला सामने आया है। महिला के पेट से 2 किलो बाल निकले। यह देखकर डॉक्टर भी हैरान हो गए। बताया जा रहा है कि दूसरी प्रेगनेंशी के बाद से ही महिला बाल खाने लगी थी। महिला के बाल खाने से पेट में बाल का गुच्छा जमा हो गया था। महिला की हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे जानकीकुंड अस्पताल में भर्ती कराया था। ऑपरेशन के बाद महिला के पेट से 2 किलो से ज्यादा का बाल का गुच्छा निकला है। यह मामला जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है। महिला महोबा जिले की रहने वाली है।

# शहर और गांव बिजली कटौती से बेहाल

**चित्रकूट।** मंगलवार की रात को शंकर बाजार, नई बाजार, शंकर गंज व गोकुलपुरी में पांच घंटे से अधिक समय से बिजली की आपूर्ति ठप रही। दिन में भी कई बार शहर में बिजली आती जाती रही। उपभोक्ताओं का कहना कि विभागीय लापरवाही के कारण 48 डिग्री तापमान झुलसा रहा हैं। शहर के भोला नामदेव ने बताया कि यदि किसी मोहल्ले में बिजली की आपूर्ति की जाती है तो तो वहां हर आधे घंटे में ट्रिपिंग के कारण कई बार आपूर्ति बाधित रही। पूरे दिन में बमुश्किल 10 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है। कूलर, पंखे और एसी शोपीस बनकर रह गए हैं। दिन तो किसी तरह से कट जाता है। रातें गुजारने में परेशानी होती है। ग्रामीण क्षेत्रों में हाल अधिक खराब है। दस से 12 घंटे बिजली की आपूर्ति बाधित रहती है।

# 13 जुलाई की लोक अदालत को प्री-ट्रायल की तिथियां निर्धारित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश पर 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत लगेगी।

बुधवार को जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चित्रकूट की अध्यक्षता में सभी न्यायिक अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में श्रीमती नीलू मेनवाल सचिव/ अपर जिला जज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि 13 जुलाई को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में शमनीय आपराधिक वाद धारा 138, मोटर एक्सीडेंट क्लेम वाद, विद्युत अधिनियम, पारिवारिक/ वैवाहिक वाद, सुखाधिकार वाद, स्थायी निषेधाज्ञा, सिविल वाद, मनी वसूली वाद, विनिर्दिष्ट अनुतोष वाद, मोटर वाहन ई-चालान/लघु आपराधिक वादों का निस्तारण होगा। वादों के निस्तारण को सभी न्यायिक अधिकारियों से अधिक से अधिक तादाद में वादों को चिन्हित कर राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण को तैयार करने को कहा है। श्रीकृष्ण यादव पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण ने बताया कि 13 जुलाई को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने को चार जून, 12 जून, 18 जून, 26 जून, 29 जून व तीन जुलाई को प्री-ट्रायल की तिथियां निर्धारित की गई हैं। राकेश कुमार यादव प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय ने बताया कि 13 जुलाई को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने को 13 जून, 19 जून, 24 जून, 28 जून व तीन जुलाई को प्री-ट्रायल की तिथियां नियत हैं। इन तिथियों में पक्षकार आकर मुकदमे को सुलह समझौते पर निस्तारित करा सकते हैं। बैठक में अनुराग कुरील प्रथम अपर जिला जज, राममणि पाठक विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट, नीरज श्रीवास्तव अपर जिला जज, सूर्यकान्त धर दूबे मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सचिन कुमार दीक्षित सिविल जज सीडि, श्रीमती इला चैधरी अतिरिक्त सिविल जज सीडि, सुश्री सोनम गुप्ता सिविल जज सीडि एफटीसी, राजेन्द्र कुमार भारती सिविल जज जूडि मऊ, श्रीमती सैफाली यादव सिविल जज जूडि, सुश्री अंजलिका प्रियदर्शिनी न्यायिक मजिस्ट्रेट, सुश्री खुशबू चन्द्रा न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय मानिकपुर मौजूद रहे।

# एक पटल पर जमे लिपिक खुद को समझते हैं डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** चित्रकूट जिले के आकांक्षी जिला होने के कोई मायने नहीं हैं। यहां लम्बे समय से एक ही पटल पर तमाम लिपिक कई-कई साल से काम कर रहे हैं। ये लिपिक इस कदर मनमानी पर उतारू हैं कि इन्हें किसी की परवाह नहीं है। आकांक्षी जिले में तीन वर्ष से ज्यादा लिपिक एक पटल पर न रहने के नियम हैं। यहां नियम-कानून सब मनमानी ढंग से चल रहे हैं।

बुधवार को इसी बात की बानगी देखने को मिली। बताया गया कि जिला अभिलेखागार राजस्व में रिकार्ड कीपर पद पर तैनात नरसिंह बाबू पर सपा प्रान्तीय कार्यकारिणी सदस्य अनुज सिंह यादव ने भ्रष्टाचार व अभद्र बर्ताव का आरोप लगाया। सपा पूर्व जिलाध्यक्ष/ राज्य कार्यकारिणी सदस्य अनुज सिंह यादव ने रिकार्ड कीपर नरसिंह बाबू की मंडलायुक्त से शिकायत की है। उन्होंने कहा कि जनता से मिली शिकायतों को मंडलायुक्त चित्रकूटधाम मंडल बांदा को पत्र भेजा है। पत्र में कहा कि रिकार्ड कीपर के पद से हटने के लिए नरसिंह बाबू लोगों से अभद्र बर्ताव करता है। उन्होंने आयुक्त से इस लिपिक को रिकार्ड कीपर पद से हटाने व दंडित करने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि आकांक्षी जिले में एक पटल पर तीन वर्ष से ज्यादा लिपिक नहीं रहने चाहिए। चित्रकूट में एक पटल पर पूरी जिन्दगी बिताने वाले लिपिक कार्यरत हैं। ये लिपिक इस कदर मनमानी करते हैं- जैसे वो खुद जिलाधिकारी हों। इस पर अंकुश तभी लग सकता है, जब लिपिकों के पटल से दो साल में तबादला किया जाये।

# मनचले ने नाबालिग से दुष्कर्म का किया प्रयास

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बकरी चराने गई नाबालिग बालिका से दुष्कर्म का प्रयास करने वाला मनचला बालिका के चिल्लाने पर मारपीट कर फरार हो गया।

मंगलवार को राजापुर थाने के देवहटा छीबों गांव में अपरान्ह तीन बजे पीड़िता बकरी चराने गई थी। सुनसान पाकर मनचले ने दुष्कर्म का प्रयास किया। बालिका के चिल्लाने पर बच सकी। पीड़िता के परिजन थाने रिपोर्ट लिखाने पहुंचे। पीडिता की रिपोर्ट अभी तक दर्ज नहीं हुई। बताते हैं कि मनचला पैसे व रसूख के चलते मामले को दबाने का प्रयास कर रहा है। दलित समाज की नाबालिग बालिका को डराया-धमकाया जा रहा है। हल्का इंचार्ज मामले को रफादफा करने को पीड़िता के परिजनों पर दबाव बना रहे हैं।

# विदेश संदेश

## राफा में विस्थापित नागरिकों पर इजरायली हमला, इन देशों ने की कड़ी निंदा, तुर्की ने इसे 'नरसंहार' कहा



**काहिरा:** मध्य पूर्व और यूरोपीय संघ के देशों ने गाजा पट्टी के उत्तर-पश्चिमी राफा में विस्थापित नागरिकों पर इजरायल के हवाई हमले की निंदा की है. हमले में कम से कम 45 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए. फिलिस्तीन की आधिकारिक समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएफए ने बताया कि इजरायली लड़ाकू विमानों ने रविवार शाम दक्षिणी गजान शहर में विस्थापित नागरिकों के लिए स्थापित शिविर को निशाना बनाया. समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, कतर के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान जारी कर इजरायली हमले की निंदा करते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय कानूनों का गंभीर उल्लंघन बताया. बयान में कहा गया कि हमले से फिलिस्तीनी क्षेत्र में मानवीय संकट गहराएगा.

बयान में कहा गया कि इजरायली हमले से युद्धविराम के लिए जारी वार्ता पर प्रभाव पड़ेगा. कतर ने इजरायल से राफा पर सैन्य हमलों को रोकने के लिए अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) के फैसले का पालन करने का आह्वान किया. अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से भी इजरायल के अत्याचारों को रोकने और नागरिकों की रक्षा के लिए तत्काल कार्रवाई का आग्रह किया गया. ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नासिर कनानी ने कहा कि इजरायल ने फिलिस्तीनी नागरिकों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों की हत्या की है. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में, प्रवक्ता ने कहा कि यह हमला 'युद्ध अपराधो' का एक प्रमुख उदाहरण है और आईसीजे के फैसले का स्पष्ट उल्लंघन है. आईसीजे ने इजरायल को राफा में हमला रोकने का आदेश दिया था.

तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने भी राफा में इजरायली हमले की निंदा करते हुए इसे 'नरसंहार' कहा. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर तुर्की नेता ने इजरायली सरकार पर अपने राजनीतिक लाभ के लिए रक्तपात का सहारा लेने का आरोप लगाया. डब्ल्यूएएफए के अनुसार, इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) ने कहा, "इजरायली हमला मानवता के खिलाफ एक अपराध है. अंतरराष्ट्रीय कानून के मुताबिक इसके लिए जवाबदेही तय करने की आवश्यकता है.'

ओआईसी ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से राफा हमले को तुरंत रोकने के लिए आईसीजे के आदेशों को लागू करने के लिए इजरायल को बाध्य करने का आग्रह दोहराया. यूरोपीय संघ (ईयू) के विदेश नीति प्रमुख जोसेप बोरेल ने भी हमले की निंदा की है. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए एक पोस्ट में इजरायली हमलों को तत्काल रोकने और इसमें शामिल सभी पक्षों से अंतरराष्ट्रीय न्यायालय और अंतरराष्ट्रीय कानून के आदेशों का पालन करने का आग्रह किया. उधर,एक सूत्र ने सोमवार को कहा कि हमले के जवाब में, हमास ने मध्यस्थों को सूचित कर दिया है कि वह गाजा में युद्धविराम या बंधकों को छोड़ने के लिए किसी भी बातचीत में भाग नहीं लेगा।

## चीन ने बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना की प्रशंसा की



**बीजिंग।** चीन ने मंगलवार को बांग्लादेश प्रधानमंत्री शेख हसीना की प्रशंसा की है। शेख हसीना की यह सराहना दूसरे देश के सैन्य हवाई अड्डे को मंजूरी देने से इनकार करने के फैसले के लिए की है। उनके इस निर्णय पर चीन ने कहा कि यह बांग्लादेशी लोगों की मजबूत राष्ट्रीय भावना और स्वतंत्रता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबत करता है।

हसीना (76) ने किसी देश का नाम लिए बिना रविवार को कहा था कि बांग्लादेश में एक दूसरे देश का सैन्य हवाई अड्डा बनाने की अनुमति देने पर उन्हें सात जनवरी के चुनाव में निर्बाध रूप से दोबारा निर्वाचित कराने में मदद करने की पेशकश की गई थी।

हसीना का दक्षिण एशिया में सामरिक रूप से अहम बांग्लादेश में 2009 से शासन है और उन्होंने जनवरी में पांचवे कार्यकाल के लिए जीत दर्ज की। इस चुनाव का पूर्व प्रधानमंत्री खालिद जिया नीत मुख्य विपक्षी दल बांग्लादेश नेशलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने बहिष्कार किया था। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ नींग ने हसीना के इनकार को लेकर पूछे गए सवाल पर कहा, चीन ने प्रधानमंत्री हसीना के बयान पर संज्ञान लिया है, जो बांग्लादेशी लोगों की स्वतंत्र रहने और बाहरी दबाव से न डरने की राष्ट्रीय भावना को दशार्ता है। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री ने पेशकश करने वाले देश के नाम उजागर नहीं किया है लेकिन कहा कि प्रस्ताव एक श्वेत व्यक्ति की ओर से आया था।

माओ नींग ने कहा कि कुछ देश अपने स्वार्थों के लिए दूसरे देशों के चुनावों, आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करते हैं, क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता को कमजोर करते हैं और अपनी आधिपत्यवादी, धमकाने वाली प्रकृति को पूरी तरह से उजागर करते हैं।

## नेपाल में पत्रकार को धमकाने के मामले में सोशल मीडिया पर चीनी राजदूत हुए ट्रोल

**काठमांडू।** नेपाल के पोखरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण में हुई अनियमितता के बारे में ट्वीट करने को लेकर चीन के राजदूत द्वारा सरेआम धमकी दिए जाने पर सोशल मीडिया पर उनको ट्रोल का सामना करना पड़ा है। इस एयरपोर्ट का निर्माण चीन की कंपनी ने किया है।

नेपाल के आर्थिक मामलों के वरिष्ठ पत्रकार गजेन्द्र बुढाथोकी ने बुधवार सुबह ट्विटर (एक्स) पर पोखरा एयरपोर्ट के निर्माण के लिए चीन द्वारा दिए गए कर्ज को लेकर टिप्पणी की है। उन्होंने लिखा कि चीन पोखरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण के लिए दो प्रतिशत के ब्याज दर पर कर्ज देने का ढिंढोरा पीट रहा है लेकिन असल में वो पांच प्रतिशत का ब्याज वसूल रहा है। बुढाथोकी के इस पोस्ट के बाद काठमांडू में पदस्थ चीन के राजदूत चेन सांग ने तत्काल टिप्पणी की। उन्होंने लिखा कि पत्रकार चीन के खिलाफ भ्रम फैला रहे हैं। यदि इस तरह की बात है तो उन्हें सबूत पेश करना चाहिए। चीनी राजदूत की इस टिप्पणी पर पत्रकार बुढाथोकी ने लिखा कि उनके पास इस बात का प्रमाण सुरक्षित है और समय आने पर इसको सार्वजनिक करेंगे।

चीनी राजदूत यहीं नहीं रुके, उन्होंने पत्रकार को धमकी भरे लहजे में लिखा कि इस तरह का भ्रम फैलाने वाले पत्रकार को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। चीनी राजदूत की इस धमकी पर पत्रकार ने पोखरा एयरपोर्ट को लेकर नेपाल और चीन के एग्जिम बैंक के साथ हुए समझौते के उस हिस्से को सार्वजनिक किया जिसमें कर्ज के ब्याज का उल्लेख था। पत्रकार ने यह भी लिखा कि चीनी राजदूत अपनी हद में रहें।

इस घटना के बाद चीनी राजदूत को सोशल मीडिया पर लोग जमकर ट्रोल कर रहे हैं। अधिकांश यूजर्स चीनी राजदूत के इस अमर्यादित व्यवहार को लेकर उनसे माफी मांगने की मांग कह रहे हैं। सिर्फ पत्रकार ही नहीं बल्कि कई राजनीतिक दलों और आम लोगों ने चीनी राजदूत को जमकर फटकार लगाई है। लोगों ने नेपाल के विदेश मंत्रालय से चीनी राजदूत को तलब कर उनको हद में रहने की चेतावनी दिए जाने की मांग की।

## राम-सीता विवाह मंडप को डेस्टिनेशन वेडिंग हब के रूप में विकसित करेगी नेपाल सरकार

**काठमांडू।** नेपाल के आम बजट में इस बार सरकार ने जनकपुरधाम को डेस्टिनेशन वेडिंग हब और लुम्बिनी को बर्थिंग हब बनाने की घोषणा की है। जनकपुरधाम और लुम्बिनी के अलावा नेपाल के आम बजट में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए रामायण सर्किट, बुद्ध सर्किट, शिव सर्किट के विकास की भी घोषणा की गई है।

नेपाल के वित्त मंत्री वर्षमान पुन ने संसद में देश का आम बजट पेश करते हुए भारत सहित दुनिया भर में रहने वाले हिन्दुओं के लिए भगवान राम और सीता के विवाह स्थल जनकपुरधाम के विवाह मंडप को डेस्टिनेशन वेडिंग हब के रूप में विकसित करने की घोषणा की है। बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री पुन ने कहा कि डेस्टिनेशन वेडिंग अब सिर्फ उच्च और सम्भ्रान्त परिवार ही नहीं, बल्कि उच्च मध्यम वर्ग में भी काफी लोकप्रिय हो रहा है। भारत के लोग डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए बैंकाक, मॉरीशस, मालदीव जाते हैं और लाखों रुपये खर्च करते हैं, जबकि नेपाल का काठमांडू, पोखरा और जनकपुर इन देशों से कहीं सस्ता है। उन्होंने कहा कि राम-सीता का विवाह मंडप या जनकपुरधाम में ही शादी करना किसी भी हिन्दू धर्मावलंबियों के लिए आकर्षित कर सकता है।

सरकार ने बर्थिंग हब के रूप में भगवान बुद्ध की जन्मस्थली लुम्बिनी को विकसित करने की घोषणा की है। वित्त मंत्री पुन ने कहा कि भगवान बुद्ध के अनुयायी सिर्फ नेपाल और भारत में ही नहीं, बल्कि दुनिया के कई अन्य देशों में भी भारी संख्या में मौजूद हैं। ऐसे में लुम्बिनी में सरकार के निवेश से अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस अंतरराष्ट्रीय स्तर का बर्थिंग सेंटर बनाने की योजना है। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध के अनुयायी के लिए लुम्बिनी में बुद्ध की जन्मस्थली पर अपने बच्चों को जन्म देना एक सपने जैसा होगा और इसके लिए नेपाल सरकार विशेष व्यवस्था करेगी।


**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।


## पाकिस्तान के बलूचिस्तान में बस खाई में गिरी, महिलाओं और बच्चों समेत 28 की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में बलूचिस्तान के वाशुक जिले में आज सुबह एक यात्री बस के खाई में गिर जाने से महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 28 लोगों की मौत हो गई। बचाव और लेवी अधिकारियों के अनुसार, दुर्घटना में लगभग 22 लोग घायल हो गए।

## नवाज ने 25 साल बाद माना– पाकिस्तान ने 1999 शांति समझौते का किया था उल्लंघन



**इस्लामाबाद:** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने मंगलवार को स्वीकार किया कि इस्लामाबाद ने 1999 में भारत के साथ हुए समझौते का 'उल्लंघन' किया. शरीफ ने यह खुलासा पीएमएल-एन जनरल काउंसिल की एक बैठक के दौरान किया. उन्होंने देश के सुप्रीम कोर्ट द्वारा अयोग्य ठहराए जाने के छह साल बाद सत्तारूढ़ पार्टी का अध्यक्ष पद संभाला था.

पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने कहा, '28 मई 1998 को पाकिस्तान ने पांच परमाणु परीक्षण किये. उसके बाद वाजपेई साहब यहां आये और हमारे साथ समझौता किया लेकिन हमने उस समझौते का उल्लंघन किया. यह हमारी गलती थी. शरीफ द्वारा बताया गया समझौता 'लाहौर घोषणा' था, जिस पर उन्होंने और तत्कालीन भारतीय प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने भारत और पाकिस्तान के बीच शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने के लक्ष्य के साथ 21 फरवरी, 1999 को हस्ताक्षर किए थे. हालाँकि, हस्ताक्षर के तुरंत बाद पाकिस्तानी सैनिकों ने जम्मू-कश्मीर के कारगिल जिले में घुसपैठ की. इसके चलते कारगिल युद्ध हुआ. पीएमएल-एन जनरल काउंसिल की बैठक के दौरान शरीफ ने कहा कि उन्होंने अमेरिका के दबाव का सामना करने के बावजूद परमाणु परीक्षण किया और पूर्व प्रधान मंत्री इमरान खान की आलोचना की. अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने पाकिस्तान को परमाणु परीक्षण करने से रोकने के लिए 5 अरब अमेरिकी डॉलर की पेशकश की थी लेकिन मैंने इनकार कर दिया. अगर (पूर्व प्रधानमंत्री) इमरान खान जैसे व्यक्ति मेरी सीट पर होते तो वह क्लिंटन की पेशकश स्वीकार कर ली होती. शरीफ ने यह बात ऐसे दिन कही जब पाकिस्तान अपने पहले परमाणु परीक्षण की 26वीं वर्षगांठ मनाई थी. शरीफ ने दावा किया कि इमरान खान को सत्ता में लाने के लिए 2017 में उनकी सरकार को गिराने में पूर्व आईएसआई प्रमुख जनरल जहीरुल इस्लाम का हाथ था.

नवाज शरीफ ने कहा,'मैं इमरान से कहता हूं कि वे हमें (सेना द्वारा संरक्षण दिए जाने का) दोष न दें और बताएं कि क्या जनरल इस्लाम ने पीटीआई को सत्ता में लाने की बात की थी? शरीफ ने यह भी आरोप लगाया कि पाकिस्तान के पूर्व मुख्य न्यायाधीश साकिब निसार ने उन्हें झूठे मामले में 2017 में प्रधान मंत्री कार्यालय से हटा दिया था.

## यूरोप से यूक्रेन को और सैन्य सहायता मिलने पर पुतिन ने परिणाम भुगतने की दी चेतावनी



**ब्रुसेल्स।** यूरोप द्वारा यूक्रेन को और सैन्य सहायता मिलने के आश्वासन पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी। यह चेतावनी यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की की यूरोप के तीन देशों की यात्रा के दौरान मंगलवार को एक अरब अमेरिकी डॉलर की सैन्य सहायता का आश्वासन मिलने के बाद आई है।

पुतिन ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर पश्चिमी देशों से प्राप्त हथियारों से उनके देश पर हमला किया गया तो युद्ध एक नया खतरनाक मोड़ ले लेगा।

बेल्जियम ने वर्ष 2024 के लिए यूक्रेन को सहायता का वादा किया जिसने अगले चार वर्षों में यूक्रेन को 30 एफ-16 लड़ाकू विमान देने की प्रतिबद्धता जतायी। जेलेंस्की ने कहा, हम इसी साल युद्ध के मैदान में एफ-16 लड़ाकू विमान का उपयोग करेंगे और इस तरह से (युद्ध में) अपनी स्थिति मजबूत करेंगे।

उज्बेकिस्तान की यात्रा के दौरान पुतिन ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा कि अगर यूक्रेन ने पश्चिमी देशों द्वारा उपलब्ध कराई गई लंबी दूरी की मिसाइलों का उपयोग रूसी क्षेत्र पर हमला करने के लिए किया तो युद्ध और भड़क सकता है। उन्होंने नाटो (उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन) को चेतावनी दी कि ऐसी सूरत में उसे संभावित परिणामों को लेकर सजग रहना चाहिए।

## श्रीलंका में आठ भारतीयों को पर्यटक वीजा के दुरुपयोग में हिरासत में लिया गया

**कोलंबो।** श्रीलंका में एक महिला समेत आठ भारतीयों को पर्यटक वीजा दुरुपयोग में हिरासत में लिया गया है। श्रीलंका के आव्रजन अधिकारियों ने सूचना प्रौद्योगिकी व्यवसाय संचालित करने में पर्यटक वीजा का दुरुपयोग करने के आरोप में आठ भारतीय नागरिकों को हिरासत में लिया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

इन भारतीय नागरिकों को हाल ही में आव्रजन एवं उत्प्रवासन विभाग के अधिकारियों द्वारा यहां सिनामन गार्डन के पॉश आवासीय क्षेत्र में एक घर पर छापेमारी के दौरान पकड़ा गया था जहां वे सूचना प्रौद्योगिकी व्यवसाय संचालित करते पाए गए थे।

अधिकारियों के अनुसार हिरासत में लिए गए सभी व्यक्तियों के पास पर्यटक वीजा था। एक व्यक्ति अपने वीजा अवधि से अधिक समय तक रुका हुआ था। पर्यटक वीजा के तहत रोजगार की मनाही है। उन्होंने कहा कि आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद हिरासत में लिए गए एक महिला समेत आठ लोगों को स्वदेश भेज दिया जाएगा।

## नेपाली क्रिकेटर को वीजा नहीं दिए जाने पर अमेरिका के खिलाफ प्रदर्शन

**काठमांडू।** नेपाली क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान संदीप लामिछाने को अमेरिका द्वारा वीजा नहीं दिए जाने के खिलाफ लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया है। अमेरिका में होने वाले विश्वकप क्रिकेट के लिए नेपाली क्रिकेटर संदीप लामिछाने को वीजा देने से इनकार करने के बाद लोगों का गुस्सा अब सड़कों पर दिख रहा है। लामिछाने के सैकड़ों प्रशंसकों ने आज काठमांडू की सड़कों पर अमेरिका के खिलाफ नारेबाजी की। काठमांडू के मइतीघर मण्डला में अमेरिका द्वारा वीजा देने से इनकार किए जाने के बाद लोगों ने प्लेकार्ड लेकर अमेरिका विरोधी नारे लगाए। इन लोगों ने अमेरिका से क्रिकेटर संदीप लामिछाने को तत्काल वीजा देने की मांग की है। विरोध प्रदर्शन करने वाले लोगों ने नेपाल सरकार से इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग भी की है। सरकार की तरफ से अमेरिका के साथ इस मामले में कुछ नहीं करने को लेकर भी नाराजगी जाहिर की है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जब नेपाल की अदालत ने संदीप लामिछाने को निर्दोष करार दे दिया तो फिर अमेरिका को उसका सम्मान करना चाहिए। बलात्कार के आरोप में जिला अदालत से सजा पाने वाले संदीप लामिछाने को उच्च अदालत ने निर्दोष करार देते हुए उन्हें सभी आरोपों से बरी कर दिया और जिला अदालत की तरफ से दी गई सजा और जुमार्ने को रद्द कर दिया था। उच्च अदालत के इस फैसले के तत्काल बाद ही क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ नेपाल ने संदीप लामिछाने पर लगे प्रतिबंध को हटाते हुए विश्वकप क्रिकेट में खेलने के लिए आईसीसी से अनुमति भी मिल गई लेकिन अंतिम समय में अमेरिकी दूतावास ने लामिछाने को वीजा देने से इनकार कर दिया।

## कोलकाता के न्यू टाउन फ्लैट के सेप्टिक टैंक में मिला मांस का टुकड़ा, बांग्लादेश के सांसद का होने का संदेह

**कोलकाता/ढाका।** बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम की मौत की जांच के सिलसिले में न्यू टाउन के उस फ्लैट के सेप्टिक टैंक की तलाशी ली गई जहां से खून के धब्बे मिले थे। सेप्टिक टैंक से मांस के टुकड़े मिले हैं। जांच अधिकारियों को संदेह है कि ये टुकड़े सांसद के शरीर के हो सकते हैं। बांग्लादेश खुफिया विभाग की एक टीम कोलकाता में है और पश्चिम बंगाल सीआईडी के साथ मिलकर जांच कर रही है। मामले की पुष्टि के लिए मांस के टुकड़े और बालों के नमूने फॉरेंसिक जांच के लिए भेजे जा रहे हैं। बांग्लादेश के खुफिया प्रमुख हारुन रशीद ने सीआईडी से सेप्टिक टैंक की तलाशी लेने का अनुरोध किया था। इसके बाद मंगलवार देर शाम तक तलाशी ली गई। बुधवार को सीआईडी सूत्रों ने बताया है कि वहां से मांस के टुकड़े बरामद हुए हैं। हारून ने बताया कि सांसद की हत्या के आरोप में बांग्लादेश में पकड़े गए तीन लोगों और पश्चिम बंगाल में पकड़े गए जुबेर से पूछताछ में सेप्टिक टैंक के बारे में पता चला था। मंगलवार को न्यू टाउन के फ्लैटों में नाली के पाइप और सेप्टिक टैंक की तलाशी के बाद मांस के टुकड़े और बाल पाए गए। यह मांस का टुकड़ा झेनाइदह सांसद अनवारुल का है या नहीं, इसकी अभी जांच की जा रही है। सीआईडी ने हत्या के "किंगपिन" और मृतक के बचपन के दोस्त अख्तरुज्जमां समेत चार लोगों के खिलाफ "लुकआउट नोटिस" जारी किया है। हारुन ने कहा कि अगर सांसद के शरीर के अंग नहीं मिले तो जांच नहीं रुकेगी। उन्होंने सीआइडी से कुछ नई जगहों की तलाश करने का भी अनुरोध किया है।

## इस्लामाबाद में बहरिया टाउन मुख्यालय पर राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो का छापा



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने आज सुबह अल-कादिर विश्वविद्यालय के भूमि दस्तावेज प्राप्त करने के लिए राजधानी इस्लामाबाद में बहरिया टाउन मुख्यालय पर छापा मारा है। एनएबी की टीम ने बहरिया कस्बे के प्रधान कार्यालय में अभिलेखों को जब्त कर लिया है। पाकिस्तान के समाचार चैनल एआरवाई न्यूज ने इस संबंध में रिपोर्ट प्रसारित की है। रिपोर्ट में घटनाक्रम से जुड़े सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि एनएबी टीम अभी भी बहरिया टाउन के कॉर्पोरेट कार्यालय में मौजूद है। ब्यूरो के अधिकारी बहरिया टाउन मुख्यालय के विभिन्न हिस्सों की तलाशी ले रहे हैं। एनएबी की टीम बहरिया कस्बे के मालिक मलिक रियाज और अन्य उच्च अधिकारियों के कार्यालयों की तलाशी ले रही है।